


11:02:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 041 epaper.rashtriyakhabar.com फाल्गुन, कृष्णपक्ष पंचमी, विक्रम संवत 2079

## चाणक्य नीति

कवयः किं न पश्यन्ति किं न कुर्वन्ति योषितः।
मद्यपाः किं न जल्पन्ति किं न भक्षन्ति वायसाः॥

भावार्थ : कवि अपनी कल्पना से क्या नहीं देख सकते? अर्थात् सभी कुछ देख सकते हैं और स्त्रियां क्या नहीं कर सकतीं? वे सभी प्रकार की मनमानी कर सकती हैं। नशे में चूर व्यक्ति क्या नहीं बोल सकता? अर्थात् कुछ भी बोल सकता है और कौआ क्या नहीं खाता?



रांची **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 32.00 °c | 14.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 17.41 बजे
सूर्योदय (कल) » 06.24 बजे

## इसरो ने किया एसएसएलवी-डी2 का सफल प्रक्षेपण

**श्रीहरिकोटा:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने देश के लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी-डी2) की दूसरी विकासात्मक उड़ान के जरिये शुक्रवार को पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ईओएस-7) और दो अन्य उपग्रहों का यहां शार रेंज से प्रक्षेपण किया और उन सभी को निर्धारित समय पर वांछित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया। इससे पहले तड़के 02:48 बजे शुरू हुई साढ़े छह घंटे की उलटी गिनती के बाद सुबह 09:18 बजे साफ मौसम के बीच एसएसएलवी-डी2 ने पहले लॉन्च पैड से शानदार उड़ान भरी। उड़ान के 15 मिनट पूरे होने यह अपनी कक्षा में स्थापित हो गया।

## अखिलेश ने लगायी विश्वनाथ धाम में हाजिरी

**वाराणसी:** पूर्वी उत्तर प्रदेश के दौरे पर निकले समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को यहां काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया। बलिया और गाजीपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करने के बाद श्री यादव ने अपने पूर्वांचल दौरे के दूसरे दिन यहां बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगायी। बाद में श्री यादव ने बनारस की मशहूर पप्पू की कुल्हड़ चाय का स्वाद लिया और एक मिष्ठान भंडार में भी गये। काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होने कहा मैंने प्रार्थना की है कि आम लोगों का जीवन बेहतर हो। चाहता हूँ कि धार्मिक स्थल का मूल स्वरूप बना रहे। इन्फ्रास्ट्रक्चर के अच्छे काम होते रहने चाहिए। यहां जिस कॉरिडोर बनने की चर्चा है उसका प्रस्ताव समाजवादी सरकार की कैबिनेट मीटिंग में आया था। इसके लिए मकान अधिग्रहण का काम भी शुरू हुआ था। भाजपा ने स्थल की सुंदरता, हेरिटेज और इतिहास सबको बर्बाद कर दिया। विश्वनाथ धाम परिसर में एक बड़ा पुराना वृक्ष था, उसे क्यों गिरा दिया।

## सुप्रीम कोर्ट में बीबीसी पर प्रतिबंध की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2002 के गुजरात दंगों पर बनी विवादित डॉक्यूमेंट्री इंडिया: द मोदी क्वेश्चन दिखाने के कारण ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) पर भारत में प्रतिबंध लगाने की मांग वाली जनहित याचिकाएं शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश की पीठ ने याचिकाकर्ता हिंदू सेना के नेता विष्णु गुप्ता और अन्य की ओर से पेश अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद याचिकाओं को खारिज कर दी। पीठ ने प्रतिबंध की मांग वाली याचिकाओं को सुनवाई के लिए अयोग्य बताते हुए कहा कि वह डॉक्यूमेंट्री बनाने वाली बीबीसी पर सेंसरशिप नहीं लगा सकती।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है। संपादक

भूकंप के केंद्र वाले इलाके में लोगों का दिल जीत रही एनडीआरएफ

# भारतीय बचाव दल ने एक छह साल की बच्ची को निकाला

- चलंत सैन्य अस्पताल में सारे बेड फूल
- काम करने का तरीका देख लोग हैरान
- महिला डाक्टर को महिला ने गले लगाया

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** भारत से तुर्की और सीरिया के क्षेत्र में बचाव और राहत केलिए गये दल ने गाजियांटेप के नुरदागी इलाके से एक छह साल की बच्ची को बचाकर निकाल लिया है। वीडियो में वह बच्ची कंबल में लिपटी हुई थी। उसकी गर्दन को एक सपोर्ट डिवाइस के साथ मजबूती से सुरक्षित किया गया था क्योंकि डॉक्टर ने उसकी स्थिति की जाँच की थी। पीले हेलमेट पहने भारतीय बचाव दल के लोगों ने उसे धीरे से स्ट्रेचर पर लिटा दिया। तुर्की में तैनात राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, या एनडीआरएफ की एक टीम द्वारा एक



ढही हुई इमारत के मलबे से छह साल की बच्ची को इस तरह से सुरक्षित

बाहर निकाला गया, जहां देश के बड़े हिस्से में भूकंप ने तबाही मचाई है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने ट्वीट किया, इस प्राकृतिक आपदा में तुर्की के साथ खड़े हैं। भारत का एनडीआरएफ ग्राउंड जीरो पर बचाव और राहत अभियान चला रहा है। टीम आईएनडी-11 ने आज गाजियांटेप के नूरदागी से 6 साल की बच्ची को सफलतापूर्वक निकाल लिया। एनडीआरआफ मूल रूप से गृह मंत्रालय के अधीन का ही विभाग है, जिसके मंत्री अमित शाह हैं। एनडीआरएफ को ऐसे कठिन चुनौतियों का सामना करने का पर्याप्त अनुभव प्राप्त है और उन्हें नियमित प्रशिक्षण के माध्यम से हर वक्त ऐसे काम के लिए तैयार भी रखा जाता है। एनडीआरएफ के महानिदेशक अतुल करवाल ने कहा कि कल एनडीआरएफ के 51 कर्मियों का एक दल वहां पहले से तैनात दो टीमों में शामिल होने के लिए तुर्की के लिए रवाना हुआ गै। श्री करवाल ने बताया कि मंगलवार को तुर्की भेजी गई दो टीमों में विभाजित 101 कर्मियों को गाजियांटेप प्रांत के नूरदगी और भूकंप से सबसे ज्यादा प्रभावित दो क्षेत्रों उरफा में तैनात किया गया है। एनडीआरएफ की टीमें लगभग दो सप्ताह तक खुद को बनाए रख सकती हैं क्योंकि उनके पास राशन, टेंट और अन्य रसद हैं। करवाल ने कहा, हमने अपने बचावकर्मियों को तुर्की की अत्यधिक ठंडी जलवायु में काम करने के

» पेज 2 भी देखें

**आक्रोश** › सदन के वक्तव्यों को हटाने के फैसला का विरोध जारी

# राज्य सभा में कांग्रेस ने किया वाकआउट

- खडगे ने सबसे पहले आपत्ति जतायी थी
- नियम 267 के पांचों नोटिस अस्वीकार
- जेपीसी के गठन की मांग पर भी नाराबाजी

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** राज्य सभा में विपक्षी सदस्यों के वक्तव्य से कुछ शब्द हटाने के मुद्दे पर कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने शुक्रवार को जमकर हंगामा करते हुए प्रश्नकाल के दौरान सदन से बहिर्गमन किया। सदन में प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे ने फिर उन्हीं शब्दों को दोहराया जिन्हें वक्तव्य से निकाला गया है। उन्होंने कहा कि उनके बयान में ये शब्द बहाल किए जाने चाहिए। इस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने शोर-शराबा करना



शुरू कर दिया और सभापति ने श्री खड़गे के बयान से सहमति नहीं जताई। इसके बाद कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने सदन से वाक आउट कर दिया। राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव में चर्चा के दौरान श्री खड़गे के वक्तव्य से सभापति ने कुछ शब्दों को हटा दिया है। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस के सदस्य सुबह से ही हंगामा कर रहे थे। इससे पूर्व सभापति ने कांग्रेस के हंगामा कर रहे सदस्यों के नाम लिए और उन्हें वापस अपनी-अपनी सीटों पर जाने को कहा। इन सदस्यों में कांग्रेस के रणदीप सुरजेवाला, नासिर हुसैन, रंजीत रंजन, प्रतीक भट्टाचार्य तथा अन्य सदस्य शामिल थे। आम आदमी पार्टी तथा विपक्षी दलों के सदस्यों ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट के मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की मांग करते हुए नारे लगाए। इससे पहले सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सत्ता और विपक्ष एक-दूसरे के खिलाफ हंगामा करने के कारण सदन की कार्यवाही करीब 40 मिनट तक नहीं हो सकी। सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने नियम 267 के तहत दिये गये पांच नोटिसों को अस्वीकार करने के घोषणा की, जिसके बाद विपक्षी दलों के सदस्यों ने अपनी सीट से ही शोरगुल करना शुरू कर दिया। इसी दौरान कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के भाषण के जिस हिस्से को

» पेज 2 भी देखें

मुजफ्फरनगर के किसान महापंचायत में जुटे हजारो किसान

## किसानों का शोषण कर रही है सरकार: टिकैत



**राष्ट्रीय खबर**

**मुजफ्फरनगर:** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) नेता राकेश टिकैत ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि कंपनियो की सरकार गरीब किसानो का शोषण कर रही है। जीआईसी मैदान में भाकियू की महापंचायत को सम्बोधित करते हुए श्री टिकैत ने कहा कि गरीबों का शोषण किया जा रहा है। यह कंपनियों की सरकार है। किसान संगठन किसी एक पार्टी के खिलाफ नहीं है। जहां सरकार किसान के खिलाफ फैसले करेगी, हम वहीं जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों की जमीन को गलत तरीके से अधिग्रहण किया जाता है। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि 20 साल तक की लड़ाई के लिए किसान तैयार रहें। 26 जनवरी 2024 को पूरे देश में ट्रैक्टर परेड होगी। ट्रैक्टर किसान का फाइटर विमान है। टिकैत ने कहा कि व्यापारियों को अपनी दुकान का दोबारा नक्शा पास कराना चाहिए तथा तीन फुट जगह अपनी दुकान से आगे छोडनी चाहिए। किसान की जमीन को लेकर भी 2013 में एक कानून बनाया गया था जिसमें बाद में संशोधन भी किया गया। चैअक्सर किसान की जमीन सस्ते दामों पर खरीद ली

» पेज 2 भी देखें

भीषण मुठभेड़ में उल्फा नेता उदय आसम उर्फ उत्तम लहान की मौत

## तिनसुकिया के लिडू जंगल में सेना के साथ सीधी मुठभेड़

- उग्रवादी संगठन ने कहा पकड़कर मारा गया है
- सेना को इस बारे में गुप्त सूचना मिली थी
- संगठन का आईडी विशेषज्ञ था यह उग्रवादी

**सब्यसाची शर्मा**

**गुवाहाटी:** तिनसुकिया जिले के लिडू जंगल के टिक्का हिल में मुठभेड़ में अल्फा नेता उदय आसम उर्फ उत्तम लहान की मौत की खबर की पुष्टि हुई है। इस मामले में अल्फा ने कैंपेन के जरिए ईमेल भेजकर उग्रवादी नेता उदय आसम उर्फ उत्तम लहान की मौत पर दुख जताया था. एक शोक संदेश में, यूनाइटेड मुक्ति बाहिनी असम (स्वतंत्र) के दूसरे लेफ्टिनेंट ने आरोप लगाया कि नेता की गोली मारकर हत्या



कर दी गई। सरकारी तौर पर बताया गया है कि सेना को सूचना मिली थी कि अल्फा नेता उदय असम उर्फ उत्तम लहान के नेतृत्व में पांच सदस्यीय समूह तिनसुकिया जिले के लिडू जंगल की टिक्का पहाड़ी में डेरा डाले हुए है। इसके आधार पर, भारतीय सेना और असम पुलिस की एक संयुक्त टीम लिडू जंगल में टिक्का पहाड़ी पर पहुंची और आईईडी विशेषज्ञ और अल्फा नेता के रूप में जाने जाने वाले उदय आसम उर्फ उत्तम

» पेज 2 भी देखें

बाल विवाह के मामलों में पुलिस की कार्रवाई जारी, अब तक 2,763 लोग गिरफ्तार

## सरकार ने पीड़ितों के पुनर्वास के लिए मंत्रिमंडलीय उप समिति गठित की

- राज्य में दस नये जिला अस्पतालों का निर्माण होगा
- पुलिस ने बाल विवाह में 2750 लोगों को पकड़ा
- एक नाबालिग गर्भवती की अस्पताल में मौत हुई

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी:** असम पुलिस ने कहा कि उसने नाबालिग लड़कियों से शादी करने के आरोप में 235 और लोगों को पकड़ा है जिसके साथ ही अब तक गिरफ्तार हो चुके लोगों की संख्या 2,750 से अधिक हो गई है। असम पुलिस ने एक बयान में कहा कि अभी तक राज्य में



दर्ज 4,135 प्राथमिकियों में कुल 2,763 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।प्रदेश के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने ट्वीट किया कि बाल विवाह के खिलाफ हमारी कार्रवाई जारी है, इस सामाजिक कुरीति के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। हम इस सामाजिक अपराध के खिलाफ हमारी लड़ाई में असम के लोगों का समर्थन मांगते हैं।

इस बीच पुलिस ने कहा कि एक गर्भवती महिला की रविवार को बोन्गाईगांव में प्रसव के दौरान एक अस्पताल में मौत हो गई। इस महिला की पिछले साल शादी हुई थी और उस वक्त वह नाबालिग थी। इस मामले में उसके पति तथा ससुर को गिरफ्तार किया गया है।राज्य में बाल विवाह पर कार्रवाई के बीच, असम सरकार ने बाल विवाह के लिए 15 दिनों के भीतर पुनर्वास नीति को अंतिम रूप देने के लिए एक कैबिनेट उप-समिति का गठन किया है। यह निर्णय 9 फरवरी को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक के दौरान लिया गया था। आज असम मंत्रिमंडल ने बाल विवाह के खिलाफ अभियान के लिए असम पुलिस की सराहना की और आगे इसे शिकंजा जारी रखने का

» पेज 2 भी देखें

## मोदी ने दो वंदे भारत ट्रेन का किया शुभारंभ



**मुंबई:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई को साई बाबा की नगरी शिरडी और भगवान पांडुरंग वि?ल की पुरी पंढरपुर और आई तुलजा भवानी के लिए सोलापुर तक चलने वाली दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को आज एक साथ हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ किया। मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनस रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म 18 एवं 17 पर आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में श्री मोदी ने दोनों ट्रेनों को हरी झंडी दिखायी। इस मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, रेल, संचार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलैक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री नारायण राणे एवं रामदास आठवले, राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस, स्थानीय सांसद, विधायक एवं अन्य राजनेता तथा केन्द्र एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**आपदा** › आखिर क्यों तुर्की और सीरिया में भूकंप से इतनी तबाही हुई जान लीजिए

# फॉल्ट लाइन के सौ किलोमीटर का इलाका टूटा था

- दो प्लेटों की टक्कर से ऊपर दबाव अधिक आया
- लोग सो रहे थे और इमारते टूटकर गिरती गयी
- अरेबियन प्लेट और अनातोलियन प्लेट की टक्कर

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** तुर्की और सीरिया के भूकंप में मरने वालों का आंकड़ा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। सोमवार की सुबह आये इस भीषण भूकंप ने हजारों बड़े छोटे मकान जमींदोज हो गये हैं। इसमें मरने वालों की आधिकारिक संख्या उन्नीस हजार से अधिक है। यह भूकंप गजियांटेप शहर के पास आया




था, उसके बाद कई झटके भी आते रहे। इन झटकों में एक और भूकंप भी शामिल है, जो लगभग पहले जितना बड़ा था। इस वजह से इस भूकंप से हुई तबाही की वैज्ञानिक जांच की गयी है। इस भूकंप को रिचेटर स्केल पर 7.8 अंक पर दर्ज किया गया है। इसके बाद भी इससे भूकंप की मात्रा के अनुपात में अधिक तबाही हुई है। इस वजह से शोध दल ने पाया है कि इस नुकसान का प्रमुख कारण जमीन की गहराई में मौजूद था। वहां पर एक फाल्ट लाइन थी। यह फॉल्ट लाइन के लगभग 100 किमी (62 मील) के साथ टूट गया, जिससे फॉल्ट के पास की इमारतों को गंभीर नुकसान पहुंचा।

» पेज 2 भी देखें

### 13 अगस्त 1822 को इसने 7.4 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया

13 अगस्त 1822 को इसने 7.4 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया, जो सोमवार को दर्ज 7.8 तीव्रता से काफी कम था। फिर भी, 19वीं सदी के भूकंप के कारण क्षेत्र के कस्बों को भारी नुकसान हुआ, अकेले अलेप्पो शहर में 7,000 मौतें दर्ज की गईं। नुकसानदायक आफ्टरशॉक्स लगभग एक साल तक जारी रहे। वर्तमान भूकंप के बाद पहले ही कई आफ्टरशॉक्स आ चुके हैं और वैज्ञानिक उम्मीद कर रहे हैं कि यह इस क्षेत्र में पिछले बड़े झटके के समान ही प्रवृत्ति का पालन करेगा। ऐसे भूकंपों को मोमेंट मैग्नीट्यूड स्केल नामक पैमाने पर मापा जाता है। इसने बेहतर ज्ञात रिक्टर स्केल को बदल दिया है, जिसे अब पुराना और कम सटीक माना जाता है। इस भूकंप के लिए जिम्मेदार फॉल्ट लाइन है जिसके आस पास यह विनाशकारी तबाही आयी है।

# ऑस्ट्रेलिया ने एक कोयला खदान का प्रस्ताव अस्वीकार किया

**राष्ट्रीय खबर**

**ब्रिसबेन:** ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने बुधवार को ग्रेट बैरियर रीफ के पास एक नई ओपन कास्ट कोयला खदान के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। इस खदान के बारे में पर्यावरणीय कानूनों और अपरिवर्तनीय क्षति के जोखिम को शामिल किया गया था। ऑस्ट्रेलियाई व्यवसायी क्लाइव पामर द्वारा प्रस्तावित खनन परियोजना, ब्रिस्बेन के उत्तर-पश्चिम में लगभग 700 किलोमीटर (435 मील) क्वींसलैंड तट पर चट्टान से 10 किलोमीटर (6.2 मील) से भी कम दूरी पर स्थित होगी। पर्यावरण और जल मंत्री तान्या प्लिबरसेक ने पिछले साल



संकेत दिया था कि वह खदान को अस्वीकार करने का इरादा रखती है और बुधवार को अपने फैसले को औपचारिक रूप दिया। उसने कहा कि यह पहली बार था जब एक संघीय पर्यावरण मंत्री ने एक खदान को अस्वीकार करने के लिए पर्यावरण कानूनों के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल किया था। परियोजना को ठुकराते हुए, प्लिबरसेक ने चट्टान के लिए महत्वपूर्ण संभावित पर्यावरणीय खतरों का हवाला दिया, जो पहले से ही जलवायु परिवर्तन से भारी खतरा है। प्रवाल के क्षेत्र को इस कोयला खदान से प्रदूषण और अपरिवर्तनीय क्षति का जोखिम बहुत अधिक था। इस परियोजना का क्षेत्र में मीठे पानी और संभावित रूप से नाजुक समुद्री घास के मैदानों पर अत्यधिक बुरा असर होता, ऐसा माना गया है। मंत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में इन बातों पर अपनी राय जाहिर की। उन्होंने कहा कि

» पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### एचसी ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब

रांची: देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री को चुनाव कार्य से हटाये जाने के चुनाव आयोग के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सिंह की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान डीसी की ओर से गौरव राज ने कोर्ट में पक्ष रखा। उन्होंने अदालत को बताया कि चुनाव आयोग को इस तरह का आदेश पारित करने का अधिकार नहीं हैं। इस पर कोर्ट ने आयोग से चार सप्ताह में जवाब देने को कहा।
ज्ञात हो की इस मामले मे राज्य सरका और बीजेपी के बीच काफी विवाद हुआ था।

**अभियान** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद

# हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत साहिबगंज से करेंगे खड़गे

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का शुभारंभ किया जा रहा। इस कार्यक्रम की शुरूआत झारखंड के साहिबगंज से होगी। जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष 11 फरवरी को साहिबगंज के गुबानी मैदान में विशाल जनसभा के बीच अभियान की शुरूआत करेंगे।इसके लिए प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे, अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, मंत्री बादल से लेकर तमाम नेता और कार्यकर्ता पिछले कई दिनों से जुटे हुए हैं। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण है।

भारत जोड़ो अभियान में राजनीति से ऊपर हटकर विचारधाराओं के आधार पर राहुल गांधी ने मुद्दे उठाए थे, और चुनाव से उनका कुछ लेना-देना नहीं था,लेकिन हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में मोदी सरकार की नीतियों पर हमारा निशाना रहेगा।पदयात्रा का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा किया जाएगा। इसका नेतृत्व करने के लिए प्रत्येक ब्लॉक में एक या दो वरिष्ठ नेताओं को नियुक्त किया जायेगा। इस अभियान के तहत भारत के 6 लाख गांवों, 2.50 लाख ग्राम पंचायतों और 10 लाख मतदान बूथों तक पहुंचकर राहुल गांधी का संदेश और मोदी सरकार की नाकामियों की बात हर घर तक पहुंचाने का लक्ष्य है।बीते 8 वर्षों में भारत के नागरिकों के मनोबल को तोड़ा गया है। उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित किया गया है, भारत की अक्षुण्णता और भूभागीय अखंडता को भी तोड़ा जा रहा है।बेरोजगारी ऐसी है कि लोग आत्महत्या के लिए मजबूर हो रहे हैं। मोदी सरकार में उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।देश की इसी दिशा और दशा को बदलने के लिए हम हाथ बढ़ाएंगे, राहुल गांधी का संदेश हर घर तक पहुंचाएंगे। भारत को जोड़ा है, अब हाथ से हाथ को जोड़ते जाएंगे।

## पेज एक का शेष

### भारतीय बचाव दल .. ..

लिए विशेष सर्दियों के कपड़े मुहैया कराए हैं। यह कपड़े भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और कुछ अन्य लोगों से उधार लिए गए हैं। तुर्की में प्रभावित क्षेत्रों में, बचावकर्मी कड़कड़ाती ठंड के बीच जीवित बचे लोगों की तलाश में लगे रहे, जिससे हजारों चपटी इमारतों की चार दिवसीय खोज में बाधा उत्पन्न हुई।

### राज्य सभा में कांग्रेस .. ..

कार्यवाही से हटाया गया है, वह नियम के विरुद्ध है। इसलिए उस हिस्से को कार्यवाही में शामिल किया जाना चाहिए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विनय विश्वम ने कहा कि विपक्ष के नेता कोई गंभीर मुद्दा उठाना चाहते हैं, तो उन्हें उठाने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह सभापति पद की गरिमा को जानते हैं। सभापति को रेफरी की भूमिका में रहना चाहिए,लेकिन कई बार वह खिलाड़ी की भूमिका में आ जाते हैं। इसके बाद श्री खड़गे कुछ कहने के लिए खड़े हुए जिसका भाजपा के सदस्यों ने अपनी सीट से कड़ा विरोध किया। सभापति ने सत्तापक्ष के सदस्यों के आचरण पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कल उन्होंने बजट पर चर्चा कराने का प्रयास किया। वह किसी पक्ष की ओर नहीं देखते बल्कि संविधान को देखते हैं। सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि कल सदन में विपक्ष के कुछ वरिष्ठ नेताओं का अपमानजनक व्यवहार था। प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान व्यवधान हुआ। उनकी पार्टी ने कल विपक्ष के नेता से मांफी मांगने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि माफी मांगने के बाद ही कार्यवाही चलेगी। इसके बाद भाजपा के सदस्य मोदी-मोदी के नारे लगाने लगे। हंगामे के दौरान ही श्री खड़गे ने कहा कि उनका गुस्सा सरकार पर होता है, सभापीठ पर नहीं। उन्होंने कहा कि उनके भाषण के जिन छह बिन्दुओं को कार्यवाही से निकाला गया है, उसमें कोई शब्द असंसदीय नहीं है। इसके बाद कांग्रेस के सदस्य हंगामा करने लगे। शोरशराबे के बीच ही सभापति ने शून्काल की घोषणा कर दी और इस दौरान कुछ सदस्यों ने अपने अपने मुद्दे उठाये।

### किसानो का शोषण कर.. ..

जाती है। उन्होंने बैठक में मौजूद किसानों से आ''ान किया कि वे किसी भी कीमत पर अपनी जमीन न बेचे। यदि किसान जमीन बेच देगा तो निश्चित ही वह बर्बाद हो जायेगा। किसानों को अभी बहुत ही कुर्बानी देने की जरूरत है। किसान हितों के लिए बहुत कुछ करना होता है। किसान नेता ने कहा कि सरकार को एमएसपी तय कर देनी चाहिए और किसानों से जुड़े मुददे पर अधिकारियों के साथ बैठकर जल्द ही बातचीत की जायेगी। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा गन्ने का मूल्य घोषित न किये जाने से किसान हताश व परेशान है। उसे उसकी फसल का उचित दाम नहीं मिल पा रहा है। कुछ किसान संगठनों ने गन्ना भुगतान व गन्ने के दाम के मुद्दे को अदालत में पहुंचा दिया है जिससे किसानो की परेशानी बढ गयी है। भाकियू नेता ने कहा कि आगामी 20 मार्च को दिल्ली में बडा आंदोलन होगा। भाकियू की किसान महापंचायत मे भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौनरेश टिकैत, रालोद विधायक दल के नेता राजपाल सिंह बालियान, पूर्व मंत्री धर्मवीर बालियान,पूर्व सांसद राजपाल सैनी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### तिनसुकिया के लिड़ .. ..

लहान के नेतृत्व वाले अल्फा समूह से भिड़ंत हो गयी. नतीजतन, इस अल्फा नेता की आखिरकार मृत्यु हो गई। लेकिन इससे पहले कथित तौर पर अल्फा और सेना के बीच काफी देर तक गोलीबारी होती रही। निचली परिषद के महासचिव ब्रिगेडियर अरुणोदय असम द्वारा मीडिया के माध्यम से भेजे गए अल्फा के शोक संदेश में स्वर्गीय उदय आसम उर्फ उत्तम लहन को एक सच्चा देशभक्त, बहुत बहादुर, अनुशासित, समर्पित और हमेशा जागरूक सैनिक बताया गया है।
अल्फा ने शोक संदेश में टिप्पणी की कि असम की स्वतंत्रता को बहाल करने की सामूहिक राष्ट्रीय मुक्ति क्रांति के रक्त-रंजित पथ में उनका योगदान और आत्म-बलिदान युगों-युगों तक साथी संघर्ष करने वालों की नई पीढ़ी को प्रेरित करेगा। वह 8 फरवरी को असम में संगठन को आगे बढ़ाने और संगठनात्मक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उपस्थित हुए थे। अल्फा ने कहा कि 2 नवंबर 1989 को जन्में उदय आसम उर्फ उत्तम लहन चरिदेउ जिला के पूर्णी जबका गांव का रहने वाला है। उसने 1 मार्च 2014 को प्रशिक्षण लिया था और बाद में संगठन का बड़ा नेता बन गया था।

### सरकार ने पीड़ितों के पुनर्वास .. ..

निर्देश दिया। कैबिनेट ने बाल विवाह के पीड़ितों के लिए 15 दिनों के भीतर पुनर्वास नीति को अंतिम रूप देने के लिए एक कैबिनेट उप-समिति का भी गठन किया।कैबिनेट उप-समिति को पीड़ित लड़कियों के लिए समाधान, फॉर्मूला या पैकेज खोजने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिन्हें बाल विवाह के नकारात्मक प्रभावों का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा, कैबिनेट ने कुछ अन्य उपाय और निर्णय भी लिए, और उनमें से एक विश्व बैंक के ऋण के साथ 10 नए जिला अस्पतालों का निर्माण था।विश्व बैंक से राशि प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

### फॉल्ट लाइन के सौ ...

यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में इंस्टीट्यूट फॉर रिस्क एंड डिजास्टर रिडक्शन के प्रमुख प्रो जोआना फॉरे वॉकर ने कहा कि किसी भी वर्ष में सबसे घातक भूकंपों में से, पिछले 10 वर्षों में केवल दो समान परिमाण के रहे हैं और पिछले 10 में चार साल। यह घटना सुबह के समय हुई, जब लोग अंदर सो रहे थे। इससे नुकसान अधिक हुआ। पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय में ज्वालामुखी और जोखिम संचार में पाठक डॉ कारमेन सोलाना ने कहा है कि प्रतिरोधी बुनियादी ढांचा दुर्भाग्य से दक्षिण तुर्की और विशेष रूप से सीरिया में खराब है, इसलिए जीवन को बचाना अब ज्यादातर प्रतिक्रिया पर निर्भर करता है।
शोध दल ने बताया है कि पृथ्वी की आंतरिक संरचना अलग-अलग टुकड़ों से बनी है, जिन्हें प्लेट कहा जाता है, जो एक दूसरे के साथ-साथ मौजूद हैं। ये प्लेटें अक्सर हिलने की कोशिश करती हैं लेकिन कभी-कभी दबाव तब तक बनता है जब तक कि एक प्लेट अचानक से झटके लगने से सतह हिलने लगती है। तुर्की और सीरिया के इस इलाके में यह अरेबियन प्लेट थी जो उत्तर की ओर बढ़ रही थी और अनातोलियन प्लेट के खिलाफ घर्षण पैदा कर रही थी।
आमतौर पर 2.5 या उससे कम का कंपन महसूस नहीं किया जा सकता है, लेकिन यंत्रों द्वारा इसका पता लगाया जा सकता है। 8 से ऊपर कोई भी विनाशकारी क्षति का कारण बनता है रिकार्ड के मुताबिक 26 दिसंबर 2004 को, इंडोनेशिया के तट पर अब तक दर्ज किए गए सबसे बड़े भूकंपों में से एक, एक सूनामी को जन्म दिया 9.1 तीव्रता के इस भूकंप में लगभग 228,000 लोग मारे गए थे। एक और भूकंप वर्ष 2011 में जापान के तट पर 9 स्केल का आया था। इससे जमीन पर नुकसान होने के साथ साथ सूनामी पैदा हुई थी। सूनामी की वजह से फुकुशिमा परमाणु संयंत्र में एक बड़ी दुर्घटना हुई।

### ऑस्ट्रेलिया ने एक .. ..

सार्वजनिक परामर्श अवधि के दौरान, उसके विभाग को केवल 10 कार्य दिवसों में खदान के बारे में 9,000 सार्वजनिक टिप्पणियां प्राप्त हुई थीं। सरकार पर चट्टान की बेहतर सुरक्षा के लिए यूनेस्को का दबाव रहा है और 2022 में, उसने जलवायु अनुकूलन उपायों और जल गुणवत्ता कार्यक्रमों सहित नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा के प्रयासों के लिए एक बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (700 मिलियन डॉलर) देने का वचन दिया। पिछले साल, ग्रेट बैरियर रीफ, जो 2,300 किलोमीटर (1,429 मील) से अधिक तक फैला है, ने जलवायु परिवर्तन के कारण पानी के गर्म होने के कारण अपने छठे सामूहिक ब्लीचिंग की घटना का अनुभव किया। यह सरकार भी पिछले वर्ष देश में जलवायु पर मजबूत कार्रवाई का वादा करते हुए सत्ता में आई, जो अभी भी जीवाश्म ईंधन से बहुत अधिक जुड़ी हुई है। सरकार ने सभी नई जीवाश्म ईंधन परियोजनाओं को बंद करने के लिए देश की ग्रीन पार्टी के आह्वान को खारिज कर दिया है।

## नियोजन नीति पर बीजेपी ने सरकार को घेरा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड में भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार से जल्द से जल्द विधि सम्मत नियोजन नीति लागू करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि अगर जल्द ही ऐसा नहीं किया गया तो बीजेपी आंदोलन करेगी और सड़कों पर उतरेगी। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज पूरे झारखंड में विकास कार्य अवरुद्ध है। हेमंत सरकार ने घोषणा की थी कि वे लोगों को रोजगार देंगे या फिर बेरोजगारी भत्ता देंगे पर उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया।बाबूलाल मरांडी में हेमंत सोरेन को घेरते हुए कहा कि झारखंड में उद्योग धंधे ठप हैं। सरकार से जुड़ी संस्थाएं रुपये कमाने में लगी हैं उन्हें जनता के आजीविका से कोई मतलब नहीं हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस सरकार ने अब तक रोजगार देने और नौकरी सृजन का तो काम नहीं किया पर जो वैकेंसी निकली हुई थी उनको भी इन्होंने रद्द कर दिया। ऐसे में यह आवश्यक है कि जल्द से जल्द यहां नियोजन नीति की घोषणा हो। बाबूलाल ने कहा कि हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार से बचने के लिए बड़े-बड़े वकीलों को हायर करते हैं, तो इन वकीलों की सलाह से एक विधि सम्मत नियोजन नीति बनाएं और उसे धरातल पर उतारें। अगर ऐसा नहीं होता है तो भाजपा सड़कों पर उतरेगी और आंदोलन करेगी।

### देवघर आएंगे अविनाश पांडे



रांची :झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर संथाल परगना आयेंगे। वे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की 11 फरवरी को होने वाली रैली को लेकर झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। यह रैली साहिबगंज के गुमानी में होने वाली है। इस रैली में राष्ट्रीय अध्यक्ष हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत राज्य स्तर पर करेंगे।देवघर एयरपोर्ट पहुंचने के बाद प्रभारी अविनाश पांडे सबसे पहले बाबा वैद्यनाथ मंदिर जाएंगे। दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे। उसके बाद वे गोड्डा जाएंगे। विधायक प्रदीप यादव के घर जाकर संवेदना जतायेंगे। बीते दिनों विधायक प्रदीप यादव की माता का निधन हो गया था।

आरपीएन सिंह के बयान के बाद कांग्रेस ने उन्हें घेरा

## यूपीए कालखंड के मंत्रिमंडल में आप भी शामिल थे: राजीव रंजन

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चल गए पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री आरपीएन सिंह चर्चा में हैं। सोशल मीडिया में उन्होंने देशव्यापी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई की तारीफ तो की है। साथ ही साथ इसकी तुलना पूर्ववर्ती यूपीए सरकार से भी कर दी है। आरपीएन यहीं नहीं रूके। उन्होंने कहा कि, ईडी का आज विपक्ष विरोध कर रहा है। विरोध करने वाले ऐसे लोगों को यह आंकड़े जरुर चुभेंगे। मोदी सरकार के शासन के पिछले 8 वर्षों में ईडी ने निर्भीक होकर देश हित में कार्य किया है।आरपीएन के दिये आंकड़े पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने भी कड़ा तंज कसा। प्रवक्ता



राजीव रंजन ने कहा झ आदरणीय उसी कालखंड में उसी मंत्रिमंडल में आप भी शामिल थे। यह कटु सत्य आपको भी चुभेगा।बता दें कि जनवरी 2022 में आरपीएन सिंह ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। कांग्रेस की नीति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा था कि 32 सालों तक ईमानदारी और लगन से जिस पार्टी में रहा, अब वो पार्टी रह नहीं गई।आरपीएन सिंह 15वें लोकसभा के समय पडरौना सीट से सांसद चुने गए थे। उसके बाद वे 2009-2011 तक सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग राज्यमंत्री, 2011-2013 तक केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री और 2013-2014 तक केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बने थे।

### तीन साल में केंद्र को नहीं भेजा कोई प्रस्ताव

रांची: झारखंड में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को लेकर झारखंड सरकार ने पिछले तीन सालों में कोई पहल नहीं की है। केंद्रीय मंत्रालय द्वारा तीन साल में जारी किये गये विज्ञापनों के उत्तर में राज्य सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण सुविधाओं को लेकर कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है। भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के राज्यसभा में पूछे गये गये सवाल पर केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने यह जानकारी दी। दीपक प्रकाश ने पूछा था कि झारखंड में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए पिछले तीन वर्षों में पीएम किसान संपदा योजना के तहत कितनी राशि आवंटित की गई है और उसमें कितनी राशि खर्च हुई है।

## झारखंड पार्टी को बसपा ने दिया समर्थन

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** रामगढ़ उपचुनाव में झारखंड पार्टी को बसपा का साथ मिला है। बसपा और कई सामान्य विचारधारा वाली पार्टियों के साथ राज्य मे जल्द ही तीसरा मोर्चा बनेगा। यह बातें झारखंड पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव अशोक भगत ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा)के साथ गठबंधन हुआ। इस गठबंधन से रामगढ़ में हमें और मजबूती मिली है। आने वाले दिनों में सामान्य विचारधारा वाली कई अन्य पार्टियों के साथ भी हमलोगों का गठबंधन होगा। इससे आगे अशोक भगत ने कहा कि रामगढ़ में परिवाद हावी है। जिससे बिहार से अलग होने के 22 वर्ष हो गया। लेकिन आज तक रामगढ़ की जनता बुनियादी सुविधा स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के मामले में फिसड्डी है। यहां के जनप्रतिनिधियों से सिर्फ यहां की जनता को ठगने का प्रयास किया है।इस मौके पर बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव विधाधर प्रसाद ने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव में झारखंड पार्टी ने संतोष महतो को प्रत्याशी बनाया है। संतोष महतो को रामगढ़ विधानसभा में दलितों, शोषितों और वंचितों का समर्थन मिलेगा। क्योंकि रामगढ़ विधानसभा में सबसे ज्यादा शिक्षित और योग्य उम्मीदवार हैं, इसलिए हमने झारखंड पार्टी को समर्थन दिया है। आगे भी यह समर्थन जारी रहेगा और हमलोग जल्द ही दिल्ली में बहन मायावती से इस मुद्दे पर विचार विमर्श करेंगे। जिससे झारखंड में तीसरे मोर्चा के गठन का प्रयास हो सके। प्रेस वार्ता में केंद्रीय अध्यक्ष आनंद पॉल तिर्की, महिला जिला अध्यक्ष अंशू एक्का लकड़ा, जीवन भूट पाहन के अलावा पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## ईडी दर्ज करेगी अरगोड़ा थानेदार का बयान

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** कोलकाता में हुए कैश कांड को लेकर रांची के अरगोड़ा थाने में दर्ज जीरो एफआईआर को लेकर ईडी अब अरगोड़ा थानेदार का बयान दर्ज करेगी। जानकारी के अनुसार एजेंसी ने रांची के अरगोड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार को समन देकर शुक्रवार को बुलाया है। विनोद कुमार ईडी दफ्तर जाकर अपना बयान दर्ज करवाएंगे। इससे पहले मामले में बुधवार को नमन विक्सल कोंगाड़ी से ईडी ने पूछताछ की है।झारखंड सरकार गिराने की साजिश से जुड़े कैश कांड में ईडी अरगोड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार का बयान दर्ज करेगी। इस मामले में ईडी ने कांग्रेस से निलंबित तीन विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाडी से पहले ही पूछताछ कर चुकी है। जानकारी के अनुसार ईडी ने तीनों निलंबित विधायकों से पूछताछ के बाद ही अरगोड़ा थानेदार को तलब किया है। अरगोड़ा थाना में दर्ज एफआईआर को ही जीरो एफआईआर कर हावड़ा पुलिस को भेजा गया था। जिसके बाद तीनों विधायकों को सरकार गिराने की साजिश जुड़े केस में जेल भेज दिया गया था। ईडी इस बात की पड़ताल कर रही है कि किसके आदेश से अरगोड़ा थाने में दर्ज केस को जीरो एफआईआर में तब्दील कर बंगाल पुलिस को भेजा गया था। 30 जुलाई को कोलकाता में झारखंड कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को 48 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया था।

**रूबरू** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना के संबंध में राज्यसभा में पूछे सवाल

# झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने उठाये जरूरी सवाल




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना के संबंध में सवाल किये। इस बारे में केंद्रीय राज्य मंत्री ने उत्तर में कहा कि विगत तीन वर्षों में झारखंड से कोई प्रस्ताव नहीं आया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने आज राज्यसभा में झारखंड में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग केलिए विगत तीन वर्षों के (पीएम केएस वाई) किसान संपदा योजना के अंतर्गत कितनी धन राशि आवंटित की गई है ,तथा उसमे कितनी धनराशि खर्च हुई है? प्रश्नों का उत्तर देते हुए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि गत तीन वर्षों में मंत्रालय द्वारा जारी किए गए विज्ञापनों के उत्तर में झारखंड से खाद्य प्रसंस्करण सुविधाएं स्थापित करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं है। उन्होंने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय इससे संबंधित सुविधाओं की स्थापना हेतु अनुदान सहायता के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करने केलिए प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएम केएस वाई)की विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित कर रहा है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के अंतर्गत सभी उपयोजनाएं मांग संचालित हैं जिनमे समय समय पर जारी की गई अभिरुचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से इच्छुक व्यक्तियों या संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं।

## सांसद आदित्य साहू ने ओरमांझी की गैर मजरूआ जमीन का मुद्दा उठाया

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू ने झारखंड में गैर मजरूआ जमीन की अवैध खरीद बिक्री, एवम ओरमांझी प्रखंड के मोटा ग्राम के गरीबों से जमीन की लूट के प्रयास का मामला शून्य काल, में राज्यसभा में उठाया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवम राज्यसभा सदस्य आदित्य राज्यसभा झारखंड में सत्ता के संरक्षण में पदाधिकारियों की मिलीभगत से दलालों एवम बिचौलियों के द्वारा की जा रही लूट,कब्जा का मामला शून्यकाल में उठाया। श्री साहू ने कहा कि जल,जंगल और जमीन की बात करने वाली झामुमोनित झारखंड सरकार में आज खान खनिज और बालू के साथ सरकारी जमीन की। लूट मची है। झारखंड जमीन के अवैध कारोबार का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ दबंगों के द्वारा दलितों,आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही वही सरकारी गैमाजरुआ जमीन की धड़ल्ले से बंदोबस्ती की जा रही।इन मामलों में जमीन दलाल,बिचौलियों के साथ राज्य सरकार के अधिकारी भी शामिल हैं।श्री साहू ने कहा कि हाल ही में एक प्रसिद्ध अखबार में छपी रिपोर्ट के आधार पर राज्य में 3लाख 62हजार 8सौ 67एकड़ सरकारी जमीन की अवैध जमाबंदी की गई है।जिलावार जो आंकड़े हैं उसमे बोकारो जिला अवैध जमाबंदी में संख्या की दृष्टि से सबसे आगे है जिसमे 50622मामले दर्ज हैं जबकि रबका की दृष्टि से चतरा जिला सबसे आगे है जहां 99284.29एकड़ सरकारी जमीन की अवैध जमाबंदी की गई है।इस प्रकार देखा जाए तो राज्य में अवैध जमाबंदी के 1.75लाख मामले निपटारे केलिए सरकारी कार्यालयों में दर्ज हैं लेकिन राज्य सरकार गंभीर नहीं है।जो आंकड़े है उसमे अबतक मात्र 6711मामलों का निष्पादन ही हो सका है। सांसद ने कहा कि ऐसा लगता है सरकार दलालों और बिचौलियों को बचाने केलिए मामलों में शिथिलता बरत रही। सरकारी योजनाओं केलिए जमीन खोजने से जल्द नहीं मिलते हैं।

श्री साहू ने वर्ष 198082 में रांची जिलांतर्गत ओरमांझी प्रखंड के मूटा ग्राम में सरकार द्वारा भूमिहीनों को दिए गए 100एकड़ जमीन को दबंगों द्वारा अवैध कब्जा के प्रयासों एवम भूमि मालिकों को डराने धमकाने का मामला भी उठाया।

## शहर >> अपडेट

### सीटू ने राज्य में मनाया एकजुटता दिवस

**रांची** : अनुबंध स्वास्थ्य कर्मियों के आंदोलन को सीटू ने समर्थन दिया है। स्वास्थ्य कर्मियों के मांगों और संघर्ष को न्यायोचित बताते हुए शुक्रवार को सीटू सदस्यों ने राज्यवापी एकजुटता दिवस मनाया। इसकी जानकारी देते हुए महासचिव विश्वजीत देब ने कहा कि सीटू राज्य कमेटी राज्य सरकार से मांग करती है कि आश्वासन के अनुसार , 2014 के नियमावली के तहत अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मियों के सेवाओं को नियमित करने की दिशा में तत्काल उचित कदम उटायें। साथ ही प्रभावित जन स्वास्थ्य सेवा को बहाल किया जायें। सीटू की मांग है कि अनुबन्धित कर्मचारी द्वारा किया जा रहा कोई भी काम किसी भी आउटसोर्स एजेंसी के कर्मचारियों से नहीं कराया जाना चाहिए। देब ने कहा कि सीटू हमेशा यह मांग उठाती रही है कि आवश्यक और बारहमासी कार्य स्थायी कर्मचारियों के माध्यम से ही किया जाना चाहिए।

**निर्देश** जरूरत पड़े तो केस दर्ज करें राज्य सरकार को फटकार

# 10 बजे के बाद नहीं बजनी चाहिए लाउडस्पीकर : हाईकोर्ट

- ध्वनि प्रदूषण की समस्या पूरे रांची में है
- सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया



राष्ट्रीय खबर

**रांची :** राजधानी रांची में प्रदूषण को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण को लेकर शपथ पत्र दाखिल नहीं करने पर राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि रात में 10 बजे के बाद किसी भी हालत में रांची शहर में लाउडस्पीकर नहीं बजनी चाहिए। इस संबंध में अगर जरूरत पड़े तो एफआईआर किया जाए। सुनवाई के दौरान रांची के डीसी, एसएसपी व ट्रैफिक एसपी कोर्ट में उपस्थित रहे। कोर्ट ने रांची एसएसपी, ट्रैफिक एसपी एवं नगर आयुक्त को कहा कि वह मिलकर यह देखें की ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम हो रही है या नहीं।

ध्वनि प्रदूषण रोकथाम के संबंध में कोर्ट के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें। मामले में हाईकोर्ट के जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य सरकार द्वारा शपथ पत्र दाखिल करने नहीं करने पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई। सुनवाई के दौरान रांची डीसी , रांची एसएसपी एवं डिप्टी नगर आयुक्त कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए।

कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची शहर में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं, इस संबंध में कोर्ट को जानकारी नहीं दी गई है। जबकि कोर्ट ने पिछली सुनवाई में सरकार को ध्वनि प्रदूषण के लिए उठाए गए कदम के संबंध में रिपोर्ट देने को कहा था। जिस पर रांची डीसी की ओर से कहा गया कि हाईकोर्ट के आसपास एवं अशोकनगर में साइलेंस जोन को लेकर होडिंग लगाए गए हैं। ध्वनि प्रदूषण को लेकर 8 प्राथमिकी दर्ज की गई है। कोर्ट ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण की समस्या पूरे रांची में है इसलिए पूरे शहर को में ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए अभियान चला जाना चाहिए। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 17 मार्च निर्धारित करते हुए राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अगली सुनवाई में रांची डीसी, रांची एसएसपी, ट्रैफिक एसपी सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति से छूट प्रदान की। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन भी कोर्ट में उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### रिम्स में घंटों तक नहीं मिलता स्ट्रेचर और बेड,108 एंबुलेंसकर्मी परेशान

**रांची**: राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में समस्याओं की जितनी भी बात करें वह कम है। क्योंकि रिम्स अस्पताल में अव्यवस्था और समस्याएं ही देखने को मिल रही हैं। इस बार समस्या मरीज और डॉक्टर से नहीं बल्कि एंबुलेंसकर्मियों से जुड़ा हुआ है। रिम्स प्रबंधन की लापरवाही के कारण 108 एंबुलेंसकर्मी परेशान हैं।राज्य में सैकड़ों की संख्या में एंबुलेंस हैं जो वैसे मरीजों को अस्पताल तक लाते हैं जो गंभीर बीमार या आकस्मिक दुर्घटना के शिकार होते हैं। वैसे मरीजों के लिए 108 एंबुलेंस तुरंत मौके पर पहुंचते हैं और उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भेजे जाते हैं। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद एंबुलेंस को तुरंत ही छोड़ने का नियम है ताकि वह दूसरे मरीज को सेवा दे सके। इसलिए अस्पताल में ऐसी व्यवस्था रखी जाती है कि एंबुलेंस के परिसर में दाखिल होते ही उसके लिए स्ट्रेचर और बेड की तत्काल व्यवस्था की जा सके।लेकिन जो एंबुलेंस रिम्स आते हैं उस एंबुलेंस को रिम्स में मौजूद कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से घंटों तक नहीं छोड़ा जाता है। एंबुलेंस लेकर आए चालको एवं एंबुलेंसकर्मियों का कहना है कि जब भी वो मरीज लेकर रिम्स आते हैं तो उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है। क्योंकि जो स्ट्रेचर मरीज को अस्पताल के बेड तक पहुंचाने के लिए एंबुलेंस में रखे जाते हैं उस स्ट्रेचर को घंटों तक कर्मियों के द्वारा नहीं छोड़ा जाता। एंबुलेंस के स्ट्रेचर पर ही घंटों तक अस्पताल के डॉक्टर मरीज का इलाज करते हैं क्योंकि अस्पताल में बेड की घोर कमी है।

### उर्दू शिक्षकों को योजना से गैर योजना मद में मंजूरी मिलना संघ की उपलब्धि

**रांची**: झारखंड कैबिनेट ने प्रारंभिक विद्यालयों में इंटरमीडिएट प्रशिक्षित उर्दू शिक्षकों के स्वीकृत 4401 पदों को योजना मद से गैर योजना में स्थानांतरित करने की स्वीकृति दे दी। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने इसे संगठन की बड़ी उपलब्धि बताई। मुख्यीमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताया। संगठन के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि संघ के अथक प्रयासों का परिणाम है कि? उर्दू शिक्षकों को योजना से गैर योजना मद में हस्तांतरित करने की मंजूरी कैबिनेट ने दी है। इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित पूरी कैबिनेट के सदस्यों का आभार संघ ने जताया। शिक्षा सचिव, निदेशक प्राथमिक शिक्षा को भी धन्यदवाद दिया।संघ ने कहा कि वर्ष 2015-16 में योजना इकाई अधीन शिक्षक का पदस्थापन रहने के कारण इनके वेतन भुगतान के लिए योजना इकाई के अंतर्गत आवंटन की प्रतीक्षा रहती थी। गैर योजना इकाई के अंतर्गत अपेक्षाकृत सहजता से आवंटन प्राप्त होता है। संघ के पदधारियों ने कहा कि मासिक वेतन भी पत्रों में निकासी के लिए भी योजना और गैर योजना इकाइयों के लिए अलग-अलग पत्रों की तैयारी निकासी एवं व्यकयन पदाधिकारियों को करनी होती है। इसमें पेपर वर्क की बहुलता होती है।

### बालिका हॉकी टीम ने जीता स्वर्ण, मध्य प्रदेश को 4-3 से किया पराजित

**रांची**: खेल एवं युवा मामले,भारत सरकार द्वारा मध्य प्रदेश और दिल्ली में आयोजित 5वीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स के हॉकी मैच (बालिका) का फाइनल मैच शुक्रवार को ग्वालियर में खेला गया। पयर्टन,कला,संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग के अधीनस्थ भाग लेते हुए झारखंड की बालिका हॉकी टीम ने फाइनल में मध्यप्रदेश को पेनल्टी में 4-3 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। बालिका टीम की इस उपलब्धि पर खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा, उपनिदेशक खेल साझा देव शंकर दास, हॉकी इंडिया के भोला सिंह, चीफ डी मिशन उमेश लोहरा, मुख्य प्रबंधक संतोष कुमार, खेल परामर्शी देवेन्द्र सिंह ने हॉकी बालिका टीम की सदस्यों को बधाई दी है।टीम के खिलाड़ियों रजनी केरकेट्टा,प्रमोद्नी लकड़ा, नीरू कुल्लू, रश्मि होरो, निक्की कुल्लू,अंकिता डुंग डुंग, बिनिमा धान, एडलिन बागे, फुलमनी भेंगरा, सेलेस्टीना होरो, संजना होरो, बालो होरो, निशा मिंज, संगीता, अनुपमा होरो, पूर्णिमा बरवा, रजनी केरकेट्टा, पार्वती टोपनो के अलावा टीम कोच, मैनेजर झ मनोहर टोपनो, प्रतिमा, संतोष कुमार, हिमांशु, आदम होरो को भी बधाई देते उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी, एक अनशनकारी भर्ती

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** सेवा नियमितीकरण की मांग को लेकर झारखंड में अनुबंधित नर्सों के साथ साथ पारा मेडिकलकर्मी भी 16 जनवरी से हड़ताल पर हैं। वहीं राजभवन के सामने 24 जनवरी से 21 आंदोलनकारी आमरण अनशन पर भी बैठे हैं। शुक्रवार को आमरण अनशन पर बैठे खूंटी के ऑप्थैलमिक असिस्टेंट कुमार लोकेश की तबीयत बिगड़ गयी। ऑक्सीजन लेवल कम होने और धरनास्थल पर ही बेहोश हो जाने के बाद उन्हें सदर अस्पताल के इमरजेंसी में भर्ती कराया गया है। जहां उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। सेवा नियमितीकरण की एक सूत्री मांग को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की अनुबंधित नर्सें और पारा मेडिकल कर्मियों की हड़ताल 16 जनवरी से जारी है। 24 जनवरी से राजभवन के समक्ष आमरण अनशन भी जारी है। अभी तक 21 अनशनकारियों में से 17 की तबीयत बिगड़ चुकी है। एक को दिल्ली एम्स ले जाया गया है। अपनी मांगों के पूरा होने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प ले चुके स्वास्थ्यकर्मी को प्रशासन तबीयत बिगड़ने पर सदर अस्पताल में भर्ती कराता है लेकिन वहां स्वास्थ्य में जरा सा सुधार होने पर प्रदर्शनकारी फिर आमरण स्थल पहुंच जाते हैं। आमरण अनशन पर बैठे एनएचएम अनुबंधित नर्सों और पारा मेडिकल कर्मियों ने 04 फरवरी को भिक्षाटन भी किया।राजभवन के समक्ष आमरण अनशन पर बैठी नर्सों और पारा मेडिकलकर्मियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपना वादा निभाने का आग्रह किया। नर्सों ने कहा कि जब हेमंत सोरेन की सरकार बनी थी तब उन्होंने आश्वासन दिया था।

### झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की तबीयत में हो रहा सुधार

**रांची**: राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन की तबीयत फिलहाल सामान्य है। मेदांता के अधिकारी मंजूर अहमद ने बताया कि गुरुवार रात में डॉक्टरों की देखरेख के बाद उनकी स्थिति सामान्य है। शुक्रवार को वह काफी खुश नजर आ रहे हैं। हालत सामान्य रहा तो दो-तीन दिन में उन्हें डिस्चार्ज किया जा सकता है।मेदांता के सुपरवाइजर मंजूर अहमद ने बताया कि उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, वहीं नींद की भी समस्या देखने को मिल रही थी। लेकिन गुरुवार को मेदांता अस्पताल में भर्ती होने के बाद इसमें काफी सुधार है। शाम से ही डॉक्टर लगातार उनकी निगरानी कर रहे हैं। मेदांता अस्पताल के सुपरवाइजर मंजूर अहमद ने बताया कि गुरुवार की रात अच्छी नींद आने के बाद गुरु जी बेहतर महसूस कर रहे हैं।

## रांची में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की हुई शुरूआत



- 11 फरवरी से डोर-टू-डोर खिलायी जाएगी दवा

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 फरवरी से 25 फरवरी तक रांची में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान चलाया जा रहा है। 10 फरवरी 2023 से जिले में फाइलेरिया रोग से अति प्रभावित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेड़ो और बुढ़मू के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, स्वास्थ्य उपकेंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों और सार्वजनिक भवनों में बूथ के माध्यम से डीईसी और एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। इसके बाद 11 फरवरी से 25 फरवरी तक स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा खिलाएंगे।फाइलेरिया एक वेक्टर जनित रोग है। यह बीमारी संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होती है। फाइलेरिया के कारण पांव विकृत हो जाता है। संक्रमित व्यक्ति सामाजिक दुर्भावना का शिकार हो जाते हैं। हाथी पांव और हाइड्रोसिल जैसी बीमारी का असर संक्रमित व्यक्तियों की कार्य क्षमता पर भी पड़ता है। इस बीमारी की रोकथाम के लिए ही डीईसी और एल्बेंडाजोल की खुराक लोगों के लिए सुरक्षित है।एमडीए के लिए जिले में कुल 334084 लोगों को डीईसी और एलबेंडाजोल की गोली खिलायी जाएगी। इसके लिए कुल 470 बूथ बनाए गए हैं। साथ ही इस कार्य में 940 स्वास्थ्य कार्यकताओं को लगाया गया है। रांची के सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार ने कहा कि यह दवा खाली पेट नहीं खानी है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। जिसमें दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को दवा नहीं

## रांची से पटना की दूरी होगी कम, डालटनगंज गया रेल लाइन को मिली मंजूरी



राष्ट्रीय खबर

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची से पटना की दूरी कम होने वाली है। गया शेरघाटी डालटनगंज रेल लाइन की मंजूरी मिल गई है। इस रेल लाइन के सर्वे के लिए रेल मंत्रालय ने 20 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। रुपये जारी होने के बाद जल्द ही सर्वे का काम शुरू होगा। यह रेल लाइन गया रफीगंज भाया डालटनगंज तक जाएगी। पूर्व मध्य रेलवे का यह परियोजना लंबे वक्त से प्रस्तावित था, लेकिन पहली बार इसके लिए राशि जारी की गई है। सर्वे का काम पूरा होने के बाद रेलवे पटरी बिछाने का काम शुरू करेगा।फिलहाल, रांची से पटना जाने में 9 से 14 घंटे लगते हैं। पलामू से पटना जाने में ट्रेन से लगभग 7-8 घंटे लगते है। परियोजना पूरा होने के बाद रांची से पटना की दूरी करीब तीन घंटे कम हो जाएगी, जबकि पलामू से पटना की दूरी लगभग चार घंटे की रह जाएगी। परियोजना के पूरा होने से गया का शेरघाटी, इमामगंज, डुमरिया, पलामू का नौडीहा बाजार, छतरपुर, नावाबाजार समेत कई प्रखंड जुड़ जाएंगे। यह पूरा का पूरा इलाका नक्सल कॉरीडोर रहा है।: पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने मामले में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से आग्रह किया था। डालटनगंज शेरघाटी रफीगंज गया रेल लाइन परियोजना पूरा होने के बाद पलामू के इलाके की करीब सात से आठ लाख की आबादी रेल से जुड़ जाएगी। पलामू से रेलवे का फ्रेट कॉरिडोर भी होकर गुजर रहा है।

### 11 फरवरी से दूरदर्शन पर देखिए धारावाहिक स्वराज

**रांची**: दूरदर्शन पर प्रसारित हो रहे ऐतिहासिक धारावाहिक स्वराज को दर्शक 11 फरवरी से बिंज मोड पर (एक साथ कई एपिसोड ) देख सकेंगे। इस बात की जानकारी दूरदर्शन केंद्र रांची के कार्यक्रम प्रमुख डीबी कार्यी ने दी । बताया कि दर्शकों की विशेष मांग पर शनिवार 11 फरवरी 2023, दोपहर एक बजे से बिंज मोड पर प्रसारण की व्यवस्था की गई है। दूरदर्शन केंद्र रांची में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि स्वराज के माध्यम से भारत की स्वतंत्रता संग्राम की समर गाथा को दिखाने की कोशिश दूरदर्शन कर रहा है। इसकी शुरूआत 05 अगस्त को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के द्वारा केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एलमुरुगन की उपस्थिति में किया गया था।

**आंदोलन** बड़े आंदोलन की तैयारी में कारोबारी

## कृषि शुल्क को लेकर व्यवसायी और सरकार आमने-सामने

- व्यवसायियों की नाराजगी और बढ गई है



राष्ट्रीय खबर

**रांची :** कृषि शुल्क विधेयक को लेकर व्यवसायी और राज्य सरकार आमने सामने है। लाख कोशिशों के बाबजूद राज्यपाल की सहमति इस बिल पर मिल चुकी है, जिस वजह से व्यवसायियों की नाराजगी और बढ गई है। इस बिल को काला कानून बताते हुए झारखंड के व्यवसायी आंदोलन पर हैं। वहीं, सरकार खजाने में 50 करोड़ से अधिक की वृद्धि होने की संभावना को देखते हुए हर हाल में लागू करने पर अड़ी हुई है। सरकार के अड़ियल रुख से नाराज झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने 15 फरवरी से खाद्यान्न के आवक को ठप्प करने की धमकी दी है। यदि वास्तव में यह हो गया तो ना केवल सरकार को राजस्व की क्षति होगी बल्कि राज्य में खाद्यान्नों की किल्लत होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

अनुमान के मुताबिक राज्य में प्रति दिन 100 करोड़ के खाद्यान्न का उठाव व्यापारियों द्वारा किया जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी कच्चा माल को लेकर होगा जिसका खामियाजा आखिरकार किसानों को होगा। सरकार के इस कानून के खिलाफ व्यवसायियों का आंदोलन राज्यभर में जारी है। शुक्रवार यानी 10 फरवरी को ई-नाम के फजीर्वाड़े को लेकर झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने प्रधानमंत्री और विभिन्न व्यवसायी संगठन को पत्र लिख रहे हैं वहीं 11 फरवरी को कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का हर जिले में पुतला दहन करने का फैसला किया है। झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के महासचिव डॉ अभिषेक रमाधीन ने इसे काला कानून बताते हुए कहा कि इसके खिलाफ 12 फरवरी को अपने अपने क्षेत्र के विधायक और मंत्री से संपर्क कर विरोध जतायेंगे वहीं 13 फरवरी को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी को पोस्टकार्ड लिखा जायेगा।

14 फरवरी को हर जिला मुख्यालय में व्यवसायी धरना प्रदर्शन कर 15 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार इस संदर्भ में व्यवसायियों से वार्ता करने के बजाय मनमाने ढंग से इसे लागू करने पर तुली हुई है। जो कांग्रेस केन्द्र की कृषि कानून का विरोध करती थी वही आज झारखंड में इसे जबरन थोप रही है।



## शहर >> अपडेट

### कैंपस सेलेक्शन का आयोजन

सिल्ली : सिल्ली पॉलिटेक्निक में शुक्रवार को कैंपस सेलेक्शन का आयोजन किया गया। जिसमें गुड़गांव की एसकेएच शीट, मेटल एंड कॉम्पोनेंट्स लिमिटेड के प्लांट हेड मिस्टर विकास शेरावत और एजेएर एचआर विनोद कुमार ने छात्रों का साक्षात्कार लिया । साक्षात्कार में सिल्ली पॉलिटेक्निक के मैकेनिकल संकाय और इलेक्ट्रिकल संकाय से 82 छात्र शामिल हुए।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### तुपकाडीह में शिवरात्रि की तैयारी शुरू

**तुपकाडीह** : तुपकाडीह एवं आसपास के इलाके में आगामी 18 फरवरी को होने वाले शिवरात्रि व्रत को लेकर तैयारी जोरों पर है। सबसे पुराने शिव मंदिर बाबा महादेववर नाथ मंदिर एवं मां पार्वती मंदिर की रंगाई पुताई के बाद सजावट का काम हो रहा है। इसके साथ ही खुटरी पंचायत के ओहदार टोला, भुटकुरु, तांतरी, कुंडौरी आदि गांव में स्थित शिवालयों में पूजा अर्चना धूमधाम से करने में लोग जुटे हुए हैं। स्टेशन रोड जय हिंद कला मंच के अध्यक्ष राजु महतो ने बताया कि इस बार भी न्यू कुंडौरी से शिव की बारात दुगार्धाम आयेगी और पूर्व की भांति बारातियों का स्वागत खीर पुड़ी खिलाकर किया जायेगा।

### डिजिटल लेनदेन अभियान का शुभारंभ

**बोकारो** : जिला स्तरीय वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल लेनदेन अभियान का शुभारंभ शुक्रवार को आरसेटी सभागार चास में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के आजादी का अमृत महोत्सव 2.0 कार्यक्रम आगामी 15 अगस्त 2023 तक वित्तीय साक्षरता सह डिजिटल लेनेदेन जागरूकता कार्यक्रम डिजिटल ग्रामीण पंचायत टैग लाइन के साथ गांव के अंतिम लोगों के बीच जाकर किया जाना है। कार्यक्रम का उद्घाटन एलडीएम संजीव कुमार, जिला आरसेटी निदेशक रंजन कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस अनिता केर-केट्टा, डीएमएफआइ अमरनाथ सिंह आदि के द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अशोक कुमार राकेश की पहली पुण्यतिथि मनी

**बोकारो** : प्रसिद्ध तबला वादक व भारतीय संगीत कला अकादमी के सचिव डॉ राकेश रंजन के पिता वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार स्वर्गीय अशोक कुमार राकेश की पहली पुण्यतिथि गुरुवार को भजन संध्या के साथ मनाई गई। सेक्टर वन सी में हुई इस भजन संध्या की शुरूआत रिटायर्ड डीएसपी अशोक कुमार सिंह, शिक्षाविद डॉ एनके राय, वरिष्ठ संगीतज्ञ शिवेन चक्रवर्ती, नरेश कुमार सिन्हा, डॉ राकेश रंजन, अमित सरकार, अरुण पाठक, पंकज कुमार, माया सिंह, जयंती पाठक, आरती रंजन, श्रुति रंजन, साक्षी रंजन द्वारा स्वर्गीय अशोक कुमार राकेश की तस्वीर पर पुष्पार्चन से हुई।

### बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई

**नावाडीह** : नावाडीह प्रखण्ड अंतर्गत भूषण प्लस 2 उच्च विद्यालय नावाडीह में शुक्रवार को बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई। मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर, मथुरा महतो ने बताया कि फाइलेरिया को हाथी पांव रोग भी कहा जाता है। ये रोग क्यूलेक्स मच्छर काटने की वजह से होता है। इस मच्छर के काटने से वुचेरेरिया बैनक्राफ्टी नाम के परजीवी शरीर में जाने से ये रोग होता है। वयस्क मच्छर छोटे-छोटे लार्वा को जन्म देता है। जिन्हें माइक्रो फाइलेरिया कहा जाता है।

# 15 लाख का इनामी नक्सली दुर्योधन महतो उर्फ मिथिलेश ने किया सरेंडर

## बोकारो जिले के विभिन्न थानों में दर्ज है लगभग पांच दर्जन मामल

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो** : भाकपा माओवादी संगठन का रिजनल कमांडर 15 लाख रुपये के इनामी माओवादी दुर्योधन महतो उर्फ मिथिलेश ने शुक्रवार को सरेंडर कर दिया। रांची जोनल ऑफिस में आयोजित कार्यक्रम में मिथिलेश ने आइजी अभियान एवी होमकर, रांची जोनल आइजी पंकज कंबोज और सीआरपीएफ के अधिकारी के समक्ष सरेंडर किया।

मौके पर डीआइजी एसटीएफ अनुप बिरथरे, एसपी हजारीबाग मनोज रतन, बोकारो एसपी चंदन झा समेत अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। दुर्योधन महतो उर्फ मिथिलेश के ऊपर कुल 104 मामले दर्ज हैं, जिनमें बोकारो जिले के विभिन्न थानों में कुल 58 मामला दर्ज है। इसके अलवा चतरा में 05, सरायकेला में 04, खूंटी में 03, चाईबासा में 02, हजारीबाग में 26 धनबाद में 01 और गिरिडीह जिले में 05 मामले दर्ज हैं। इस बाबत बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक चंदन झा ने कहा कि राज्य में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इससे नक्सली संगठनों में दहशत का माहौल है। यही वजह है कि छोटे से लेकर बड़े नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं।



## डीपीएस चास में रंगारंग कार्यक्रम के साथ विदाई समारोह आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**चास** : सत्र-2022-23 के बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने किया। समारोह में कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कक्षा बारह के छात्रों की प्रतिभा और प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत कई विजेताओं का चयन किया गया। इस दौरान हेमंत कुमार को मिस्टर डीपीएस चास, आस्था पाठक को मिस डीपीएस चास घोषित किया। इसके अलावा मिस्टर वसेर्टाइल विवेक कुमार, मिस वसेर्टाइल खुशी कुमारी, मिस्टर पॉपुलर एम. यशवंत राव, मिस पॉपुलर श्रेया प्रकाश, मिस्टर स्टाइल आइकॉन हर्षित बगरिया तथा मिस स्टाइल आइकॉन आशी शरफ को भी पुरस्कृत किया गया। विदाई समारोह में कई छात्र भावुक भी हो गए। इस अवसर पर डॉ मोहन ने विद्यार्थियों को उनकी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, कठिन परिश्रम, स्व-अनुशासन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है।

## कसमार की किशोरियों ने किया जिलास्तरीय एक्सपोजर विजिट

राष्ट्रीय खबर

**कसमार** : सहयोगिनी संस्था बहादुरपुर से जुड़ी कसमार प्रखंड के कई गांव की किशोरियों में नेतृत्व क्षमता विकास को लेकर शुक्रवार को जिलास्तरीय एक्सपोजर विजिट कराया गया। इस दौरान किशोरियों ने डालसा कार्यालय, सिविल सर्जन कार्यालय, फैमिली काउंसिलिंग सेंटर, उपायुक्त कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सीडब्ल्यूसी कार्यालय, महिला थाना, शिक्षा विभाग कार्यालय, डीसीपीयू कार्यालय एवं जेएसएलपीएस जिला कार्यालय का एक्सपोजर विजिट किया।

इस दौरान किशोरियों ने डालसा सचिव निभा लकड़ा, सिविल सर्जन ऑफिस में डॉ एनपी सिंह, महिला काउंसिलिंग सेंटर में एलिन वीना लकड़ा, डीसी ऑफिस में ओडी विवेक सुमन, सीडब्ल्यूसी कार्यालय में सदस्य मो. रजी अहमद, रेणु सिंह एवं सरिता कुमारी से मिलकर जिले के अलग-अलग विभागों से मिलनेवाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।



इस टीम में शामिल सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर, कुमारी किरण, सूर्यमनी देवी एवं मंजू देवी ने बताया कि कसमार प्रखंड के पोंडा, सोनपुरा एवं गर्री पंचायत के 11 गांव में किशोरी क्लब बनाकर उनके नेतृत्व क्षमता विकास तथा बाल विवाह के खिलाफ पिछले 3 साल से कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में जिलास्तरीय विभागों एवं कार्यालयों में जाकर किशोरियों ने कई तरह की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान बच्चों को मिलनेवाली स्वास्थ्य व अन्य कई तरह की सुविधाओं की जानकारी मिली, वहीं पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, पारिवारिक मामलों समेत किशोरियों से संबंधित सरकारी योजनाओं से जुड़ाव की जानकारी प्राप्त की। साथ ही किस तरह से प्रखंड से लेकर जिलास्तरीय गतिविधियां चलती है, इसकी भी जानकारी एक्सपोजर विजिट में मिली।

### डीपीएस बोकारो में 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई

## अपूर्व व अंशुल बने मास्टर डीपीएस, तो अनुष्का को मिला मिस डीपीएस का खिताब

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो** : नगर के सेक्टर-4 स्थित डीपीएस बोकारो में शुक्रवार को बहुरंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सत्र 2022-23 के 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान बच्चों में विद्यालय से निकलकर जीवन के नए पायदान की ओर आगे बढ़ने की जहां खुशियां थीं, वहीं विद्यालय परिवार से बिछड़ने का दुख भी दिखा। विद्यालय के अश्वघोष कला क्षेत्र में आयोजित समारोह के दौरान 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के सम्मान में मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

स्वागत व केट काटे जाने के बाद कार्यक्रम की शुरूआत में 11वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने आर्केस्ट्रा प्रेजेंटेशन में विभिन्न वाद्य-यंत्रों पर सुर-ताल का सुंदर सामंजस्य प्रस्तुत किया। पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा..., हम रहें या न रहें कल... आदि गीतों की नॉनस्टॉप मेलोडी सराहनीय रही। इसके बाद आकर्षक समूह-नृत्य के उपरांत रैंप-वॉक, टैलेंट शो में गीत-नृत्य, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं हुईं।



इस अवसर पर पूरे सत्र के दौरान विद्यार्थियों के समेकित प्रदर्शन के आधार पर अपूर्व आनंद एवं अंशुल अग्रवाल को मास्टर डीपीएस और अनुष्का सिंह को मिस डीपीएस के खिताब ने नवाजा गया। वहीं, हर्ष राज मास्टर पॉपुलर, आयुषी शांडिल्य मिस पॉपुलर, हार्दिक श्री मास्टर वसेर्टाइल, संजीवनी कुमारी मिस वसेर्टाइल, आर्यन सिंह मास्टर स्टाइल आइकॉन और विष्णु प्रिया मिस स्टाइल आइकॉन टाइटल से चयनित व सम्मानित किए गए। विदा हो रहे विद्यार्थियों को स्मृति-फलक देकर सम्मानित किया गया।

## सविता महतो ने किया समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास



**9 करोड़ 65 लाख की लागत से होगा स्वास्थ्य केंद्र भवन व आवास का निर्माण**

राष्ट्रीय खबर

**चांडिल** : ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय के समीप शुक्रवार को विधायक सविता महतो ने ईचागढ़ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा स्वास्थ्य केंद्र भवन व चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी के रहने के लिए आवास का निर्माण कार्य 9 करोड़ 65 लाख 2 हजार 5 सौ 74 रुपये की लागत से किया जायेगा। विधायक ने संवेदक को भवन का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व ससमय करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा अस्पताल भवन का निर्माण होने से ईचागढ़ प्रखंड के लोगो को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, जिला परिषद सदस्य ज्योति लाल माझी, प्रखंड विकास पदाधिकारी कीकू महतो, गोविन्द मांझी, रंजीत किस्कु, इंद्रजीत सोरेन, लष्मी सिंह मुंडा आदि काफी संख्या में ग्रामीण जनता व झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मशरूम की खेती ने दिखाई नई राह, आत्मनिर्भर बन रही महिलाएं

**जिले के चंदनकियारी एवं बेरमो प्रखंड की 88 एसएचजी से जुड़ी 312 महिलाएं कर रही मशरूम उत्पादन**

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो** : जिले के चंदनकियारी एवं बेरमो प्रखंड में पैदा होने वाले मशरूम एक अलग पहचान दे रहे हैं। जिला प्रशासन के पहल पर जिले में मशरूम की खेती को बढ़ावा मिला। जिससे यहां विभिन्न स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने मशरूम की खेती को आजीविका के रूप में उत्पादन कार्य सीखने का मन बनाया।

वर्ष 2022 में जिला ग्रामीण विकास विभाग एवं झारखंड स्टेट लाइवलीहूड प्रमोशन सोसाइटी ने चिन्हित एसएचजी दीदीओं को एक्सपोजर भ्रमण के दौरान बिहार के गया जिला स्थित बुद्धा मशरूम प्लांट ईथारी का भ्रमण कराया गया, साथ ही आरसेटी संस्था द्वारा जिले में भी मशरूम उत्पादन की बारीकियों से महिला समूह की दीदीओं को अवगत कराया। पूरे प्रशिक्षण सत्र में चंदनकियारी एवं बेरमो प्रखंड की महिला समूह की दीदीओं ने मशरूम उत्पादन से जुड़ी बातों को जाना और उसके बाद जिला प्रशासन के सहयोग से पीछे मुड़कर नहीं देखा। कुल 312 दीदीओं को मशरूम उत्पादन के लिए 13,075 बैग बुद्धा मशरूम प्लांट ईथारी द्वारा उपलब्ध कराया गया। जिसके बाद दीदीओं ने छोटे-छोटे समूह में मशरूम की खेती शुरू की।

जिसके बाद मशरूम उत्पादन का कार्य बेरमो एवं चंदनकियारी प्रखंडों के विभिन्न गांव में शुरू हुआ। वर्तमान में जिले के 88 स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 312 दीदी मशरूम की खेती कर रही है। पहली बार में ही दीदी समूहों ने 32687.5 किलो मशरूम उत्पादन किया। इसके लिए कुल 18 लाख 30 हजार 500 रुपए का निवेश दीदीओं द्वारा किया गया। दीदीओं ने मशरूम का बिक्री करके 49 लाख 03 हजार 125 रुपये प्राप्त किया।



जिले की एसएचजी दीदीयां मशरूम की खेती कर आत्मनिर्भर हो रही हैं। मशरूम की खेती में लागत कम और आय अच्छी प्राप्त होती है। जिला प्रशासन ने विभिन्न विभागों के साथ कंवर्जेंस के तहत 88 एसएचजी समूहों को मशरूम की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही उन्हें प्रशिक्षण दिलाया। जिसका परिणाम उत्साहवर्धक है। अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी इससे प्रेरणा मिलेगा।

**कुलदीप चौधरी, उपायुक्त, बोकारो**

## न्यूज फटाफट

### फाल्गुन महोत्सव के उप्लक्ष्य पर श्याम मंदिर में होगा भजन संध्या का आयोजन : संजय

**चांडिल** : श्री श्याम कला भवन चांडिल के तत्वावधान मे 3 मार्च से होने वाले दो दिवसीय फाल्गुन महोत्सव की तैयारी को लेकर श्याम मंदिर परिसर में श्रवण जालान की अध्यक्षता मे बैठक हुई। जिसमे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाल्गुन महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। 3 मार्च को बाबा श्याम का पैदल निशान यात्रा रघुनाथपुर से 12 किलोमीटर की दुरी तय कर चांडिल श्याम मंदिर पहुच कर सभी श्याम भक्त मंदिर मे निशान अर्पित करेंगे। फाल्गुन महोत्सव की सफलतापूर्वक संचालन के समितियों का गठन किया गया जिसमे रघुनाथपुर मे निशान पूजन का प्रभारी प्रभुदयाल बगड़िया को बनाया गया, निशान यात्रा प्रभारी दुर्गा चौधरी, राजीव साव, भोला जायसवाल, गणेश वर्मा को नियुक्त किया। साथ ही निशान कूपन हेतू पवन जालान, चंदन रूंगटा, आलोक चौधरी, हरीश सुल्तानिया, अरुण रूंगटा, को प्रभारी बनाया गया। अलोक बगडिया एवं मोन्टी चौधरी को भंडारा प्रभारी बनाया गया।कलाभवन अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा एकादशी के दिन दोपहर 2 बजे से रघुनाथपुर से निशान यात्रा प्रारम्भ होकर चांडिल श्याम मंदिर पहुंचकर बाबा श्याम को निशान अर्पित करेंगे। फाल्गुन महोत्सव के उप्लक्ष्य पर श्याम मंदिर में रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया है। मौके पर अध्यक्ष संजय चौधरी, दुर्गा चौधरी, जॉनी बगड़िया, चंदन रूंगटा, मोनू चौधरी, नेका पाल, नीलकमल जालान, अश्विनी शर्मा, हरीश सुल्तानिया, मोंटी चौधरी, सहित काफी संख्या में श्याम भक्त उपस्तिथ थे।

### भाजपा की बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा

**चांडिल** : ईचागढ़ प्रखंड के टीकर पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को भाजपा ईचागढ़ मंडल के प्रखंड स्तरीय कार्यसमिति बैठक मंडल अध्यक्ष फटिक गोराई के अध्यक्षा में सम्पन्न हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे जिला महामंत्री मधुसूदन गोराई, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज महतो शामिल हुए। बैठक में संगठन मजबूती पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष ठाकुर दास महतो, अनिल सिन्हा, जिला मिडिया सह प्रभारी मनोहर दास, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव, जिला कार्यसमिति सदस्य राजेन सिंह मुंडा , मंडल महामंत्री प्रभात दास एवं सभी मंच मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्री, बुथ अध्यक्ष एवं मंडल कमिटी के साथ साथ सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शांति सत्यायण हवन महायज्ञ का हुआ आयोजन

**चांडिल** : चौका पुराना हरि मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को ग्रामीणों द्वारा शांति सत्यायण हवन महायज्ञ आयोजन किया गया। इसके पूर्व सुबह गंगा पूजन कर स्थानीय तालाब से ग्रामीणों द्वारा हरि मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई। हवन महायज्ञ में पुरोहित मंडली वेनी माधव भट्टाचार्य, रामप्रसाद भट्टाचार्य, जयदेव बनर्जी आदि शामिल हुए और विधिवत पूजा अर्चना कर हवन यज्ञ किया। हवन यज्ञ में विधायक सविता महतो व हजारों की संख्या में आसपास के श्रद्धालु शामिल हुए और विश्व शांति की कामना किए। हवन यज्ञ संपन्न होने के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर समस्त चौका ग्रामवासी उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों के मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी

**बुढ़मू** : बुढ़मू प्रखंड के कई विद्यालयों में स्कूली बच्चों का मध्याह्न भोजन खिलाने में स्कूल के प्रधानाध्यापक द्वारा गड़बड़ी किया जा रहा है।, और मध्यान भोजन खिलाने में स्कूल के प्रधानाध्यापक द्वारा खानापूर्ति किया जा रहा है। शुक्रवार को राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कनाडीह विद्यालय में स्कूली बच्चों का खाना तो मिला, लेकिन मेनू के आधार पर बच्चो का मध्याहन भोजन नहीं खिलाया गया। कनाडीह विद्यालय में मध्यानहन भोजन में स्कूली बच्चों का अंडा नहीं खिलाया गया, और और अण्डा के जगह पर स्कूली बच्चों को चावल और सब्जी भर सिर्फ खिलाया गया। स्कूली बच्चों ने बताया कि स्कूल में कई माह से अण्डा नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया गया कि राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कनाडीह स्कूल में कई महीनों से स्कूली बच्चों का मध्यानहन भोजन तो खिलाया जा रहा है, लेकिन स्कूल में अंडा नहीं खिलाया जा रहा है। ,और मध्यान्ह भोजन खिलाने में गड़बड़ी चल रहा है। वही ग्रामीणों ने बताया कि स्कूली बच्चों को मध्याहन भोजन में चावल, और सब्जी भर प्रतिदिन खिलाया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि यह स्कूल में सरकार के द्वारा मध्याहन भोजन में स्कूल का मेनू में अंडा नहीं खिलाया जा रहा है, और नियम का पालन भी नहीं किया जा रहा है, और स्कूली बच्चों को चावल, सब्जी, दाल तक ही सिर्फ खिलाया जा रहा है।

### उपायुक्त ने उन्मूलन कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**बोकारो** : जिले में फलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति कुलदीप चौधरी, सिविल सर्जन डॉ. एबी प्रसाद, जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ. रेणु भारती आदि ने डीईसी की गोलियों के साथ अल्बेंडाजोल का टैबलेट का सेवन कर शुरूआत की। इस मौके पर उपायुक्त श्री चौधरी ने कहा कि फलेरिया मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी है। दवा खाकर ही हम इस बीमारी से बच सकते हैं। इस बीमारी के लिए दवा का सेवन करना इसलिए जरूरी है क्योंकि इस बीमारी का इंफेक्शन तुरंत नहीं दिखता है। इसका असर एक से दो दशक बाद होता है। तब तक इसका उपचार लगभग संभव नहीं होता है। उपायुक्त ने जिलावासियों से फाइलेरिया उन्मूलन के लिए दवा का सेवन करने की अपील की। मौके पर एसीएमओ डॉ. एचके मिश्रा, नोडल पदाधिकारी डॉ. एनपी सिंह, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ. बीपी गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी मनीषा वत्स, जिला योजना पदाधिकारी फांसिस कुजूर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, डब्ल्यूएचओ के मनोज कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### एसडीओ चास ने दिव्यांग शिविर का किया निरीक्षण

**बोकारो** : चंदनकियारी प्रखंड परिसर में शुक्रवार को विशेष दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का वरीय पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने निरीक्षण किया। शिविर में शामिल दिव्यांगजनों से एसडीओ ने उनकी दिव्यांगता की जानकारी ली। एसडीओ ने अलग-अलग डेस्क पर उपस्थित चिकित्सकों से अब तक प्राप्त आवेदन एवं स्वीकृत दिव्यांगता प्रमाण पत्र की जानकारी ली। एसडीओ ने मौके पर उपस्थित बीडीओ, सीओ एवं एमओआइसी को शिविर में उपस्थित दिव्यांगजनों का ऑन स्पॉट दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने को कहा। साथ ही सभी दिव्यांगजनों को पेंशन योजना से लाभांवित करने का निर्देश दिया। चंदनकियारी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित विशेष दिव्यांग शिविर में कुल 210 दिव्यांगजन शिविर में उपस्थित हुए। जिसमें ऑन स्पॉट 174 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया। वहीं, जांच में 36 दिव्यांग नहीं पाएं गये।

### उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के महासम्मेलन कार्यक्रम में रांची जाएंगे हजारों कार्यकर्ता: नारायण

**बोकारो** : 12 फरवरी को बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के रांची के कार्निवाल हॉल में होने वाले महासम्मेलन कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को बोकारो जिला राजद कार्यालय सेक्टर 9 में महत्वपूर्ण बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव एवं संचालन वरीय उपाध्यक्ष सीताराम यादव ने किया। इस बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि उक्त कार्यक्रम में बोकारो जिला से हजारों नेता, कार्यकर्ता लगभग सैकड़ों वाहनों से रांची राजधानी रवाना होंगे। इस कार्यक्रम में 2024 लोकसभा और विधानसभा चुनावों की रणनीति पर विचार विमर्श किया जाएगा। साथ ही तेजस्वी यादव सभी को मूल मंत्र देंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि रांची कार्यक्रम में पूरे सूबे से हजारों लोग पार्टी का दामन थामेंगे।

## शहर >> अपडेट

### फलेरिया कृमि उन्मूलन कार्यक्रम

**बेरमो** : वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एम डी ए कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में फलेरिया रोधी दवा डी.ई सी एवं अल्बेंडाजोल खिलाया गया। वहीं 1 से 2 वर्ष के बच्चों के बीच कृमि मुक्ति दवा का खुराक खिलाया गया। यहां सेविका पिंकी देवी, बबीता देवी अभियान के संचालन के अलाव रंजीत कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### बच्चो के बीच मुखिया ने शिक्षा अभ्यास पुस्तिका का किया वितरण

**गिद्दी** : मध्य विद्यालय गिद्दी ए बालक में बच्चों के बीच गिद्दी पंचायत क की मुखिया कविता सिंह द्वारा शिक्षा किट के तहत अभ्यास पुस्तिका का वितरण किया गया। जिसमें कक्षा01से 02तक के बच्चो को 06कॉपी, कक्षा 03से05 तक के बच्चों को 10कॉपी, कक्षा 06से 08तक के बच्चों को 20कॉपी का वितरण किया गया। इस मौके पर मुखिया कविता सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा बच्चो की पढ़ाई में कोई दिक्क्त न पहुंचे इसके लिए नि:शुल्क कॉपी वगैरह का वितरण किया गया। बच्चो को मुखिया श्रीमती कविता सिंह ने नियमित रूप से विद्यालय आकर पढ़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार ने बच्चो की पठन पाठन को काफी गंभीरता से लेते हुए शिक्षा किट के तहत बच्चो को यूनिफार्म, स्वेटर कॉपी पुस्तके नि:शुल्क रूप से विद्यार्थियों को मुहैया कराने का काम किया जा रहा है। ताकि बच्चों को पढ़ने में कोई परेशानी न हो । इस मौके पर पंसस धनेश्वरी देवी,वार्ड सदस्य गुलशन खातून, प्रधानाध्यापक आसित दत्ता, रिंकी कुमारी, पूर्णिमा देवी, मंजू महली,गीता देवी, अध्यक्ष रीना देवी आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### दो दिवसीय अंतर परियोजना खेल-कूद प्रतियोगिता आरंभ

**भुरकुंडा** : सीसीएल बरका-सयाल एरिया में शुक्रवार को दो दिवसीय अंतर परियोजना खेल-कूद का शुभारंभ सेंट्रल सौंदा मैदान में हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीसीएल बरका-सयाल महाप्रबंधक संचालन बिनोद कुमार एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद रमेन्द्र कुमार मौजूद रहे। भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी एम के पाठक के द्वारा अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत अतिथियों ने झंडोत्तोलन किया। अतिथियों ने मशाल प्रज्जवलित कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। अवसर पर खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। समारोह में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। गुब्बारा उड़ाकर खेल-कूद की शुरूआत की गई। समारोह को संबोधित करते हुए जीएम संचालन बिनोद कुमार ने कहा कि हार-जीत मायने नहीं रखता। एकाग्रता और पूरी लगन से प्रयास करने पर सफलता जरूर मिलती है।

### दो तेज रफ्तार बाइक की जोरदार टक्कर

**बेरमो /जारंगडीह** : गोमिया, फुसरो मुख्य मार्ग पर जारंगडीह गायत्री कॉलोनी के समीप दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलो कि सिधी जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दोनों ही मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि घायल बाइक सवारो की पहचान पहला गांधीनगर 3 नंबर कॉलोनी निवासी उलेश महतो तथा दुसरे की पहचान जारंगडीह के ऊपर बंगला निवासी नितेश सिंह के रूप में हुई है। हालाकि दोनों खतरे से बाहर है मगर चोर अधिक लगी है। दोनो का उपचार सीसीएल कथारा क्षेत्रीय अस्पताल में चल रहा है।

---

**उपचुनाव** सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओ को उप चुनाव को लेकर एकजुट रहने का निर्देश दिया

# रामगढ़ विधानसभा के उप चुनाव में कांग्रेस की होगी जीत : अनूप सिंह

- ममता देवी को पांच वर्षों के लिए अपना विधायक चुना गया
- कांग्रेस जात की नही जमात की राजनीति करती है




राष्ट्रीय खबर

**चितरपुर** : बेरमो विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह का बेरमो जाने के दौरान चितरपुर में कांग्रेसियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। तत्पश्चात उन्होंने सभी कांग्रेस कार्यकताओं को उप चुनाव को लेकर एकजुट रहने का निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधानसभा के उप चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत होगी। क्योंकि यहां की जनता ने ममता देवी को पांच वर्षों के लिए अपना विधायक चुना। लेकिन षड्यंत्र के तहत उन्हें फंसाकर जेल भेजने का कुकृत्य किया गया है। जनता ऐसे लोगों को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेगी। वहीं कॉग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि कांग्रेस जात की नही जमात की राजनीति करती है। इसलिए कांग्रेस को सभी जाति व धर्म कर लोग वोट देने का काम करती है। रामगढ़ में भी दोबारा कांग्रेस की ही जीत होगी। वही कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो ने कहा कि अगर जनता हमपर विश्वास रखकर चुनाव में जिताने का कार्य करती है, तो वे रामगढ़ का चहुंमुखी विकास करने का काम करेंगे। मौके पर चितरंजन दास चौधरी, चंद्रशेखर पटवा, लक्ष्मण महतो, लुमनाथ महतो, गौरीशंकर महतो, मो साजिद, जाकिर अख्तर, मो रुस्तम , अनवर करीम, अरशद उल्लाह, रंजन कुमार, हबीबउल्लाह, एहसान उल्लाह, फिरोज अंसारी, सुनील करमाली, नईम अंसारी, असगर कामिल सहित कई मौजूद थे।

## चुनाव को लेकर पार्टी की मजबूती पर जुटे सभी भाजपा कार्यकर्ता : जिलाध्यक्ष



राष्ट्रीय खबर

**चितरपुर** : चितरपुर मंडल में गुरुवार को भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक आहूत की गई। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता मौजूद थे। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती पर चर्चा किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि पार्टी को रामगढ़ विधानसभा में मजबूत किया जाएगा। ताकि आने वाले विधानसभा व लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत हो सके। इस दौरान भाजपा संगठन विस्तार अभियान के तहत कार्यकताओं को डाटा प्रबंधन सरल ऐप द्वारा 100% डाउनलोड करने का प्रशिक्षण आईटी सोशल मीडिया प्रभारी निरंजन कुमार द्वारा दिया। गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गणेश प्रसाद स्वर्णकार व संचालन पीएन सिंह, धन्यवाद ज्ञापन मंडल महामंत्री अर्जुन कुमार वर्मा ने किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, जिला महामंत्री खिरोधर साह, मंडल प्रभारी संजीव कुमार बाबला, संजय सिंह, जिला मंत्री रमेश प्रसाद वर्मा, बसुध तिवारी, विजय जयसवाल, निरंजन कुमार, जुगेश महतो, दीपक दांगी, महेश साव, सत नारायण पोद्दार, पीयूष तिवारी, अजय कुमार पटवा, प्रदीप पासवान, गौरीशंकर महतो, महेंद्र महतो रविंद्र कुमार दुबे जीवन महतो विनोद बिहारी चौधरी मुंगालाल महतो कमलेश करमाली प्रेम नाथ महतो, दीपक प्रसाद देवधारी करमाली सहित कई मौजूद थे।

## सेवारत एंव सेवानिवृत नागरिकों को किया गया सम्मानित



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी** : सेवारत एवं सेवानिवृत नागरिको के सम्मान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि शत्रुंजय पाठक जिला संयोजक/ संगठन आयुक्त भारत स्काउट एंड गाइड्स हजारीबाग झारखंड के द्वारा सन् 1952 के स्काउट्स सीसीएल के सेवानिवृत कर्मचारी कामेश्वर प्रासाद सिंह एवं सीसीएल में सेवारत पर्यावरण कर्मी प्रशांत बेलथरिया को पुष्प गुच्छ मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जीवन में अनुशासन एवं विविध रचनात्मक कार्य स्काउट्स एंड गाइड्स की गतिविधि को अनिवार्य ठहराया। कोयलांचल के लिए यह गर्व की बात है कि 1952के स्काउट्स के गिद्दी के नागरिक को सम्मानित किया गया। वे अपने जीवन के खट्टे मीठे अनिभव को उनके द्वारा साझा किया गया। प्रशांत बेलथरिया ने इस मौके पर कहा कि बदलते विश्व में परिवेश पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर सुझाव प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में नेहा सिंह गाइड झारखंड राज्य प्रतिनिधि जंबूरी शिविर राजस्थान मौजूद रही । इसकी जानकारी स्काउट्स एंड गाइड्स हजारीबाग के सभापति उदय शंकर भट्टाचार्य ने दी।

## स्व.टेकलाल महतो स्मृति भवन में कुरमी समाज की बैठक संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी** : स्वर्गीय टेकलाल महतो स्मृति भवन होसीर में कुरमी समाज की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई.बैठक की अध्यक्षता चुकेन्द्र महतो द्वारा की गयी। बैठक में प्रथम पक्ष अनु कुमारी पिता विनोद महतो ग्राम पिपराटाड जिला रामगढ़ दुसरा पक्ष मनोज महतो पिता सुरेश महतो ग्राम पुरनाडीह (कनकी) जिला हजारीबाग के बीच पारिवारिक आपसी विवाद को लेकर बैठक की गई। इस बैठक में लड़का के अनुपस्थित रहने के कारण बैठक स्थगित कर दिया गया। सुरेश महतो द्वारा अगली बैठक 15 फरवरी दिन बुधवार को स्व. टेकलाल महतो स्मृति भवन होसिर में ही दिन के 11बजे रखी गई है। बैठक में कुमेश्वर महतो प्रदेश अध्यक्ष झारखंड प्रदेश कुरमी महासभा, प्रमोद महतो पूर्व मुखिया कनकी,लखन लाल महतो मुखिया डाडी, बिहारी महतो, सेवालाल महतो,हुकूमनाथ महतो, गणेश महतो,प्रीतलाल महतो,बैजनाथ महतो, नंदकुमार महतो, लक्ष्मी देवी मुखीया कनकी सहित दर्जनों महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

## ढोरी बस्ती के सोतारडीह में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



- सीएसआर योजना के तहत का आयोजन किया गया
- शिविर में सैकड़ों ग्रमीणो ने मुफ्त चिकित्सा का इलाज करता है

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो** : शुक्रवार को सीसीएल के केंद्रीय आस्पताल ढोरी के सौजन्य से ढोरी बस्ती के सोतारडीह में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर सीएसआर योजना के तहत का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से केंद्रीय आस्पताल ढोरी के डॉक्टर शल्या एवं सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार एवं मुख्य अतिथि के रुप में सीसीएल सीकेएस के वेलफेयर बोर्ड सदस्य रवीन्द्र कुमार मिश्रा के आलावे वार्ड पार्षद वीणा देवी एवं क्षेत्रीय सलाहकर समिति सदस्य महेंद्र चौधरी ,विनय कुमार सिंह, कैलाश ठाकुर, कुलदीप आदि ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। आयोजित शिविर से श्रमिक संगठनों के नेताओं द्वारा डॉक्टर शल्या को अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ अर्पित कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि रवीन्द्र मिश्रा को महेंद्र चौधरी ने बुके दे कर स्वागत किया। श्री मिश्रा ने कहा क्षेत्र के महाप्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल का इस प्रकार के सराहनीय कार्यो में अहम भूमिका निभाते रहते है। सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ-साथ सीएसआर के तहत चिकित्सा, शिक्षा सहित सामाजिक सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाएं का पूरा ख्याल रखती है शिविर में सैकड़ों ग्रमीणो ने मुफ्त चिकित्सा का इलाज करता है। मौके पर बी.चंद्रकांत ,पंकज, यशोदा देवी ,राजवीर एवं ग्रमीणो ने भाग लिया।

**अभियान** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ

# बच्चों व अन्य लोगों को खिलाएं फाइलेरिया रोधी दवाइयां : उपायुक्त

- फाइलेरिया रोग को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य
- घर-घर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लोगों को दवाइयां खिलाने का कार्य किया जाएगा




राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़** : मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम अंतर्गत 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सदर अस्पताल रामगढ़ से किया। इस दौरान उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर अभियान का शुभारंभ करने के उपरांत स्वयं फाइलेरिया रोग से बचाव हेतु दवाइयां खाई। मौके पर सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मियों ने भी दवाइयां ली। इस दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ से अभियान के सफल संचालन हेतु की गई तैयारियों की जानकारी लेने के उपरांत योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए जिले के सभी योग्य बच्चों/लोगों को दवाइयां खिलाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए वही उपायुक्त ने फाइलेरिया रोग को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से सभी जिले वासियों से स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में फाइलेरिया रोधी दवाइयां खाने की अपील की। गौरतलब हो कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के दौरान 25 फरवरी तक जिले में 10 लाख से अधिक लोगों को एल्बेंडाजोल एवं निर्धारित मात्रा में डीईसी की गोली खिलाई जाएगी। 10 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित किए गए बूथों पर स्वास्थ्य सहियाओं, आंगनवाड़ी सेविका, सहायिकाओं, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं आदि के द्वारा योग्य लोगों को दवाई खिलायी गयी जिसके उपरांत 11 फरवरी से 25 फरवरी तक घर-घर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लोगों को दवाइयां खिलाने का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों चिकित्सकों एवं कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे ।

---

### जमसं ढोरी क्षेत्र के पदाधिकारियो ने पत्रकार नंदलाल सिंह का जन्मदिन मनाया



**बेरमो** : जनता मजदूर संघ ढोरी क्षेत्र के पदाधिकारियो ने पत्रकार नंदलाल सिंह का जन्मदिन ढोरी महाप्रबंधक कार्यालय मे घूमघाम से मनाई। सक्रिय क्षेत्रीय सचिव विकास सिंह ने कहा कि श्री सिंह निस्वार्थ भाव से यूनियन का समाचार प्रकाशित करते हैं। साथ ही साथ सभी ने उनके उज्जवल भविष्य और लंबी उम्र की कामना किया। मोके पर क्षेत्रिय अध्यक्ष धीरज पांडेय, सहित उज्जवल मुखर्जी, रंघीर सिंह, विभा सिंह, राजेश यादव ,रामलाल बीपी, मजदूर नेता चंदन तिवार्था, पत्रकार रघुवीर प्रसाद, भोजपुरी समाज के लाखन सिंह, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### पार्षद रश्मि सिंह ने विद्यालय में किया अभ्यास पुस्तिका का वितरण



**बेरमो** : फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 16 के अंतर्गत कन्या मध्य विद्यालय करगली में शुक्रवार को वार्ड पार्षद रश्मि सिंह ने 1780 बच्चों के बीच अभ्यास पुस्तिका का वितरण किया। कहा कि सरकार के द्वारा बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण करने का मतलब है कि निर्धन परिवार के बच्चों की शिक्षा के संसाधन की कमी के कारण शिक्षा बाधित ना हो। उन्होंने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर प्रधानाचार्य उमेश पांडेय, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि चीकू सिंह, सहित शिक्षिका बबीता टुडू, कुसुम कुमारी, नूतन कुमारी, योगेश श्रीवास्तव, आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

### श्री श्री मारूती नंदन महायज्ञ को लेकर फुसरो गणपति धाम मंदिर मैं परिक्रमा में उमड़ी भीड़



**बेरमो** : गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य पर फुसरो ढोरी बस्ती स्थित गणपति धाम में सात दिवसीय श्री श्री मारूति नंदन महायज्ञ को परिक्रमा में भीड़ उमड़ रही है यज्ञ एवं मेला को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष बैजनाथ महतो, सचिव चंद्रिका विश्वकर्मा,उप सचिव लाल मोहन महतो, कोषाध्यक्ष मित्रजीत महतो, मेला प्रभारी रवि कुमार गिरि, सह मेला प्रभारी दीपक कुमार गिरि, संगठन मंत्री जय प्रकाश गिरि, सह संगठन मंत्री राजेश कुमार महतो, संयोजक धनेश्वर महतो, गिरिराज गिरि, नीलकंठ महतो, गोपी गिरि, अशोक महतो, मधु महतो, गिरधारी महतो, पुजारी शिव शंकर पांडेय सहित 51 सदस्यी टीम व ग्रामवासी अपनी-अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे है। महायज्ञ का आयोजन 15 फरवरी तक होगी।

### फाइलेरिया से बचाव के लिए सेवा प्रदात्ता घर घर जाकर दवाई खिलाएंगे : डॉ जितेंद्र



**बेरमो /गोमिया** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोमिया में फाइलेरिया से बचाव के लिए फाइलेरिया मुक्ति अभियान का उद्घाटन गोमिया बीडीओ कपिल कुमार, सीओ संदीप अनुराग टोपनो, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जितेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके उपरांत कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो ने इस संक्रामक बीमारी से बचाव के लिए डी.ई.सी. और अल्बेंडाजोल दवाई का खुराक लिया। मौके पर बीडीओ कपिल कुमार ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान लगातार 25 फरवरी तक चलेगा। केंद्रों में इसकी दवाई पहुंचा दी गई है। सभी लोगों को दवाई का खुराक लेना है। जितने भी स्वास्थ्य कर्मियों को इससे संबंधित प्रशिक्षण दिया गया है, वे सभी लोग अपने सामने लोगों को दवाई खिलाएंगे। ताकि इस गंभीर बीमारी का पूर्णत: उन्मुलन हो सके। मौके पर सीओ संदीप अनुराग टोपनो ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, संक्रमित मच्छर स्वस्थ व्यक्ति को काटकर संक्रमित कर देता है। सरकार द्वारा मुफ्त में दी जाने वाली फाइलेरिया रोधी दवाई का खुराक सभी लोग अवश्य खाएं। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जितेंद्र कुमार ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गोमिया के अंतर्गत 297 बूथ हैं। सभी बूथों में फाइलेरिया मुक्ति अभियान के तहत दवाई की खुराक खिलाई जायेगी। 11 से 25 फरवरी तक सेवा प्रदाता घर घर जाकर लोगों को दवाई खिलाएंगे। इस अवसर पर डॉ रंजन, डॉ पूनम, मुखिया बलराम रजक, मुखिया सपना कुमारी, एमटीएस मनोज सोरेन, बीपीएम प्रमोद कुमार, दिनेश राम, गौतम कुमार, बहालेन मानकी, कुमकुम, लक्ष्मी नारायण मजूमदार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी व कई ग्रामीण मौजूद थे।

### डोर टू डोर जनसम्पर्क कर रहे हैं कांग्रेस प्रत्याशी व नेता

**गोला** : रामगढ़ विधानसभा दोहाकातु मरार में महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो ने डोर टू डोर जनसंपर्क किए साथ ही आने वाले 27 फरवरी को हाथ छाप में बटन दबाकर भारी मतों से विजय दिलाने की अपिल किया। ग्रामीणों ने फूल माला पहना कर और बुके देकर शुभकामनाएं दी। साथ ही ग्रामीणों ने बहुत अफसोस जताया कि पूर्व विधायक ममता देवी हमेशा क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती थी। वो रामगढ़ की सामान्य घर से निकलकर विधायक बनी गरीबों शोषितों की आवाज बनी और हमेशा रामगढ़ की जनता के लिए हक आधिकार दिलाने को लेकर विधानसभा पटल में आवाज उठाती रही। 3 साल में क्षेत्र में शांति का माहौल रहा सभी ग्रामीण शांतिपूर्ण तरीका से अपना जीवन यापन कर रहे थे, जो विपक्षियों देखा नही गई उन्हे षडयंत्र के तहत फंसाया गया और जेल भेजने का काम किया गया बजरंग जी आप हौसला बुलंद रखिए हम सभी ग्रामीण आपके साथ है 27 फरवरी को उन्हे मतदान के माध्यम से जवाब देने का काम करेंगे।

### स्वास्थ्य कर्मियों को सरकार 2014 नियमावली के तहत दे सुविधा

**गिद्दी** : डाड़ी प्रखंड मुख्यालय के समक्ष स्थायीकरण व मानदेय बढ़ोतरी की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए पैरामेडिकल कर्मचारियों और स्वास्थ्य कर्मियों के आंदोलन को सीटू ने अपना समर्थन दे दिया है। आंदोलन स्थल पर झारखंड राज्य सीटू सचिव अरुण कुमार सिंह पहुंचे और आंदोलनकारियों को अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर सीटू नेता अरुण सिंह ने कहा कि अनुबंध पर कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों को न्यायोचित मांग एवं संघर्ष को पूर्ण समर्थन करता हूं। सीटू राज्य कमेटी सरकार से मांग करती है कि 2014 के नियमावली के तहत अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित किया जाए और तत्काल उचित कदम उठाते हुए जन स्वास्थ्य सेवा को बहाल किया जाए।

संपादकीय

# गड़े मुर्दे भी उखड़ सकते हैं अडाणी प्रकरण में

अडाणी समूह ने सुप्रीम कोर्ट में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के खिलाफ याचिका दायर की है। कंपनी ने इस पूरे मामले की जांच के लिए एक सेवानिवृत्त शीर्ष अदालत के न्यायाधीश की निगरानी में एक समिति गठित करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग की है। याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता विशाल तिवारी ने प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का उल्लेख किया। उन्होंने पीठ से आग्रह किया कि अलग याचिका के साथ उनकी याचिका पर भी शुक्रवार यानी आज सुनवाई की जाए। पिछले हफ्ते शीर्ष अदालत में एक और जनहित याचिका अधिवक्ता एम.एल. शर्मा ने अमेरिका स्थित फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च के शॉर्ट-सेलर नाथन एंडरसन और भारत और अमेरिका में उनके सहयोगियों के खिलाफ कथित रूप से निर्दोष निवेशकों का शोषण करने और बाजार में अडानी समूह के स्टॉक मूल्य के कृत्रिम क्रैश के लिए मुकदमा चलाने की मांग की। हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा व्यापार समूह के खिलाफ धोखाधड़ी




लेनदेन और शेयर-कीमत में हेरफेर सहित कई आरोपों के बाद, अडानी समूह के शेयरों ने शेयर बाजारों पर दबाव डाला है। अदानी समूह ने पहले ही हिंडनबर्ग के सारे आरोपों को झूठ बताते हुए खारिज कर दिया है। जनहित याचिका में कहा गया है, बहुत से लोग, जिनके पास ऐसे शेयरों में जीवन भर की बचत थी, ऐसे शेयरों में गिरावट के कारण अधिकतम झटका लगता है। तिवारी द्वारा दायर याचिका में कहा गया है, हिंडनबर्ग द्वारा अरबपति गौतम अडानी के विशाल साम्राज्य पर एक अभूतपूर्व हमले के बाद, अदानी के सभी 10 शेयरों का बाजार मूल्य आधा हो गया है। इसने दावा किया कि देश की अर्थव्यवस्था पर बड़े पैमाने पर हमले किए जाने के बावजूद इस मुद्दे पर अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यह अंततः सार्वजनिक धन है जिसके लिए उत्तरदाता (केंद्र और अन्य) जवाबदेह हैं और इस तरह के ऋणों को कम करने के लिए एक स्पष्ट प्रक्रिया और ऐसी उच्च हिस्सेदारी ऋण राशि के लिए मंजूरी नीति के लिए सख्त प्रावधान की आवश्यकता है। इसमें केंद्र सरकार के अलावा भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड सहित कई को प्रतिवादी बनाया गया है। इस याचिका पर सुनवाई की बाद भी अडाणी समूह पर विदेश में फर्जी कंपनी के जरिए पैसे का लेनदेन करने का आरोप गंभीर है। पहले ही यह शिकायत आ चुकी है कि अडानी समूह केंद्र ने धोखाधड़ी की है कि क्या उसके परिवार का मॉरीशस के निवेशकों पर प्रभाव था।
दस्तावेज बताते हैं कि अडानी पावर के बड़े शेयरधारकों में से एक ओपल इन्वेस्टमेंट प्राइवेट नामक एक कंपनी है। अडानी पावर ने ओपल को एक स्वतंत्र शेयरधारक के रूप में वर्णित किया है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल द्वारा समीक्षा की गई कॉरपोरेट फाइलिंग से पता चलता है कि ओपल को मॉरीशस के द्वीप राष्ट्र में ट्रस्टलिंक इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा शामिल किया गया था, जो एक वित्तीय-सेवा कंपनी है, जिसका अडानी परिवार से संबंध है। मॉरीशस फाइलिंग के अनुसार, ट्रस्टलिंक के निदेशकों में से एक, लुई रिकार्डो कैलोउ, ओपल के बोर्ड में बैठता है। फाइलिंग में श्री कैलोउ को एक अन्य मॉरीशस स्थित कंपनी, क्रुनाल ट्रेड एंड इंवेस्टमेंट प्राइवेट के बोर्ड सदस्य के रूप में भी सूचीबद्ध किया गया है। लिमिटेड, जहां श्री अदानी के बड़े भाई, विनोद अदानी और अदानी परिवार कार्यालय के सीईओ सुबीर मित्रा भी बोर्ड के सदस्यों के रूप में सूचीबद्ध हैं। फाइलिंग के अनुसार, मॉरीशस में स्थित ट्रस्टलिंक इंटरनेशनल, दोनों कंपनियों के सचिव के रूप में कार्य करता है। ओपल जैसी कंपनियों के निवेश निर्णयों पर अडानी के अधिकारियों या परिवार के सदस्यों का प्रभाव है या नहीं, यह सवाल अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों के केंद्र में है। हिंडनबर्ग ने अडानी समूह पर व्यापक धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया, जिसमें शेल कंपनियों का उपयोग स्टॉक की कीमतों को बढ़ाने और भारत के शेयरधारिता नियमों की धज्जियां उड़ाने के लिए किया गया था। इसलिए यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या सुप्रीम कोर्ट विदेशी धन के लेनदेन के मुद्दे पर भी विचार करेगा। पूर्व में कई अवसरों पर केंद्र सरकार की आपत्ति को दरकिनार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने फैसले लिये हैं। इसलिए यह देखना रोचक होगा कि अब अडाणी समूह पर विदेशी लेनदेन पर भी शीर्ष अदालत की नजर पड़ती है अथवा नहीं। यह इसलिए भी रोचक है क्योंकि तमाम आरोपों पर जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी द्वारा उठाये गये प्रश्नों का कोई उत्तर ही नहीं दिया। वह दूसरी तरफ बहस को मोड़ने वाली बात कहते चले गये। साथ ही यह बार बार देखा जा रहा है कि भाजपा के तमाम नेता अब अडाणी का नाम तक लेने के घबड़ा रहे हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट को भी उस केंद्र सरकार को कानूनी पाठ पढ़ाने का मौका मिल गया है जो सरकार बार बार कॉलेजियम पद्धति पर सवाल उठा रही है।

# अदाणी समूह के विरुद्ध बवंडर को कैसे देखें

अदाणी समूह को लेकर राजनीति में मचा हंगामा और सोशल मीडिया पर उठा तूफान आश्चर्यजनक नहीं है। देश में राजनीति को लेकर जिस स्तर का तीखा शत्रुतापूर्ण विभाजन है उसमें हमने लगातार ऐसे मामलों पर बवंडर और हंगामे देखे हैं जिनकी आवश्यकता नहीं थी। कहने का तात्पर्य नहीं कि विपक्षी दलों या मोदी सरकार व भाजपा विरोधियों को अमेरिकी संस्था हिंडेनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद सच्चाई जानने के लिए प्रश्न नहीं उठाना चाहिए। पर कोई विदेशी संस्था रिपोर्ट दे और हम ऐसी स्थिति पैदा कर दें जिससे लगे कि भारत की अर्थव्यवस्था हिल गई है यह परिपक्व व्यवहार नहीं माना जा सकता। लंबे समय से कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों और नेताओं ने ऐसी तस्वीर बनाने की कोशिश की है मानो अडाणी समूह और उनके अध्यक्ष गौतम अडाणी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार हर सीमाओं को लांघकर सरकारी संस्थाओं के संरक्षण में आगे बढ़ा रही है। राहुल गांधी गौतम अडाणी का नाम ले - लेकर पिछले कई सालों से हमले कर रहे हैं। विपक्ष कह रहा है कि भारतीय जीवन बीमा निगम से लेकर बैंकों में आम आदमी का पैसा है और अडाणी के कारोबार डूबने के साथ उन सबकी जिंदगी की कमाई लूट जाएगी।



**अवधेश कुमार**
पत्रकार

हम किसी कॉर्पोरेट घराना या कंपनी समूह को पाक साफ होने का प्रमाण पत्र नहीं दे सकते , पर अदाणी कंपनियों के शेयर कीमतों में आई जबरदस्त गिरावट के साथ ही अलग-अलग संस्थाओं ने अपना वक्तव्य दे दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने स्पष्ट कहा है कि एक नियामक के तौर पर वह वित्तीय स्थिरता के लिए पैनी नजर रखता है। आरबीआई के अनुसार बैंकिंग व्यवस्था मजबूत और स्थिर है। आरबीआई को यह स्पष्टीकरण इस नाते देना पड़ा क्योंकि विपक्ष के माहौल से ऐसी तस्वीर बन रही है कि भारतीय मुद्रा बाजार संकट में आ गया है। जब अपने देश में हम शुद्ध व्यावसायिक व आर्थिक मुद्दों तथा किसी विदेशी संस्था या देसी संस्था द्वारा लगाए गए आरोपों में तथ्यों की जांच किए बगैर हंगामा करते हैं तो उसका संदेश दुनिया भर में नकारात्मक जाता है एवं निवेशकों के अंदर आशंका पैदा होती है। इस कारण रिजर्व बैंक द्वारा स्पष्टीकरण अपरिहार्य हो गया था। अडानी समूह को कर्ज देने वाले बैंक ऑफ बड़ौदा और स्टेट बैंक दोनों ने स्पष्ट किया था कि उन्होंने नियमों के मुताबिक कर्ज दिया और अतिरिक्त कर्ज का कोई प्रस्ताव नहीं है। भारतीय जीवन बीमा निगम ने भी स्पष्ट किया कि उन्होंने केवल ?36254 रुपया अदानी समूह के शेयर में लगाया है और अभी भी मुनाफे की स्थिति में है। यह भी साफ है कि अदाणी समूह की कुल परिसंपत्ति उसको मिले कर्ज से ज्यादा मूल्य के हैं। बावजूद अगर विपक्ष और विरोधी मानने के लिए तैयार नहीं तो इसे क्या कहा जाए। रिपोर्ट के बाद अनेक प्रकार का अफवाह भी अलग-अलग माध्यमों के इकोसिस्टम से दुनिया में प्रसारित हो रहा है। साफ लग रहा है कि योजनाबद्ध तरीके से इकोसिस्टम काम कर रहा है । एक दिन में लगभग ढाई अरब शेयर किसी समूह का बेच दिया जाना सामान्य नहीं हो सकता।
हिंडनबर्ग समाजसेवी संस्था नहीं है कि भारत और आम निवेशकों के हित के लिए रिपोर्ट जारी करेगा। वह स्वयं मानता है कि शार्ट सेलर है और अडाणी समूह के शेयरों के गिरने से उसे लाभ होगा। हिंडनबर्ग के आरोपों में से चार को मुख्य मानकर उल्लिखित किया जा सकता है। एक, अदाणी समूह पर कर्ज बहुत ज्यादा है और उसका मूल्यांकन उसकी वित्तीय हैसियत से ज्यादा किया गया है। दो, अदाणी समूह लिक्विडिटी यानी तरलता जोखिम में है क्योंकि उसके पास लघुकालीन देनदारियां बहुत ज्यादा है। तीन, अडाणी समूह ने टैक्स हैवन देशों में शेल कंपनियां बनाकर अपनी कंपनियों में निवेश कराया और भारी कमाई की। चार,अदाणी समूह का ऑडिट लगातार संदेह के घेरे में है। इस संबंध में तर्क देते हुए कहा है कि 8 वर्ष में कंपनी ने 5 चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर बदले। यह उसके खाता बही से संबंधित गड़बड़ी का संकेत देता है। अदाणी समूह की कंपनियों के ऑडिटरों पर भी उसने संदेह व्यक्त किया है। हमारे यहां रामचरितमानस, भगवद्गीता, वेद पुराण सब पर प्रश्न उठ सकता है लेकिन ऐसा लगता है जैसे हिंडेनबर्ग रिपोर्ट सबसे ऊपर है जो प्रश्नों और संदेहों से परे है। अडाणी समूह ने 413 पृष्ठों में हिंडनबर्ग के आरोपों का उत्तर दिया जिसे उसने खारिज किया है। उसने स्वीकार कर लिया तो स्वयं का रिपोर्ट ही गलत साबित हो जाएगा।
हम अपने देश के कारोबारी, संस्थाओं आदि पर विश्वास न कर विदेशी संस्था को परम विश्वासी मान रहे हैं। विपक्षी नेताओं को विश्व में कॉर्पोरेट संघर्ष , शेयर बाजार, मुद्रा बाजार, ऑडिट आदि के बारे में मान्य जानकारी लेने की कोशिश करनी चाहिए थी। जब भी किसी कंपनी पर ऐसी स्थिति पैदा होती है ऑडिटर के जिम्मे आता है कि वह बही खाते पर स्पष्टीकरण दे। हिंडनबर्ग ने ऑडिटरों को ही संदेह के घेरे में ला दिया है। अमेरिका और कुछ दूसरे देशों में ऐसी संस्थाएं हैं, जो कंपनियों का ऑडिट करती हैं, रेटिंग जारी करती हैं और इन पर एकाधिकार मानती हैं। व्यवसाय की नई ऑडिट कंपनियों को वो संदेह के घेरे में लाती हैं, क्योंकि इससे उनके व्यवसाय पर असर पड़ता है। भारत इस समय ऐसी स्थिति में है जहां उसे कमजोर करने, दबाव में लाने ,उसके शेयर मार्केट, वित्तीय और आर्थिक हैसियत को चोट पहुंचाने के साथ विश्व भर में बढ़ती उसकी कंपनियों की साख गिराने के लिए अनेक प्रकार के षड्यंत्र और कुचेष्टायें हो रही हैं। चीन के साथ हमारा राजनीतिक और सामरिक ही नहीं आर्थिक एवं व्यापारिक टकराव भी हैं। चीन के बेल्ट एवं रोड इनीशिएटिव के विरुद्ध भारत कई देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है। इसी में श्रीलंका के अंदर अडाणी ने वैसे बंदरगाह, ऊर्जा और अन्य निर्माण की परियोजनायें कई गुना ज्यादा निविदा भर कर लिया जिसे चीन लेना चाहता था। 2022 के आरंभ में ही अडाणी ने पुनेरिन और मन्नार में 500 मेगावाट के अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं ली । चीन के दूतावास ने बयान जारी कर कहा कि वह सौर ऊर्जा परियोजना से बाहर हो गया है । पूर्व राजपक्षे प्रशासन ने चीन के साथ सौर ऊर्जा परियोजना को रद्द कर दिया था। इसी तरह इजराइल का हाईफा बंदरगाह चीन लेना चाहता था जिसे अदाणी ने लिया है। अडाणी समूह आईफा में रियल स्टेट परियोजना विकसित करने के साथ एआई प्रयोगशाला स्थापित कर रहा है जो भारत और अमेरिका में स्थित उसकी एआई प्रयोगशालाओं के साथ जुड़ा होगा।

## राधा-कृष्ण का सांकेतिक स्थल पर मिलन और विवाह

ब्रह्मवैवर्त पुराण प्रकृति खंड अध्याय 48 के अनुसार और यदुवंशियों के कुलगुरु गर्ग ऋषि द्वारा लिखित गर्ग संहिता की एक कथा के अनुसार कृष्ण और राधा का विवाह बचपन में ही हो गया था। कहते हैं कि एक बार नंदबाबा श्रीकृष्ण को लेकर बाजार घूमने निकले तभी उन्होंने एक सुंदर और अलौकिक कन्या को देखा। वह कन्या कोई और नहीं राधा ही थी।
कृष्ण और राधा ने वहां एक-दूसरे को पहली बार देखा था। दोनों एक-दूसरे को देखकर मुग्ध हो गए थे। जहां पर राधा और कृष्ण पहली बार मिले थे, उसे संकेत तीर्थ कहा जाता है, जो कि संभवत: नंदगांव और बरसाने के बीच है। इस स्थान पर आज एक मंदिर है। इसे संकेत स्थान कहा जाता है। मान्यता है कि पिछले जन्म में ही दोनों ने यह तय कर लिया था कि हमें इस स्थान



पर मिलना है। यहां हर साल राधा के जन्मदिन यानी राधाष्टमी से लेकर अनंत चतुर्दशी के दिन तक मेला लगता है।
गर्ग संहिता के अनुसार एक जंगल में स्वयं ब्रह्मा ने राधा और कृष्ण का गंधर्व विवाह करवाया था। श्रीकृष्ण के पिता उन्हें अकसर पास के भंडिर ग्राम में ले जाया करते थे। वहां उनकी मुलाकात राधा से होती थी। एक बार की बात है कि जब वे अपने पिता के साथ भंडिर गांव गए तो अचानक तेज रोशनी चमकी और मौसम बिगड़ने लगा, कुछ ही समय में आसपास सिर्फ और सिर्फ अंधेरा छा गया।
इस अंधेरे में एक पारलौकिक शख्सियत का अनुभव हुआ। वह राधारानी के अलावा और कोई नहीं थी। अपने बाल रूप को छोड़कर श्रीकृष्ण ने किशोर रूप धारण कर लिया और इसी जंगल में ब्रह्माजी ने विशाखा और ललिता की उपस्थिति में राधा-कृष्ण का गंधर्व विवाह करवा दिया। विवाह के बाद माहौल सामान्य हो गया तथा राधा, ब्रह्मा, विशाखा और ललिता अंतर्ध्यान हो गए। असल में इस वास्तविक घटना को अलंकृत कर दिया गया है। राधा सचमुच ही कृष्ण से बड़ी थीं और सामाजिक दबावों के चलते यह संभव नहीं था कि उम्र में कहीं बड़ी लड़की से विवाह किया जाए। लेकिन यदि दोनों के बीच प्रेम रहा होगा तो निश्चित ही गुपचुप रूप से गंधर्व विवाह किया गया हो और इस बात को छुपाए रखा हो?

नज़रिया

# पंचायतों पर पहरा ग्रामीण विकास ठहरा



**डॉ सत्यवान सौरभ**
स्तंभकार

आजकल हमें ऐसी खबरें सुनने और पढ़ने को मिल रही है कि देश के अमुक गांव के सरपंच ने कर्ज के चलते आत्महत्या कर ली। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? भारत की पंचायती राज प्रणाली में गाँव या छोटे कस्बे के स्तर पर ग्राम पंचायत या ग्राम सभा होती है जो भारत के स्थानीय स्वशासन का प्रमुख अवयव है। सरपंच, ग्राम सभा का चुना हुआ सर्वोच्च प्रतिनिधि होता है। प्राचीन काल से ही भारतवर्ष के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक जीवन में पंचायत का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। सार्वजनिक जीवन का प्रत्येक पहलू इसी के द्वारा संचालित होता था। वर्तमान में ई-पंचायत के विरोध में हरियाणा प्रदेश भर में ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवों द्वारा धरने दिए जा रहे हैं और बीडीपीओ कार्यालय को ताले जड़े जा रहे हैं, सरकार ग्राम पंचायत में ई-प्रणाली शुरू करने जा रही है। हरियाणा के सरपंचों का कहना है कि ग्राम पंचायत में इस तरह की प्रणाली पर काम नहीं हो पाएगा। ऐसे में गांवों के विकास कार्य प्रभावित होंगे। विकास कार्य न होने पर ग्रामीण भी सड़कों पर उतर जाएंगे।

**भारतीय संविधान में 73वें संविधान संशोधन द्वारा पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए स्थानीय लोगों की भागीदारी का प्रावधान किया गया है।**

भारतीय संविधान में 73वें संविधान संशोधन द्वारा पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए स्थानीय लोगों की भागीदारी का प्रावधान किया गया है। 73वें और 74वें संविधान संशोधन अधिनियमों के तीन दशक से भी अधिक समय के बाद, राज्य सरकार, स्थानीय नौकरशाही के माध्यम से, पंचायतों पर काफी विवेकाधीन अधिकार और प्रभाव का प्रयोग करना जारी रखती हैं। भारत में, स्थानीय निर्वाचित अधिकारियों (जैसे कि तेलंगाना में ये सरपंच ) की शक्तियाँ राज्य सरकारों और स्थानीय नौकरशाहों द्वारा कई तरह से गंभीर रूप से सीमित रहती हैं, जिससे स्थानीय रूप से निर्वाचित अधिकारियों को सशक्त बनाने के लिए संवैधानिक संशोधनों की भावना कमजोर होती है।
ग्राम पंचायत रोजमर्रा की गतिविधियों के लिए राज्य और केंद्र से मिलने वाले अनुदान (विवेकाधीन और गैर-विवेकाधीन अनुदान) पर आर्थिक रूप से निर्भर रहती हैं। मोटे तौर पर, पंचायतों के पास धन के तीन मुख्य स्रोत - राजस्व के अपने स्वयं के स्रोत (स्थानीय कर, सामान्य संपत्ति संसाधनों से राजस्व, आदि), केंद्र और राज्य सरकारों से सहायता अनुदान, और विवेकाधीन या योजना-आधारित धन होते हैं । राजस्व के अपने स्वयं के स्रोत (कर और गैर-कर दोनों) कुल पंचायत निधियों के एक छोटे से अनुपात का गठन करते हैं। पंचायतों के लिए विवेकाधीन अनुदानों तक पहुंच राजनीतिक और नौकरशाही संबंधों पर निर्भर करती है।
स्वीकृत धनराशि को पंचायत खातों में स्थानांतरित करने में अत्यधिक देरी से स्थानीय विकास रुक जाता है। उन्हें आबंटित धन का उपयोग कैसे करना हैं, इस पर भी गंभीर प्रतिबंध हैं। राज्य सरकारें प्रायः पंचायत निधियों के माध्यम से विभिन्न व्ययों पर खर्च की सीमाएँ लगाती हैं। जैसे हाल ही में हरियाणा में सरकार ग्राम पंचायत में ई-प्रणाली शुरू करने जा रही है। ग्राम पंचायत में इस तरह की प्रणाली पर काम नहीं हो पाएगा। ऐसे में गांवों के विकास कार्य प्रभावित होंगे। विकास कार्य न होने पर ग्रामीण भी सड़कों पर उतर जाएंगे। पंचायत निधि खर्च करने के लिए दोहरे प्राधिकरण की व्यवस्था करती है।

जानकारी

# तवांग मठ, अरुणाचल



नार्थ ईस्ट की घूमने की सबसे बेहतरीन जगहों में से एक तवांग मठ को माना जाता है। अरुणाचल प्रदेश में 10,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित तवांग मठ घाटी मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करता है। यह करीबन 450 भिक्षुओं का घर है। आप शाम के समय तवांड नदी के मनोरम दृश्य को बैठकर निहार सकते हैं। यह रात में अपनी आकाशीय सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है, और आपको पूर्णिमा की रात को इसकी यात्रा करने की योजना बनानी चाहिए।

## सियांग नदी, अरुणाचल प्रदेश

अगर आपको एडवेंचर्स एक्टिविटी करना बेहद अच्छा लगता है तो ऐसे में आपको अरुणाचल प्रदेश में स्थित सियांग नदी को अवश्य देखना चाहिए। इसे ब्रह्मपुत्र नदी की एक सहायक नदी के रूप में जाना जाता है और यहां पर रिवर राफ्टिंग एक प्रमुख आकर्षण है। आपको यहां पर अक्टूबर के अंत और नवंबर की शुरूआत के दौरान घूमने के लिए जाना चाहिए।

# 91 रुपये में 28 दिन चलता है Jio प्रीपेड प्लान

नई दिल्ली: अगर आपसे यह कहा जाए कि 91 रुपये में महीने भर की वैधता वाला प्रीपेड प्लान मिल सकता है तो क्या आपको यकीन होगा। जी हां आज हम आपको एक ऐसे ही प्रीपेड प्लान के बारे में बता रहे हैं, जिसमें 28 दिनों के लिए अनलिमिटेड कॉलिंग और डाटा मिलता है।




देश की दिग्गज टेलीकॉम कंपनी Jio अपने जियोफोन यूजर्स के लिए खास इस प्लान की पेशकश करती है। यहां हम आपको जियो के 91 रुपये वाले प्रीपेड प्लान के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।
**Jio का 91 रुपये वाला प्रीपेड प्लान:** Jio के 91 रुपये वाले प्रीपेड प्लान में अनलिमिटेड कॉलिंग दी जाती है। डाटा की बात करें तो इस प्लान में डेली 100MB डाटा दिया जाता है, जिसके साथ अलग से 200MB डाटा भी मिलता है। कुल मिलाकर यह डाटा 3GB बैठता है। एसएमएस की बात करें तो इस प्लान में रोजाना 50SMS मिलता है। अन्य फायदों की बात की जाए तो इस प्लान में Jio Apps का मुफ्त एक्सेस मिलता है। वैधता की बात करें तो इस प्लान में 28 दिनों की वैधता दी जाती है। ध्यान देने वाली बात यह है कि यह प्लान सिर्फ JioPhones के लिए ही है। हाई स्पीड डाटा लिमिट खत्म होने के बाद इंटरनेट स्पीड 64 Kbps तक कम हो जाती है।
**Vodafone Idea का 99 रुपये वाला प्रीपेड प्लान:** Vodafone Idea के 99 रुपये वाले प्रीपेड प्लान में 200MB डाटा दिया जाता है। वॉयस कॉलिंग के लिए इस प्लान में 99 रुपये का टॉकटाइम दिया जाता है। लोकल और एसटीडी कॉल के लिए 2.5 पैसे प्रति सेकंड चार्ज लगता है। वैधता की बात करें तो इस प्लान में 28 दिनों की वैधता दी जाती है।
**Airtel का 98 रुपये वाला प्रीपेड प्लान:** Airtel के 98 रुपये वाले प्रीपेड प्लान में 5GB डाटा दिया जाता है। वैधता की बात करें तो इस प्लान में मौजूदा प्लान के जितनी वैधता मिलती है।

साइबर दुनिया

## टॉप ट्वीट

"इसरो को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से ईओएस07, जानूस-1 और आजादीसैट-2 को ले जाने वाले एसएसएलवी डी2 का सफल प्रक्षेपण करने के लिए बधाई।"
**डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन**
तेलंगाना की राज्यपाल





"जहां तक मुझे याद है मुझे संगीत के प्रति एक अलग ही जूनून है। लम्बे समय से भूषण कुमार सर, मेरे सबसे प्यारे दोस्त और भाई गुरु पाजी के साथ काम करने का सपना आखिरकार अब जा के साकार हुआ है।
**कपिल शर्मा**
बॉलिवुड कॉमेडियन

संपादक के नाम पत्र

## पाकिस्तान का हिन्दुओं पर हमले जारी

पाकिस्तान वर्तमान में विश्व समुदाय से बिछड़ चुका है ।पाकिस्तान की कंगाली से हर शख्स मुसीबत में है ।महंगाई के दाम आसमान छू रहा है ।खाने के लाले है ।सरकार गरीबो का पेट भरने के लायक नही है ।गरीबी में आटा गिला वाली कहावत पाकिस्तान पर फिट बैठ रही है ।आटे के क्लस्तर खाली है ।पेट्रोल डीजल के दाम आसमान छू रहे है ।हर आवाम में खौफजदा है ।दहशतगर्दी बढ़ती जा रही है ।उसके बाद भी भारत से लोहा लेने की बात कर रहा है ।पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने भारत के प्रधानमंत्री मोदी सरकार की भूरी भूरी प्रशंसा की है ।लीडरशिप की दाद दी गई है ।वही इमरान खान कश्मीर का राग अलापना नही छोड़ रहे है ।प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की हैकडी कम नही है ।उन्होंने भी भारत से कश्मीर छीनने की बात कही थी ।पाकिस्तान की हालात खराब है ।840 अरब डॉलर के कर्जदार पाकिस्तान क्या फिर से खड़ा हो पायेगा?अगर नही तो शरीफ को देश को पटरी पर लाने के लिए विकल्प ढूंढना होगा ।दरदर की ठोकरे खाने वाले पाकिस्तान को महंगाई को काबू करने के लिए विदेशी भंडार खड़ा करने के लिए लोन लेना ही होगा ।भारत की तरफ आशा लगाए बैठे पाकिस्तान के आवाम को खबर है कि पाकिस्तान ने भारत के साथ अच्छा सलूक नही किया है ।निदोर्षों की जान से खेलने वाले पाक पर रहम की जाए?आईएमएफ ने मदद के लिए हाथ खींच लिए है ।मुस्लिम देशों पर भरोसा करता आया पाकिस्तान को यूएई और अरब अमीरात ने भारत से बात करने की सलाह दी है ।पाकिस्तान के हुक्मरान भारत से किस लिए बात करेंगे क्योकि पाकिस्तान ने कश्मीर और भारत मे बम ब्लास्ट से सैकड़ो माताओं की गोद सुनी कर दी है ।पाकिस्तान में हाल ही में सिख समुदाय के एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने और पगड़ी फाड़ने के समाचार मिले है ।जिसकी पड़ोसियों के साथ एफआईआर दर्ज करवाई है ।पाकिस्तान से वीजा लेकर भारत आ रहे वाघा बॉर्डर पर 190 यात्रियों को बॉर्डर ऑथोरिटी ने यह कहकर रोक लिया है कि तुम वहाँ जाकर पाकिस्तान की बदनामी करते है ।अब पाकिस्तान की माली हालत दुनिया जानती है तब भारत मे बदनामी हो या नही हो,क्या फर्क पड़ता है ।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### दो दिवसीय रक्तदान शिविर का हुआ समापन

**हजारीबाग** : हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल में दिन शुक्रवार को वार्षिक उत्सव के मौके पर थैलेसीमिया एवं अन्य जरूरतमंद मरीजों के सहायतार्थ में श्रीनिवास ब्लड सेंटर द्वारा दो दिवसीय रक्तदान शिविर का समापन किया गया। दो दिवसीय रक्तदान शिविर का समापन में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग डीएसपी महेश।

## सिटी अपडेट्स >>

### खुखरा पैक्स अध्यक्ष बने उदय पाठक

पीरटांड़ : खुखरा प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लि. (पैक्स) के चुनाव में खुखरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य केशव पाठक के बड़े भाई उदय कुमार पाठक कुल 37 मत लाकर नए पैक्स अध्यक्ष बन गए हैं, उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी विक्रम वर्णवाल को 4 मतों से पराजित किया। विक्रम वर्णवाल को कुल 33 मत एवं उदय कुमार पाठक को 37 मत प्राप्त हुआ । इस तरह विक्रम वर्णवाल दूसरे स्थान पे रहे, और चुनाव अधिकारी ने उदय कुमार पाठक को विजयी घोषित कर दिया। पैक्स अध्यक्ष बनने के बाद पाठक ने मतदाताओं को धन्यवाद दिया। वहीं पैक्स अध्यक्ष बनने पर लोगों ने दी बधाई। मुखिया सुनैना देवी पूर्व उप मुखिया राजेन्द्र मंडल,सा शा ब्रा म के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष संजीव मिश्रा, जिला अध्यक्ष शरत भक्त, भोलानाथ मंडल, नीलकंठ यादव, संजय मंडल सहित कई लोगों ने बधाई दी है। मौके पर निर्वाचन पदाधिकारी सह बीसीओ अशोक कुमार अग्रवाल, जितेंद्र कुमार, मधुबन पैक्स प्रबंधक मोहन कर्मकार, हांडा डीह प्रबंधक आनंद कुमार सिन्हा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### 'बहुमंजिला भवनों की जांच की गई

**हजारीबाग**: सहायक नगर आयुक्त शताब्दी मजूमदार के नेतृत्व में नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत बहुमंजिला भवनों,अपार्टमेंट तथा हॉस्पिटल में अग्निशमन एवं आगजनी से बचाव हेतु निर्धारित प्रावधानों का अनुपालन किया गया है कि नही इसकी की जांच की गई ।इसमें श्रीधर रेसिडेंसी , राजनन्दनी ,विजय एवं सपना डेवलपर्स के तीन टावर, हजारीबाग होम के सात टावर ,कार्मेल स्कूल,रामेश्वरम अपार्टमेंट, आरोग्यम हॉस्पिटल, इंद्रलोक टावर की जांच की गई। इसमें अग्निशमन दिशानिर्देश तथा फायर एन ओ सी की जांच की गई ।सभी को इनका अनुपालन करने को कहा गया है। इस जांच में दीपक कुमार दुबे, कार्यपालक दंडाधिकारी, रामयश सिंह, प्रभारी अग्निशमन पदाधिकारी, आलोक नारायण नगर निवेशक उपस्थित थे।

### एनटीपीसी केरेडारी कन्वेयर का काम 20 दिनों से बंद है

**हजारीबाग** : हजारीबाग पांडु ग्राम में निर्माणधीन एल.एंड.टी कन्वेयर बेल्ट के कार्य को 20 दिनों से कुछ लोगों के निजी स्वार्थ के चलते बंद कर रखा है। कन्वेयर बेल्ट के कार्य को बंद करने का सबसे ज्यादा नुकसान भी ग्रामीणों को हो रहा है। एनटीपीसी एवं एल.एंड.टी के अधिकारियों द्वारा लगातार ग्राम वासियों को समझाया जा रहा लेकिन कुछ स्वार्थी लोग अपने मतलब के लिए गरीब मजदूरों कि जीविका को दांव पर लगा कर राजनीति कर रहें हैं। सरकारी कार्य में अवैध तरीके से बाधा उत्पन्न करना गैर कानूनी है एवं राष्ट्रीय हित की भी हानि है। एनटीपीसी सदैव ही ग्रामीणों के हितों को ध्यान में रख ।

**कार्रवाई** उपायुक्त के निर्देश पर जिला टास्क फोर्स की टीम ने छापेमारी की

# खनन टास्क फोर्स के छापे में आधा दर्जन से अधिक का प्लांट हुआ सील

▶▶ आधा दर्जन से अधिक क्रशरों को सील कर दिया

राष्ट्रीय खबर

**साहिबगंज** : जिला टास्क फोर्स की टीम में अवैध खनन के खिलाफ मुहिम चलाते हुए शुक्रवार को जिले के तालझारी एवं बोरियो प्रखंड के विभिन्न इलाकों में छापेमारी अभियान चलाकर तकरीबन आधा दर्जन से अधिक क्रशरों को सील कर दिया। टीम की अगुवाई जिला खनन पदाधिकारी विभूति कुमार ने की। तालझारी वीडियो सह सीओ साइमन मरांडी भी टीम के साथ मौजूद थे।

बाद में साहिबगंज के एसडीओ भी टीम में शामिल हुए। टीम सबसे पहले जिले के तालझारी प्रखंड अंतर्गत सकरी गली के गदवा पहाड़ पहुंची, जहां उन्होंने तकरीबन 8 क्रशरों की जांच की, जांच के बाद 6 क्रशरों को सील कर दिया।

जांच के क्रम मे टास्क फोर्स की टीम ने क्रशरों में एनजीटी की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन हो रहा है या नहीं? इसकी जांच की। साथ ही बीते 6,7 और 8 फरवरी को क्रशरों द्वारा की गई पत्थर चिप्स की बिक्री के माइनिंग चालान और इसके रजिस्टर की जांच की। इस दौरान एनजीटी के दिशा निदेशों का पालन नहीं करने और 6, 7 और 8 फरवरी को बेचे गए पत्थर चिप्स की माइनिंग चालान और इससे संबंधित खाता नहीं दिखा पाने के आरोप में सकरीगली गदवा पहाड़ में 6 क्रेशर प्लांट ओं को सील कर दिया।



बाद में टीम ने तालझारी प्रखंड के बोहा पहाड़ और बोरियो प्रखंड के जिलेबिया घाटी में संचालित क्रशर प्लांटों की भी जांच की। जांच के बाद एनजीटी के आदेश का अनुपालन नहीं करने वाले कुछ क्रशर प्लांटों को सील कर दिया। दरअसल बीते 8 फरवरी को उपायुक्त ने भ्रमण के क्रम में बोरियो प्रखंड के इलाके से बिना माइनिंग चालान के परिवहन कर रहे पत्थर चिप्स लदे 14 हाईवे और ट्रकों को जप्त किया था। इस दौरान तीन चालक और खलासी को भी गिरफ्तार किया गया था।

## डीडीसी ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

▶▶ स्टोर रूम को व्यवस्थित करने का दिया निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**धनबाद** : उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने आज सदर अस्पताल पहुंचकर मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का फाइलेरिया की दवा का सेवन कर शुभारंभ किया। दवा का सेवन करने के बाद उन्होंने कहा कि लोगों को स्वस्थ और रोग मुक्त रखने के संकल्प को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आज से जिले में शुभारंभ किया गया है। 11 फरवरी से 25 फरवरी तक छूट हुए लोगों को दवा प्रशासक द्वारा घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने दवा खिलाई जाएगी। इसके बाद उन्होंने सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा के साथ अस्पताल में मरीजों के इलाज की व्यवस्थाओं तथा सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने हर विभाग में जाकर मरीजों को मिलने वाली दवा तथा इलाज में काम आने वाले उपकरणों से संबंधित रजिस्टर की जांच की। इसके बाद डीडीसी ने सदर अस्पताल के स्टोर रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि स्टोररूम में सभी वस्तुओं को सुव्यवस्थित तरीके से रखें। यह सुनिश्चित करें कि इसमें रखी दवा की डिलीवरी मरीज तक हो। उसका पूरा रिकॉर्ड संधारण करके रखें। अस्पताल के सुचारू संचालन में ओपीडी की तरह स्टोररूम की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। साथ ही अग्निशमन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर फायर फाइटिंग सिस्टम स्थापित करने, आपातकाल की स्थिति में निकासी द्वार व अन्य बिंदुओं पर निर्देश दिए। मौके पर डॉ सुनील कुमार, फाइलेरिया पदाधिकारी डॉक्टर सुधा सिंह, वीबीडी पदाधिकारी रमेश कुमार सिंह व अन्य लोग मौजूद थे।

## कुजामा आउटसोर्सिंग में रोजगार को ले ग्रामीणों का प्रदर्शन

राष्ट्रीय खबर

**झरिया** : कुजामा आउटसोसिंग परियोजना में रोजगार, ट्रक लोडिंग के माध्यम से स्थानीय विस्थापित एवं प्रभावितों को गोलकडीह रोजगार मोहल्ला में पानी की व्यवस्था आदि मांगों को लेकर जनता मजदूर संघ असंगठित मजदूर मोर्चा ने गोलकडीह मैं प्रदर्शन कर प्रबंधन को चेतावनी दिया। मुख्य रूप से मोर्चा के नेता शंभूनाथ राम ने बताया कि प्रबंधन ने यहां के लोगों का ठगने का काम किया है। घनुडीह से लोगों को विस्थापित पर बेलघरिया भेजा लेकिन रोजगार नहीं मिला आज अगल बगल में आउटसोर्सिंग परियोजना चल रहा है लेकिन स्थानीय लोग ठगे जा रहे हैं जनप्रतिनिधि भी ध्यान नहीं दे रहा। रोजगार में प्राथमिकता नहीं दी जा रही है इसीलिए 15 फरवरी को रोजगार पानी बिजली आदि मांगों को लेकर गोलकडीह परियोजना कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। इसके पहले भी प्रबंधन ने आश्वासन दिया था स्थानीय बेरोजगारों को ट्रक लोडिंग के माध्यम से रोजगार दिया जाएगा वह भी नहीं दिया गया अब आंदोलन के सिवा कोई रास्ता नहीं है इस बार आर-पार की लड़ाई होगी। मौके पर कृष्णा भुइयां, दीपक कुमार, सुनील कुमार, चंदन कुमार, बंटी भुइयां, विष्णु भुइयां, परमेश्वर, सुनीता देवी, पिंकी देवी, उर्मिला देवी, लक्ष्मी देवी, खुशबू देवी, सागर आदि थे।



मामले की होगी गंभीरता से जांचः तापिन साउथ पीओ

## पीएलआर कंपनी कर रही है स्थानीय मजदूरों का शोषण

राष्ट्रीय खबर

**चरही** : चरही सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र के तापिन साउथ ओपन कास्ट कोल परियोजना में संविदा पर खनन और ओबी हटाने के कार्य मे लगी आउटसोर्सिंग कंपनी मेसर्स पीएलआर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने स्थानीय मजदूरों/कर्मचारियों का भविष्य निधि में पंजीकरण नही करवाया है। वही व्यक्तिगत बीमा की जगह ग्रुप में बीमा करवाया गया है। सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त कंपनी में गैर स्थानीय कर्मियों की संख्या 104 है और स्थानीय-प्रभावित कर्मियों की संख्या 37 है। प्राप्त सूचना के अनुसार गैर-स्थानीय कर्मियों को चार श्रेणियों में बांटा गया है, हाई




स्किल्ड, स्किल्ड, सेमी स्किल्ड और अनस्किल्ड। वही 37 लोगों की सूची में स्थानीय/प्रभावित कर्मियों की श्रेणियों के जिक्र नही किया गया। आपको बता दे कि कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923, घातक दुर्घटना अधिनियम और सामान्य कानून के अनुसार नियोक्ता कंपनी को सभी कर्मचारियों का बीमा करने का प्रावधान है। वही कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952 के मुताबिक किसी कंपनी में 20 से अधिक कामगार होने पर उसका पंजीकरण अनिवार्य है। परंतु तापिन साउथ कोयला खनन में लगे आउटसोर्सिंग कंपनी के इस रवैये ने हकीकत को सामने ला दिया है। ताज्जुब की बात यह है कि इन सब में सीसीएल के अधिकारी मौन धारण किये हुए है। स्थानीय प्रभावित कर्मियों के खाते में वेतन की जगह फिक्स्ड नगद वेतन का होता है स्थानीय प्रभावित कर्मियों को कम वेतन देने के मामले को लेकर सीसीएल तापिन साउथ परियोजना पदाधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने मामले की गंभीरता से जांच कराने की बात कही।

## व्यवहारिक अनुभव के लिए नजदीक की स्कूल में दें आवंटन



राष्ट्रीय खबर

**साहिबगंज** : साहिबगंज महाविद्यालय के बीएड सेमेस्टर 3 के छात्र-छात्राएं शुक्रवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां जिला शिक्षा पदाधिकारी को एक आवेदन देकर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए गृह प्रखंड के किसी नजदीकी विद्यालय में आवंटन दिए जाने की मांग की। छात्र-छात्राओं ने आवेदन के माध्यम से कहा है कि बीएड के छात्र-छात्राओं को व्यवहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए जो विद्यालय आवंटित किया गया है, वे सारे विद्यालय छात्र छात्रा के आवास से काफी दूर है, जिससे प्रतिदिन उक्त विद्यालय जाकर व्यवहारिक अनुभव कार्य करना असंभव है। ऐसी स्थिति मैं सभी छात्र छात्राओं को व्यवहारिक कार्य करने में कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध किया गया है कि स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सभी छात्र छात्राओं को उनके गृह प्रखंड के किसी नजदीकी विद्यालय को आवंटन कराया जाए, ताकि छात्र छात्राएं को व्यवहारिक अनुभव का कार्य आसानी पूर्वक कर सके। मौके पर गौरव कुमार, विनीता कुमारी, पूजा कुमारी, प्रणव कुमार समेत अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

**बैठक** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत 288 मार्गों को गजट नोटिफिकेशन की अनुशंसा

# परिवहन विभाग को भेजने का लिया गया निर्णय

▶▶ अभिकर्ता अनुज्ञप्ति मामले में 03 निर्गत एवं 04 नवीकरण संबंधित मामलों को किया गया स्वीकृत

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग आयुक्त-सह-अध्यक्ष क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार श्री चंद्र किशोर उरांव की अध्यक्षता में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार की पांचवी बैठक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल कार्यालय के सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक के दौरान परमिट आवेदकों द्वारा परमिट संबंधित कई मामलों एवं समस्याओं का जिक्र किया गया जिसके पश्चात सदस्यों एवं आयुक्त महोदय द्वारा समस्याओं पर



विचार-विमर्श कर उचित निर्णय लिए गए। मुख्य रुप से बैठक में बीमा, फिटनेस प्रमाण पत्र एवं कर बकाया संबंधित मामले पर जांच कर परमिट नवीकरण हेतु निर्णय लिए गए हैं।

बैठक के दौरान अन्य प्राधिकार से निर्गत अस्थाई परमिट प्रति हस्ताक्षर के चार आवेदनों पर विचार किया गया है।

वहीं अन्य प्राधिकार से निर्गत अस्थाई परमिट प्रति हस्ताक्षर नवीकरण के 13 आवेदनों पर निर्णय लिए गए हैं। सामान्य रूट एवं वातानुकूलित बस सेवा के अस्थाई व स्थाई परमिट हेतु लिए गए उचित निर्णय। आज के प्रस्तावित बैठक में सामान्य रूट बस सेवा के स्थाई परमिट हेतु 48 आवेदनों पर विचार-विमर्श कर परमिट निर्गत करने संबंधित निर्णय लिए गए हैं। वही सामान्य रुट बस सेवा के अंतर्गत 3 आवेदनों पर अस्थाई परमिट हेतु विचार कर स्वीकृति हेतु आदेश जारी किया गया है। साथ ही आयुक्त-सह-अध्यक्ष महोदय द्वारा वातानुकूलित बसों के 19 आवेदनों पर स्थाई परमिट हेतु विचार किया गया तो वही अस्थाई परमिट के लिए 01 आवेदन पर विचार कर परमिट सम्बंधित निर्णय लिया गया हैं। आयुक्त-सह-अध्यक्ष क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार श्री उरांव द्वारा आज के प्रस्तावित बैठक में ज्ञात अभिकर्ता अनुज्ञप्ति मामले में तीन निर्गत मामलों पर स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही अभिकर्ता अनुज्ञप्ति के चार नवीकरण संबंधित मामले के लिए स्वीकृति दी गई है। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के अंतर्गत पड़नेवाले 288 मार्गों को गजट नोटिफिकेशन के लिए अनुशंसा हेतु परिवहन विभाग भेजने का निर्णय लिया गया हैं। परिवहन विभाग से अनुशंसा के उपरांत इस संबंध में उचित निर्णय आदेशित किया जाएगा।

## न्यूज फटाफट

### पतंजलि योगपीठ के द्वारा चल रहे योग आज आठवें दिन जारीः डॉ0 कौशल



**इचाक** : इचाक बोधी बागी कुरहा इचाक में योग शिविर के सातवें एवं अन्तिम दिन राज प्रभारी रामजीवन पांडेय द्वारा यौगिक जोगिंग, सुर्य नमस्कार, तडातक, बाह्य प्रणायम, प्रणायम, सूक्ष्म ब्ययाम, उजैय आदि आसनो को बिस्तार से बताये एवं इस से होने वाला लाभ को बताये। योग शिक्षक डा. कौशल कुमार, डा. प्रमोद कुमार, योग शिक्षिका ललिता कुमारी ने इस सात दिवसीय शिविर विभिन्न तरह के योग प्रणायाम, आसन सिखाया। इस शिविर में मुख्य रुप से कुरहा मुखिया संगीता देवी, कारीमाटी पंचायत मुखिया किरन देवी बरका खुर्द मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधि, कुरहा, बरवां ,तेतरिया इचाक, गुँजा आदि गाँव के ग्रामीण योग प्रेमी भाई बहन उपस्थित हो कर इस योग शिविर से लाभ लिया। ग्रामीणों के विशेष मांग पर यहाँ शिविर नियमित किया गया, कल भी शिविर जारी रहेगा। अधिक से अधिक योग प्रेमी आवें और इससे लाभ लें।

### हमारा स्वास्थ्य और योग पर महाविद्यालय में सेमिनार

**इचाक** : इचाक जगरनाथ महतो इंटर महाविद्यालय उरूका इचाक में आज ह्नहमारा स्वास्थ्य और योगह्न पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो0 बसंत कुमार तथा संचालन प्रो राजेंद्र यादव ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता, पतंजलि योगपीठ भारत स्वाभिमान झारखंड के राज्य प्रभारी रामजीवन पांडे, हजारीबाग जिला योग विस्तारक प्रभारी डॉ0 प्रमोद कुमार, इचाक महिला प्रभारी ललिता जी एवं पी उषा जी की उपस्थिति बच्चों को कार्यक्रम में बांधे रखा। महाविद्यालय के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि -स्वास्थ्य ही धन है और उत्तम स्वास्थ्य के आधार पर आप कोई भी मुकाम को हासिल कर सकते हैं। पतंजलि योगपीठ भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी ने कहा कि -अपने जीवन की दिनचर्या में परिवर्तन कर निरोग रह सकते हैं। आज पूरा विश्व अपना आहार और व्यवहार में परिवर्तन कर रोगग्रस्त हो रहा है। उन्होंने बच्चों को यादास्त शक्ति बढ़ाने के लिए विभिन्न आसन एवं योग का भी जिक्र किया। कार्यक्रम में शिक्षक प्रतिनिधि प्रो0 विजय कुमार दास, प्रो0 रामप्रकाश मेहता प्रो0 प्रदीप कुमार तथा पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित था।

### पंचायत समिति की बैठक संपन्न



**पीरटांड़** : पीरटांड़ प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजित कि गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख सविता टुडू ने किया, जबकि संचालन जीपीएस इंद्रजीत महतो ने की। बैठक में मुख्य रूप से उप प्रमुख महेंद्र प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार, सीओ विनय प्रकाश तिग्गा एवं सम्बंधित विभाज के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में पंचायत समिति सदस्य ने पीएम आवास, शिक्षा, विद्युत आपूर्ति, भूमि परिमार्जन, स्वास्थ्य समेत कई विकास योजनाओं पर चर्चा की। वहीं बैठक में स्थाई समिति का गठन भी किया गया, जिसमे कृषि एवं उद्योग विभाग के सभापति बने योगेंद्र तिवारी, सहकारिता विभाग के लिए केशव पाठक को चुना गया। बैठक में पंसस जोगेंद्र तिवारी ने स्वास्थ्य विभाग में सरकार द्वारा आए राशि के कामो का विवरण मांगा है। जबकि पंसस नवीन सिंह ने स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी कई समस्याओं को उठाया। सिंह ने स्वास्थ्य विभाग से राजो उप स्वस्थ केंद्र में डॉ की मांग कि है एवं गोलाडाबर में स्कूल की अनुशंसा के लिए शिक्षा विभाग के बीइओ को बोला गया है। साथ ही प्रखंड में नये विकास योजनाओं पर चर्चा भी कि गई। बैठक में पंचायत समिति सदस्य केशव पाठक, जोगेंद्र तिवारी, नवीन सिंह, अलका देवी, भवानी देवी, रिंकी देवी के अलावे सभी पंसस एवं विभाग के पदाधिकारी शामिल थे।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**हजारीबाग** : गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका थीम ह्यएक भारत श्रेष्ठ भारतह्न रखा गया था। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत बी.एड. एवं डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा एक से बढ़कर एक पोस्टर का निर्माण किया। इसमें महान स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए प्रशिक्षुओं ने आजादी के महासंग्राम में महापुरुषों की कृतियों को दशार्ते हुए जीवंत पोस्टर बनाया। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े कई पहलुओं को भी दशार्या। साथ ही पोस्टर के माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत का भी संदेश दिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोनू कुमार, द्वितीय स्थान ब्यूटी दत्ता एवम् अंशिता कुमारी और तृतीय स्थान आकाश कुमार तथा प्रशांत सागर हेंब्रम ने प्राप्त किया। मौके पर प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव, उप प्राचार्य डॉ प्रमोद प्रसाद, प्रभारी विभागाध्यक्ष महेश प्रसाद, व्याख्याता पुष्पा कुमारी, डॉ पुष्पा कुमारी, रचना कुमारी, दीपमाला, परमेश्वर कुमार यादव, अब्राहम धान, छोटीलाल प्रसाद, एसएस मैती, नंदकिशोर कुमार, अखौरी विकास प्रसाद, संजय कुमार वर्मा, ज्योति हेमा एक्का, राजकुमार साव आदि उपस्थित थे।

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हजारीबाग : होटल ए.के.इंटरनेशनल हजारीबाग में विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से हस्तशिल्प विकास संस्थान हजारीबाग द्वारा अनुसूचित जाति समुदाय के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। जिसमें पुष्प राजन सहायक निदेशक, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार, आलोक रंजन कल्याण पदाधिकारी हजारीबाग, प्रेम प्रकाश सिंह डी.डी.एम.नाबार्ड हजारीबाग,डॉ.घनशयाम सिंह वरीय वैज्ञानिक, संजय सिंह सचिव जन जागरण केंद्र, हजारीबाग नरेश ठाकुर, सचिव हस्तशिल्प विकास संस्थान हजारीबाग के द्वारा किया गया। इस मौके पर अनुसंधान ओर विकास योजना के तहत कार्यशाला में 50 शिल्पकारी भाग लिए वन्ही इस कार्यशाल में जी.एस.टी.,जेम पोर्टल, मुद्रा लोन,हस्तशिल्पी पहचान पत्र तथा अन्य कल्याणकारी योजनायों के बारे में जानकारी दी गयी । इस कार्यक्रम में शांति देवी,पुष्पा देवी, संजय गोप,जोगेंद्र कुमार ने सहयोग किया।

### 10 वर्षो से लंबित भविष्य निधि का हुआ भुगतान

**हजारीबाग**: जिला भविष्य निधि पदाधिकारी सह ज़िला कोषागार पदाधिकारी की पहल पर रिटायर्ड शिक्षक को भविष्य निधि राशि का भुगतान किया गया। परिचय देते हुए भविष्य निधि के उल्लेखनीय है कि भविष्य निधि पदाधिकारी के रूप में प्रभार लेने के पश्चात उज्जवल कुमार चौरसिया ने भविष्य निधि कार्यालय के कार्यो की समीक्षा के दौरान उन्हें यह पता चला कि बालेष्वर प्रसाद यादव जो उत्क्रमित मध्य विद्यालय पेटूला चैपारण-1, हजारीबाग से दिनांक 28.02.2013 को सेवानिवृत हुए थे तथा वर्तमान में बहुत अधिक बीमारी की अवस्था में विस्तर पर है, के भविष्य निधि राशि की निकासी सेवानिवृति के 10 वर्षो के पश्चात भी नहीं हो पाई है। मामले के संज्ञान में लाने पर पता चला कि संबंधित कर्मी का भविष्य निधि लेखा संख्या गलत रहने के कारण एवं वर्ष 1985-86 तक का अन्त:शेष एवं वर्ष 1986-87 से वर्ष 2009-10 तक सत्यापित कटौती विवरणी एवं अन्य आवशयक अभिलेख अप्राप्त रहने के कारण भविष्य निधि की राशि की निकासी का मामला अभी तक निष्पादित नहीं हो पाया है।

## प्रदेश >> अपडेट

### बच्चे किए गए पुरस्कृत

पाकुड : बंगाली बालिका मध्य विद्यालय मेथोडिस्ट मिशन कम्पाउन्ड पाकुड़ में वार्षिक पुरस्कार दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुभादत्ता द्वारा वार्षिक पुरस्कार दिवस के आयोजन के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### एम डी ए -23 कार्यक्रम 25 तक

पेटरवार : पेटरवार फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर शुक्रवार को विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविकाओं की ओर से फाइलेरिया की दवा खिलाई गयी। प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया ने कहा कि एम डी ए -23 कार्यक्रम शुक्रवार 10 फरवरी से 25 फरवरी तक मनाया जाएगा। जिसके तहत शुक्रवार को बूथ पर एवं 11 से 25 फरवरी तक डोर टू डोर जाकर फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी। बताया कि इस अभियान के अंतर्गत डीइसी ओर एल्बेंडाजोल दवा की एकल खुराक खिलाया जायेगा। कहा कि फाइलेरिया यानी हाथी पांव से बचने के लिए सभी लोगो को साल में एक बार उक्त दवा निश्चित रूप से खानी चाहिए।

### बोल्डर लदे ट्रैक्टर को किया गया जब्त

पेटरवार : पेटरवार प्रखंड के पतकी पंचायत अंतर्गत बागजोबरा वन क्षेत्र से अवैध बोल्डर लदा एक ट्रैक्टर वन कर्मियों ने जब्त किया। यह कार्रवाई वन क्षेत्र पदाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर किया गया। अवैध बोल्डर लदे ट्रैक्टर को जब्त करते हुए वन क्षेत्र कार्यालय पेटरवार लाया गया ।रेंजर ने कहा कि पकड़े गए ट्रैक्टर पर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।वन कर्मियों को एक गुप्त सूचना मिली थी कि बागजोबरा वन क्षेत्र से अवैध रूप से पत्थर का खनन किया जा रहा है ।

# जनता दरबार का हुआ आयोजन

## ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से कराया, समाधान का किया अनुरोध



राष्ट्रीय खबर

मेदिनीनगर (पलामू): उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्तिथ अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया।जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया।

**हुसैनाबाद के पत्रकार और ग्राम नौडीहा के सचिदानंद को उपायुक्त ने ईलाज हेतु 20-20 हजार रुपये का किया आर्थिक सहयोग**

जनता दरबार में उपायुक्त ने हुसैनाबाद के वरिष्ठ पत्रकार परमानंद चौधरी को ईलाज हेतु आर्थिक सहायता के रूप में रेड क्रॉस के माध्यम से 20 हजार रुपये की आर्थिक मदद की।

इसी तरह पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नौडीहा के सचिदानंद सिंह ने उपायुक्त से निवेदन किया कि मैं मोटो निरोल नस से संबंधित बीमारी से ग्रसित हूँ, जिस पर उपायुक्त ने सचिदानंद को ईलाज हेतु 20 हजार रुपये की आर्थिक मदद रेड क्रॉस के माध्यम से की। इसी तरह जनता दरबार में लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कनौदा निवासी धर्मेंद्र उरांव ने सिचाईं एवं मछलीपालन करने के लिए भूमि संरक्षण विभाग से तालाब का जीर्णोद्धार कराने का अनुरोध उपायुक्त से किया। इसी तरह विश्रामपुर थाना क्षेत्र के राजन कुमार ने जमीन मोटेशन करवाने की गुहार उपायुक्त से की।

आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,राशन कार्ड आदि से सबंधित आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# दो बाइक के बीच हुई टक्कर से एक व्यक्ति की हुई मौत



राष्ट्रीय खबर

पेटरवार : पेटरवार दो बाइक के बीच आमने- सामने हुई टक्कर में तीन लोग घायल हो गए जिसमे दो लोगो की स्थिति गंभीर बनी हुई थी। सभी घायलों को पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां जांचोपरांत चिकित्सा प्रभारी डॉ कुंदन राज ने बीरबल चौधरी को मृत घोषित कर दिया। यह घटना शुक्रवार को पेटरवार- तेनु पथ पर ओरदाना के निकट सिसियारी के पास अपराह्न साढ़े तीन बजे की है। गंभीररूप से घायल सुनील घांसी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बोकारो भेज दिया गया है।

रामगढ जिले के गोला थाना क्षेत्र के बूट गोडवा गांव निवासी बीरबल चौधरी (55 वर्ष) ओरदाना स्थित खुटाबाबा मंदिर से पूजा- अर्चना कर बाइक से अपने घर बूट गोडवा लौट रहे थे कि गोला थाना क्षेत्र के चोकाद गांव निवासी सुनील घांसी (35 वर्ष) ओर फुसरो निवासी जीतू घांसी (32 वर्ष) को लेकर फुसरो जा रहा था कि सिसियारी के पास एक हाइवा को ओवरटेक करने के क्रम में सामने से आ रहे बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। दोनों बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। गंभीररूप से घायल ब्यक्तियों को इलाज के लिए अस्पताल आते समय बीरबल चौधरी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बाइक सवार युवक सुनील घांसी की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है।

# पुलिस नशे के गिरफ्त में आए युवकों को राह दिखाई



राष्ट्रीय खबर

गुमला : पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारीब द्वारा एक और सार्थक पहल करते हुए रिहाई - नशे की गिरफ्त से रिहाई नाम का आभियान छेड़ा है जो की नवयुवकों को नशे की लत से रिहाई को ले कर है। यह माना जाता है कि लगभग हर अपराध का जननी नशा है, इसी पहलू पर ध्यान देते हुए गुमला पुलिस अधीक्षक ने नशा पर कुठाराघात किया है, और रिहाई नाम का आभियान छेड़ दिया है।

यह आभियान दो तरह से छेड़ा गया है, एक नशा के विरुद्ध जागरूकता अभियान निकाल कर, शहर के गणमान्य लोगों को साथ ले कर एवं नशे के गिरफ्त में आए नवयुवकों से अनुनय विनय कर के उन्हें नशे के गिरफ्त से रिहा किया जाएगा और दूसरा नशे का कारोबार करने वालों पर कुठाराघात करते हुए उन्हें सलाखों के पिछे बंद किया जाएगा। आज इस आभियान का नीव डालते हुए गुमला पुलिस क्लब में सेमिनार आयोजित किया गया और उसके बाद रिहाई-नशे की गिरफ्त से रिहाई नाम का जागरूकता रथ निकाला गया, जो की गुमला के कोने कोने में घूम कर नवयुवकों को नशे की गिरफ्त में नहीं आने की अपील करेगी।

## न्यूज फटाफट

### वैलिडिटी घटने से लोग परेशान

हरिहरगंज/पलामू : एयरटेल 99 रुपये के रिचार्ज प्लान के रेट बढ़ोतरी और उसकी वैलिडिटी घटने से लोग परेशान हैं। एयरटेल अपनी रेवेन्यू और मार्जिन को बढ़ाने के लिए टैरिफ में संशोधन कर 99 रुपये के प्लान को खत्म कर दिया गया है जो गांव देहात और शहरी क्षेत्र में रहने वाले गरीब व्यक्तियों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। विदित हो कि इसके पहले से ही लोग अपने घरों में कई मोबाइल नम्बर रखते आ रहे हैं। किंतु रिचार्य प्लान के रेट बढ़ने से अब सिर्फ एक या दो नम्बर ही रखने को विवश हैं। बता दें कि टेलिकॉम कंपनियां जिस तरह से रिचार्ज प्लान की कीमत बढ़ाकर प्रयोग कर रही हैं, उससे आम जनता के जेब पर काफी असर पड़ रहा है। बता दें कि 2016 से कस्टमर्स को फ्री में कॉलिंग से लेकर इंटरनेट चलाने की सुविधा ये कंपनियां दे रही थी। तब 4ऋ नया-नया मार्केट में आया था। उसके ठीक 6 साल बाद 5ऋ लॉन्च हुआ है। तेज इंटरनेट का सपना साकार हो उससे पहले ही एयरटेल ने रिचार्ज के रेट में इजाफा कर दिया है। मालुम हो कि एयरटेल ने हाल ही में अपने सबसे कम रिचार्ज प्लान को भी बंद कर दिया है। अब यूजर्स को 99 रुपये की जगह 155 रुपये का भुगतान करना पड़ता है। हालांकि नई स्कीम महंगा और पहले से कम फायदेमंद है। क्योंकि एयरटेल के 99 रुपये के प्लान में 28 दिनों की वैधता को अब 24 दिनों के लिए वैधता दी गई है। यह खासकर उन यूजर्स के लिए समस्या बनेगी जो एक से अधिक एयरटेल सिम का इस्तेमाल करते हैं। इस बाबत कई दिहाड़ी और खेतीहर मजदूरों , रिक्शा व ऑटो चालकों सहित कई जरूरतमंद लोगों का कहना है कि टेलिकॉम कंपनियां लगातार मनमानी तरीके से रिचार्य के दाम बढ़ाने के साथ ही वैधता के दिन घटाते जा रहे हैं बाबजूद इसके सरकारें और जनप्रतिनिधियों का इस पर चुप्पी लोगों को खलती है।

### उपभोक्ताओं की समस्या का किया गया निदान

हुसैनाबाद,पलामू : हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं की लगातार शिकायत मिलने पर विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में विद्युत विभाग के अभियंताओं ने शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, सहायक अभियंता संजय कुमार, कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह मौजूद थे। शिविर में पहुंचे सैकड़ों उपभोक्ताओं ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया। सहायक अभियंता संजय कुमार ने बताया कि एक दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निष्पादन कर दिया गया है। अन्य से आवेदन प्राप्त कर उनके निदान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एनसीपी नेता विनय कुमार सिंह ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं का समाधान छतरपुर या मेदिनीनगर से होना है,उसमे थोड़ा समय लगेगा। उन्होंने कहा कि समय समय पर शिविर लगा कर उपभोक्ताओं की समस्या का निदान किया जायेगा।

### महापंचायत को लेकर बैठक 12को बैठक गुमला में

गुमला : भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल की संयुक्त बैठक 12 फरवरी 2023 को जिला मुख्यालय गुमला में आयोजित की जाएगी। यह बैठक 28 फरवरी 2023 को रांची के राजभवन में आयोजित झारखंड को बचाने और राज्य हित से जुड़े मुद्दों को लेकर महापंचायत की तैयारी को लेकर की जा रही है। बैठक में मुख्य रूप से गुमला व सिसई विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता भाग लेंगे साथ ही महिला मंडल सहयोग संचालन समिति, गुमला के पदाधिकारियों को भी इस बैठक में आमंत्रित किया गया है ।

### फाइलेरिया मुक्ति अभियान का शुभारंभ

गुमला : रायडीह प्रखंड के सिलम गांव में 10 से 25 फरवरी तक चलने वाले फाइलेरिया मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया गया। सिलम पंचायत के उप मुखिया देवमुनी एवं ग्राम स्वास्थ्य और पोषण समिति के अध्यक्ष खुशमन नायक ने डी ई सी एवं अल्बेंडाजोल की गोली खाकर आभियान का सुभारंभ किया और दर्जनों लोगों को अपने हाथों से दवा खिलाई ।गांव के लोगों को दवा खाने के लिए प्रेरित करते हुए खुशमन नायक ने कहा फाइलेरिया बीमारी मच्छड़ के काटने से होता है।

## सफल हो रहा है धीरज का रक्तदान जागरूकता अभियान

# रक्तदान को लेकर लोग हो रहे जागरूक : धीरज मिश्रा



राष्ट्रीय खबर

डालटनगंज : वनजा आरोग्य केंद्र में भर्ती रेड़मा डालटनगंज निवासी शांति देवी को ओ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता की जानकारी मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा के आग्रह पर रोहित सिंह ने सदर अस्पताल स्थित बल्ड बैंक में रक्तदान किया ।

मालूम हो कि डाक्टर अरुण शुक्ला के क्लिनिक में भर्ती रेड़मा डालटनगंज निवासी महिला मरीज शांति देवी को ऑपरेशन के लिए ओ पॉजिटिव बल्ड उपलब्ध नहीं हो पाने पर महिला के परिजन द्वारा पलामू प्रमंडल में रक्तदान को लेकर जागरूकता अभियान चला रहे सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा से संपर्क कर महिला मरीज को रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। तत्पश्चात सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संचालक धीरज मिश्रा ने हिंदू बजरंगी सेना के सक्रिय सदस्य आबादगंज निवासी रोहित सिंह से रक्तदान करवा कर मरीज को रक्त उपलब्ध कराया।

धीरज मिश्रा ने रक्तदाता रोहित सिंह का आभार प्रकट करते हुए कहा कि रक्तदान जीवनदान के समान है।रक्तदान पुण्य का कार्य है। रक्तदान महादान को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के परिणाम स्वरुप, अब लोग जागरूक होकर रक्तदान करने की एक अपील लोगों की जान बचाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं।श्री मिश्रा ने कहा कि अक्सर मामलों में रक्त के जरूरत मंद मरीजों के परिजनों द्वारा अपना रक्तदान नही कर अन्य लोगों से रक्त दान करने का आग्रह किया जाता है।रक्त के जरूरतमंद मरीजों के परिजनों को भी रक्तदान करना चाहिए । बल्ड बैंक में रक्त समुह की मात्रा की कमी न हो इसके लिए श्री मिश्रा ने सभी निजी, सरकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से रक्तदान शिविर का आयोजन करने का अपील किया है।

### ग्रामीणों को किया गया जागरूक

गुमला : नशामुक्ति अभियान की शुरूआत कामडारा में मिशन बदलाव और महिला मंडल प्रखण्ड कामडारा के महिलाओं के सयुंक्त अभियान से शुरू किया गया,अभियान का अगुवाई रॉबर्ट बरला ने किया ।इसमे सबसे पहले नशामुक्ति अभियान की रैली निकाला गया ।रैली मिशन चौक से स्टेडियम तक सभा मे तब्दील हुआ ।सभा को संबोधित करते हुए मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत ने कहा नशा ऐसे बुराई है जिसकी वजह से व्यक्ति अपना अनमोल जीवन समय से पहले ही खो देता है, नशा करने से व्यक्ति अपने शारीरिक व मानसिक संतुलन को नियंत्रित नहीं कर पाता और नशा से बचने की जरूरत है,मिशन बदलाव असम के प्रभारी अधिवक्ता अमर गोपू ने कहा कि नशा से सामाजिक एवं आर्थिक जीवन भी बुरी तरह प्रभावित होता है। समाज सेवी रॉबर्ट बरला ने कहा कि नशे का कुप्रभाव आज विश्व के हर देश में देखा जा रहा और इससे समाज को रोकने की जरूरत है।

# विद्यालयों में हर एक मूलभूत सुविधाएं होगा उपलब्ध



राष्ट्रीय खबर

गुमलाः शुक्रवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुरकुंडा गुमला एवं उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय ढिंढौली में बिल्डिंग विभाग द्वारा बनाए गए निर्माण कार्यों एवं पूर्व में दिए गए निर्देश के आलोक में हुए कार्यों का निरीक्षण किया।

उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय ढिंढौली के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने नए बनाए गए क्लासरूम , एवं विद्यालय में हुए अन्य मरम्मती कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के प्रत्येक कमरों को भी देखा। उपायुक्त ने विद्यालय परिसर में वन विभाग के जर जर भवन को तोड़ने का निर्देश दिया , वहीं उन्होंने चपाकाल ,नए लगे नल , शौचालय , साइकिल रखने की शेड , साइंस लैब की संरचनाओं को देखकर प्रभावित हुए। उन्होंने सभी कमरों की उपर्युक्त इस्तेमाल करने का निर्देश दिया। साथ ही आवश्यक मरम्मती कार्य हेतु विद्यालय के प्रिंसिपल से प्रस्तावना की मांग की। उपायुक्त ने एक भवन को सार्वजनिक पुस्तकालय के रूप में परिवर्तित करने का भी निर्देश दिया। पूर्व के मुकाबले विद्यालय में बेहतरीन शौचालय, अतिरिक्त कमरों , साइकिल शेड निर्माण कार्यों को देखकर उपायुक्त ने हर्ष प्रकट की।

इसी दौरान राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुरकुंडा गुमला में भी उपायुक्त ने सभी कमरों को देखा ।एवं आवश्यक बदलाव करने हेतु दिशा निर्देश दिया। उन्होंने वहां भी सामुदायिक लाइब्रेरी के रूप में कमरे को नामित करते हुए बच्चों एवं उनके परिजनों को लाइब्रेरी का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया । इस दौरान उपायुक्त ने विद्यालय के बच्चों से भी बात चीत की एवं पढ़ाई के प्रति गंभीरता दिखाने एवं बच्चों को मेहनत और लगन से पढ़ने के प्रति प्रेरित किया गया।

# बिहार में भी लागू करना होगा पुलिस आयुक्त की व्यवस्था,तभी थमेगा अपराध







**▶▶ राज्य सरकार इस मामले पर गंभीरता पूर्वक करे विचार**

**▶▶ कई रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों का भी ऐसा ही है मानना**

दीपक नौरंगी

भागलपुरः बिहार में बताया जाता है कि राज्य सरकार के मुखिया नीतीश कुमार अपने लंबे वर्षों के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए लगातार आईएएस अधिकारियों से प्रभावित रहते हैं और बिहार में आईएएस अधिकारी प्रभावशाली है जिसके कारण से पुलिस कमिश्नर व्यवस्था लागू नहीं हो पा रही है इससे लगातार पटना बिहार के कई जिलों में लगातार अपराधिक घटनाओं में इजाफा देखा जा रहा है जिससे हर त्यौहार पर विधि व्यवस्था की स्थिति भी खराब हो रही है अब बिहार के नए डीजीपीआर एस भट्टी के कार्यकाल मुख्यमंत्री को जल्द ही बिहार में कमिश्नर व्यवस्था लागू करने के लिए एक ठोस कदम उठाना चाहिए बिहार मेंबदलते अपराध शैली को लेकर पुलिस व्यवस्था को भी बदलनी जरूरी है।व्यवस्था नहीं बदलने से राज्य के अपराधी बेलगाम हो गए हैं अपराधियों के साथ साथ पुलिस पर भी लगाम लगाने की जरूरत है। यह लगाम तभी लग सकता है,जब राज्य के पुराने प्रमंडलों में पुलिस आयुक्त की व्यवस्था हो। यूपी,दिल्ली,महाराष्ट्र जैसे राज्यों में इस व्यवस्था को लागू करके अपराध को नियंत्रित किया जा चुका है। वर्तमान राज्य सरकार ने कई जगहों आईजी के पद को समाप्त कर दिया है। परिणाम स्वरूप पुलिस की पूरी कार्यप्रणाली ध्वस्त हो चुकी है। पुलिस आयुक्त की व्यवस्था में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की जिम्मेदारी पुलिस की होती है। कई मामलों में मजिस्ट्रेट की भूमिका में भी पुलिस आ जाती है। छोटे मोटे मुकदमे में निर्णय लेने का अधिकार पुलिस आयुक्त को है। इनके अनुशंसा के बिना किसी को हथियार का लाइसेंस नहीं मिल सकता। जिले में ऊंचे पदों पर बैठे लोगों के तबादले का अधिकार भी पुलिस आयुक्त के पास होता है। इनके अधीन दो एडिशनल पुलिस कमिशनर साथ साथ आधे दर्जन से जायदा आईपीएस अधिकारी रहते हैं। यूपी के जिन जिलों में पुलिस आयुक्त प्रणाली की व्यवस्था की गईहै,वहां जधन्य अपराध की घटनाओं में तेजी से कमी आई है। पुलिस की कार्यप्रणाली में भी सुधार हुआ है।दो रिटायर्ड सीनियर आईपीएस अधिकारी का मानना है कि दो दशक पूर्व के अपराध शैली और अब के अपराध शैली में व्यापक बदलाव आया है। अब पुराने तरीक से अपराध नियंत्रित करने के दिन लद गए। साइबर अपराध की घटनाएं अधिक हो रही है। कई मामलों में पुलिस को मजिस्ट्रेट से आदेश लेने के लिए आत्मनिर्भर रहना पड़ता है।

तबतक पुलिस के हाथ से मामला बाहर निकल जाता है। पुलिस आयुक्त प्रणाली के लागूहोने से पुलिस को कई तरह के अतिरिक्त अधिकार मिल जाते हैं। जिससे निर्णय लेने मेंआसानी होती है। भागलपुर ,दरभंगा, पटना,पूर्णिया और सहरसा जैसे शहरों में पुलिस आयुक्त प्रणाली को लागू करना आवश्यक प्रतित होता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार यदि इस मामले में पहल करते हैं, तो उनके खाते में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ जाएगी।

### 40 साल पहले किन राज्यों को बीमारों स्टेट कहा जाता था

बिहार, मध्य प्रदेश ,यूपी, राजस्थान को बिहार 40 साल पहले बीमारू स्टेट माना जाता था उस समय वहां पुलिस कमिश्नर व्यवस्था नहीं थी40 वर्ष पहले लोग बीमारू राज्य कहते थे 40 वर्ष पहले बीमारू का मतलब बी का मतलब बिहार, मां मतलब मध्य प्रदेश, रा मतलब राजस्थान, यू का मतलब यूपी उत्तर प्रदेश इसीलिए 40 वर्ष पहले उन्हें बीमारू राज्य कहा जाता था यह चार राज्य श्रेणी में आते थे इनको बीमारू कहा जाता था चार राज्य में से बिहार छोड़कर सभी में पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू हो चुका है तो बिहार में क्यों नहीं?इसमें से बिहार छोड़कर राजस्थान, मध्य प्रदेश, यूपी में पुलिस कमिश्नर व्यवस्था सुचारू रूप से लागू हो गई है उड़ीसा में भी पुलिस कमिश्नर व्यवस्था लागू होने से वहां जिस राज्य का विकास हो गया वह पुलिस कमिश्नर व्यवस्था पूरी तरह से लागू हो गई इससे साफ तौर पर दिखाया जाता है कि बिहार में अभी तक विकास उस पड़ाव में नहीं पहुंच पाया है जहां उसे पहुंचना चाहिए इसीलिए यहां पूरे राज्य में पुलिस कमिश्नर व्यवस्था लागू नहीं हो पाई है बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कहते हैं कि मेरे सुशासन में विकास हुआ विकास हुआ है मुख्यमंत्री जी बिहार में पुलिस कमिश्नर व्यवस्था सिस्टम पूरी तरह से लागू क्यों नहीं हुआ।

# गर्मी आने के पूर्व खराब चापाकल को करें दुरुस्त :उपायुक्त वरुण रंजन

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** उपायुक्त वरुण रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल पाकुड़ अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 एवं जल जीवन मिशन को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें फेज-2 अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बिंदुवार की गई जिसमें फेज-2 अंतर्गत बनाए जा रहे व्यक्तिगत शौचालयों ,बकाया उपयोगिता प्रमाण पत्र को मार्च में समर्पित करने। चिन्हित ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति पर संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराना जिनका अभी भी उपयोगिता प्रमाण पत्र बकाया रह गया हो ।लक्ष्य के अनुसार उन सभी 262 गांव में कचरा प्रबंधन हेतु बनाए जा रहे अवयवों जैसे सोक पिट, नाडेप, कंपोस्ट पीट एवं महावारी स्वच्छता प्रबंध हेतु भस्मक का निर्माण एवं गोवर्धन योजना प्लास्टिक प्रबंधन योजना हेतु निर्माण की धीमी गति के कारण रोष व्यक्त की एवं कार्यों में तेजी लाते हुए हर हाल में मार्च के अंत तक सभी कार्यों को पूर्ण करने की हिदायत दी गई।



इस अवसर पर कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता प्रमंडल पाकुड़ राहुल वास्तव, सहायक अभियंता अभिजीत, जिला समन्वयक सुमन कुमार मिश्रा, इमरान आलम एवं रितेश कुमार, कनीय अभियंता दिनेश कुमार मंडल, चंदन कुमार, जेम्स मुर्मू के अलावा कई संवेदक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## फाइलेरिया मुक्ति अभियान की हुई शुरूआत



**पाकुड़ :**10 फरवरी से 25 फरवरी तक जिला में चलने वाले फाइलेरिया मुक्ति अभियान के शुभारंभ को लेकर शुक्रवार को शहर के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन उपायुक्त वरुण रंजन व स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर डॉ अनिल कुमार, उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उपायुक्त ने फाइलेरिया मुक्ति अभियान के तहत दिए जाने वाली दवा का सेवन करते हुए कहा कि फाइलेरिया बीमारी को जिला से मुक्त करने के लिए यह अभियान मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत सभी लोगों को दवा का सेवन करना है। उपायुक्त ने कहा कि फाइलेरिया मुख्यत मच्छर के काटने से होता है। अल्बेंडाजोल की गोली निश्चित ही इससे हम लोगों को मुक्ति दिलाएगी। मौके पर मौजूद सिविल सर्जन ने भी उपस्थित बच्चों को कई अहम जानकारी दी। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी श्री कौशलेस कुमार यादव, रीजनल कोऑर्डिनेटर डॉ शांतनु, डॉ इकबाल अंसारी, डॉ अविनाश, शिक्षा विभाग की एपीओ जयेंद्र मिश्रा, एसएमपीओ पवन कुमार समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## सास से हुई कहा सुनी, बहू ने फांसी लगाकर दी जान

राष्ट्रीय खबर

**मरकच्चो:** थाना क्षेत्र मरकच्चो के पंचायत जामू स्थित ग्राम बिंडा में 10 फरवरी को 24 वषीर्या विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। मृतका की पहचान अभिनाश कुमार साव उर्फ पप्पू साव की 24 वर्षीय पत्नी प्रीति कुमारी के रूप में की गयी। जानकारी के अनुसार सास बहू में दो दिनों से कहा सुनी हो रहा था। 10 फरवरी को भी खाना बनाने को लेकर हल्की कहासुनी हुई जिसके बाद बहु प्रीति कुमारी ने अपने कमरे में जाकर साड़ी के सहारे पंखे से लटक कर फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना दिन के लगभग 11 बजे की है। मृतक के घर के बगल की एक महिला ने अपने घर से उसके खुले खिड़की से देखा कि साड़ी से फाँसी लगाए महिला लटक रही है उसके बाद हल्ला की। ततपश्चात आसपड़ोस के लोग आये और महिला को फाँसी के फंदे से उतार कर कही ले जाने की व्यवस्था करते तब तक युवती की जान जा चुकी थी। फाँसी लगा लेने की सूचना मरकच्चो पुलिस को दिया गया। सूचना पाकर मरकच्चो थाना के एसआई उत्तम कुमार बैध, अनिल टोपो अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुँचे एवं शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया मृतक का पति अभिनाश कुमार साव मुम्बई में टैम्पू चलाता है। मृतका का नैहर गिरिडीह जिले के मालदा बादी डीह है।



### भाकपा जिला सचिव ने स्वास्थ्य सुविधाओं की खोली पोल

## बिना पैरवी के नहीं होता इलाज

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** कोडरमा जिले में प्रचार अधिक और काम कम वाली स्थिति है। स्वास्थ्य सुविधाओं में भी यही स्थिति है और पैरवी नहीं रहने पर गरीबों को सदर अस्पताल से निजी क्लिनिक भेज दिया जाता है। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने शुक्रवार को कोडरमा में प्रेस वार्ता कर बताया कि डोमचांच निवासी शिवानी कुमारी 9 फरवरी 2023 को सदर अस्पताल कोडरमा में एडमिट हुई थी। एडमिट होने के बाद 30 घंटे से दिन-रात दर्द एवं पीड़ा से कराहती रही लेकिन शिवानी कुमारी का कोई सुध लेने वाला डॉक्टर एवं नर्स नहीं ले रहे थे। दूसरे दिन रात में डॉक्टर सलाह दिया कि मेरे यहां डॉक्टर नहीं है और अभी इसको ऑपरेशन कर बच्चा आउट करना होगा। इस बात को सुनकर शिवानी कुमारी के परिजन घबरा गए। इसके बाद डॉक्टर ने कहा कि अभी तुरंत इसको तिलैया निजी क्लीनिक में ले जाना होगा और



शिवानी कुमारी को रात में तिलैया निजी क्लीनिक में ले जाने के लिए डिस्चार्ज भी कर दिया गया। डिस्चार्ज करने के पूर्व वहीं भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक कोडरमा सिविल सर्जन से टेलिफोनिक वार्ता कर शिवानी कुमारी को मदद करने की बात कहा लेकिन उन्होंने कोई सुध नहीं लिया। इसके बाद कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन को फोन कर पूरी बात बतायी तो कोडरमा उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिविल सर्जन को आदेश दिया और डॉक्टर को बुलाया गया। तब शिवानी के परिजनों को फोन कर वापस सदर अस्पताल बुलाया गया जहां ऑपरेशन के द्वारा उन्हें बच्ची जन्म हुई। श्री रजक ने कहा कि यह कोडरमा सदर अस्पताल का दुर्भाग्य है। जिस गरीब के पास पैरवी और पहचान नहीं रहेगा उस मरीज का जान कभी भी खतरे में हो सकता है। इसलिए भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि सदर अस्पताल एवं सिविल सर्जन के खिलाफ बहुत जल्द बड़ा आंदोलन करने का फैसला लेंगे और सदर अस्पताल में भ्रष्टाचार एवं बदहाली के खिलाफ आंदोलन तेज करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सदर अस्पताल में कोडरमा की माननीय सांसद एवं माननीय विधायक के द्वारा बराबर निरीक्षण करने के बावजूद हालत में सुधार नहीं किया जा रहा है।

## उपायुक्त ने आदित्य रंजन की मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान की शुरूआत




राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** राजकीयकृत प्लस 2 उच्च विद्यालय कोडरमा में राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन की रोकथाम हेतु मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम की शुरूआत की गयी।

उपायुक्त आदित्य रंजन व सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने स्वयं फाइलेरिया रोधी दवा खाकर अभियान की शुरूआत की। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन में बढ़चढ़ कर भाग ले और फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन अवश्य रुप से करें।

उन्होंने सभी बच्चियों से कहा कि अपने परिजनों, पास-पड़ोस को इसके प्रति जागरुक करें। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने बताया कि फाइलेरिया एक खतरनाक बीमारी है जिससे हाथी पाँव या हाइड्रोसिल होने का खतरा होता है। यह बीमारी मादा क्युलेक्स नामक मच्छर काटने से होती है। संक्रमण के शुरू में कोई लक्षण दिखाई नहीं देता है। संक्रमण के कुछ सालों के बाद बुखार रहने लगता है। कुछ वर्षों के बाद दर्द एवं पैरों में सुजन आने लगती है इस बीमारी ठीक से उपचार नहीं होने पर सुजन स्थायी हो जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रुप से जिला योजना पदाधिकारी खोपलाल राम, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार, जिला कुष्ठ निवारक पदाधिकारी डॉ रमण, डीपीएम महेश प्रसाद, डीडीएम पवन कुमार, विनित अग्निहोत्री व अन्य मौजूद रहे।

## तीन वार्ड के रास्ते की सफाई के पहल का हुआ असर



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** शहर के वार्ड नंबर 16 ,17, 18 तीन वार्ड का आने जाने का रास्ता में विगत कितने वर्षों से शक्तिमान गाड़ी खड़ी है जिससे आने-जाने में भारी दिक्कत होती है। साथ में उसके चलते वहां डस्टबिन रख दिया गया है जहां गंदगी का भी अंबार रहती है। इस रास्ते से स्कूल के टाइम में भी भारी दिक्कत होती है। मंदिर जाने में दिक्कत होती है और सुबह का योग शिविर पूर्णिमा बाल विद्या मंदिर जाने में भी भारी दिक्कत होती है। थाना में मिलने पर बताया गया कि कोर्ट का मामला के चलते रुका हुआ है। इसपर योगी सुषमा सुमन ने जिला न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी से मुलाकात की और समस्या सुनाई। उन्होंने समस्या सुनकर इस गाड़ी को आदेश दिया और अब स्थिति बदल गयी है।

## सरकारी शराब दुकान से तीन पेटी दुबलीकेट शराब पकड़ाया

▶▶ दुकान के दो स्टाप गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**कुडू :** कुडू बाजार टांड़ स्थित सरकारी शराब दुकान से बुधवार को तीन पेटी लगभग 140 बोतल डुप्लीकेट शराब पकड़ाया।

इस मामले में शराब दुकान के 2 स्टाफ को को उत्पाद विभाग की टीम ने गिरफ्तार कर अपने साथ लोहरदगा ले गई है मानव प्रदाता एजेंसी प्राइम वन और उत्पाद विभाग के संयुक्त कार्रवाई में यह खुलासा हुआ विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि कुल्लू के सरकारी शराब दुकान में जल मिश्रित डुप्लीकेट शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है जिसका जांच में पहुंची उत्पाद विभाग के दरोगा प्रदीप करमाली और राजकुमार महतो पुलिस बल के साथ पहुंचकर दुकान में छापेमारी की जहां से 7 ब्रांड के 2 कार्टून लगभग 90 सीसी और रॉयल स्टार ब्रांड के 1 पेटी लगभग 50 सीसी डुप्लीकेट शराब बरामद किया गया शराब बरामदगी दुकान में डुप्लीकेट शराब बिक्री की जानकारी मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण दुकान आ धमके दुकानदारों के साथ गाली गलौज शुरू किया लेकिन घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंचकर लोगों को हटाया। जांच में यह भी पता चला कि कोऑर्डिनेटर ने जिले से अनुमोदित स्टाफ को को हटाकर बाहर से स्टॉप बहाली डुप्लीकेट शराब बेचने के लिए और कमीशन के लिए यह है उत्पाद उत्पाद विभाग के दरोगा प्रदीप करमाली ने बताया कि गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है और इस मामले में जिन लोगों का नाम आएगा किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा।



## शहर >> अपडेट

### स्वच्छ भारत को लेकर प्रशिक्षण

**जयनगर :** प्रखंड कार्यालय के सांस्कृतिक भवन में पेयजल एवं स्वच्छ भारत मिशन को लेकर फेज 2 के अंतर्गत ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के लिए आंकड़ा संगठन एवं क्रियान्वयन हेतु एकदिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप में जयनगर प्रमुख अंजू देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरूणा कुमारी, सहायक अभियंता पीएचइडी धर्मनाथ राम, जिला समन्वयक पीईटीसी आई आनंद कुमार मौजूद थे।

## सिटी अपडेट्स >>

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**कुडू :** प्रखण्ड कार्यालय अंतर्गत प्रखण्ड सभा कक्ष मे एक दिवसीय कार्यशाला स्वच्छ भारत ग्रामीण फेज 2 के अंतर्गत गत किया गया। जिसमे मुख्य रूप से प्रमुख कुडू मुनी देवी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कुडू मनोरंजन कुमार, उपप्रमुख ऐनुल अंसारी ,सभी मुखिया जी ,जलसहिया दिदी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, खर-ढछ के दिदी सामिल हुए ,रइट टिम सबरेज आलम के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### कार्यकर्ताओं से मिले बाउरी

**कुडू :** भारतीय जनता पार्टी के अनु. जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह वर्तमान चंदनक्यारी के विधायक अमर कुमार बाउरी का डाल्टनगंज जाने के क्रम में कुडू मंडल के कार्यकताओं से मिलना हुआ । मौके पर पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अनु. जाति मोर्चा झारखंड राजू रजक के नेतृत्व में बस स्टैंड में भव्य स्वागत किया गया , साथी ही पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी के द्वारा अमर शहीद वीर बुधु भगत जी का माल्यार्पण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, मीडिया प्रभारी कृष्णा मोदी ,विनोद राम, बबलू बैठा, रवि बैठा, गोविंद, शशि प्रसाद, राजेश प्रसाद, धीरज प्रसाद, संजय चौधरी, बबलू पासवान, विजय पासवान आकाश बैठा समेत भारतीय जनता पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### महाधिवेशन की तैयारी को लेकर बैठक

**जयनगर :** भाकपा माले जिला कमेटी की बैठक पिपचो में जिला सचिव राजेंद्र मेहता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। दिवंगत शहीदों की याद में 2 मिनट मौन रखकर बैठक की शुरूआत की गयी। जिला सचिव ने पिछले कार्यभार एवं पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा रिपोर्ट पेश किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी सीताराम सिंह उपस्थित थे। जिला प्रभारी ने कहा देश में आज अघोषित इमरजेंसी कि हालात पैदा हो चुका है। केंद्र में जब से भाजपा की मोदी सरकार आई है महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, लोगों पर अत्याचार चरम सीमा पर बढ़ चुका है। महा अधिवेशन की तैयारी को लेकर दीवाल लेखन कार्य शुरू हो चुका है। लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया 15 फरवरी को पटना गांधी मैदान में कोडरमा जिला से हजारों की संख्या में लोग रैली में भाग लेंगे। केंद्रीय कमेटी का महा अधिवेशन 15 फरवरी से 20 फरवरी तक पटना में संपन्न होगा। 15 फरवरी को खुला सत्र गांधी मैदान में होगा।

### बजट के खिलाफ राष्ट्रव्यापी काला दिवस मनाया

**कोडरमा :** अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर 2023- 24 के केंद्रीय बजट में किसान विरोधी रुख के खिलाफ राष्ट्रव्यापी काला दिवस के तहत कोडरमा में भी काला दिवस मनाया गया। ज्ञात हो कि 2023 -24 के आम बजट में किसानों को किसी तरह की कोई रियायत नहीं दी गई । एमएसपी लागू करने के सवाल पर किसान आंदोलन के साथ किए गए समझौते के अनुरूप भी एमएसपी पर कोई कदम नहीं उठाया गया।

## न्यूज फटाफट

### भाजपा युवा मोर्चा ने की बजट पर चर्चा

**कुडू :** भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सरजु कुमार साहू के नेतृत्व में केंद्र के आदेशानुसार बजट पर चर्चा कार्यक्रम गांधी मेमोरियल उच्च विद्यालय टेन प्लस टू में आयोजित किया गयो इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में लोहरदगा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सह ओबीसी मोर्चा लोहरदगा के महामंत्री रितेश कुमार उपस्थित रहे। बजट पर चर्चा कार्यक्रम में रितेश कुमार ने बच्चों को बजट के बारे में विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बतलाया कि बजट में आने वाले वित्तीय वर्ष का संपूर्ण आर्थिक अनुमानित व केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित आय व्यय का लेखा-जोखा होता है। बजट हर साल केंद्रीय वित्त मंत्री के द्वारा लोकसभा में प्रस्तुत किया जाता है। बजट से ही देश का विकास और देश का भविष्य तय होता है। साथ ही साथ इन्होंने बतलाया कि वितीय वर्ष 2023-2024 हेतु लोकसभा में पारित बजट के अनुसार व्यक्तिगत आयकरदाताओं को 7 लाख तक का इनकम टैक्स फ्री किया गया है। जबकि शिक्षा के क्षेत्र में 740 एकलव्य विद्यालय में 38800 शिक्षकों का नियुक्ति होना भी तय किया गया है। एशिया के सबसे बड़े रेल नेटवर्क भारत का है और रेलवे के विकास के लिए 240 लाख करोड़ रुपए रेलवे को सौगात दिया गया, जबकि विभिन्न नगरों में नये हवाई अड्डा बनाने का भी प्रस्ताव है। किसानों के लिए बागवानी मिशन के तहत 22 सौ करोड़ रुपए दिया गया है।

### टी-12 क्रिकेट टूर्नामेंट में लोहरदगा का कब्जा

**बालूमाथ :** बालूमाथ उच्च विद्यालय के मैदान में टी-12 क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबला में फाइटर क्लब लोहरदगा की टीम ने मैक्स क्लब बालूमाथ को 4 विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया ।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मैक्स क्लब बालूमाथ ने निर्धारित 15 ओवर में 140 रन बनाए वही जवाबी कार्रवाई पारी में फाइटर क्लब लोहरदगा की टीम ने 4 विकेट शेष रहते हुए 14 ओवर में निर्धारित लक्ष्य को पूरा कर लिया ।मुख्य अतिथि बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार,पुलिस इंस्पेक्टर शशी रंजन,बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने संयुक्त रूप से विजेता टीम को 51000 नगद व शील्ड देकर पुरस्कृत किया उपविजेता टीम को 25000 नगद व शील्ड देकर सम्मानित किया। पूरे मैच में लोहरदगा फाइटर क्लब के आशीष कुमार ने 44 बॉल में 56 रन बनाया जिसे मैन ऑफ द मैच के लिए चुना गया।

### डीएवी में विद्यालयों के शिक्षकों की कार्यशाला

**कोडरमा :** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया में सीबीएसई पटना के निर्देशन में कोडरमा जिले के सीबीएसई से मान्यता प्राप्त शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सीबीएसई से संबद्ध सात विद्यालयों के 125 शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यशाला फाइनेंशियल लिटरेसी एंड यूज ऑफ डिजिटल टूल्स विषय पर आधारित थी। मौके पर विद्यालय की शिक्षक प्रभारी सह सुपरवाइजरी हेड मौसुमी मल्लिक ने कोडरमा जिले से आए हुए विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं का स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक गान से हुआ। मौसुमी मल्लिक ने मनीष कुमार सिंह प्राचार्य संस्कार इंटरनेशनल स्कूल बेकोबार, प्राचार्य विक्रम कुमार आरपी मोदी इंटरनेशनल स्कूल एवं संसाधक देवाशीष बंधोपाध्याय को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। उन्होंने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सीबीएसई सभी विद्यालयों के शिक्षकों को शिक्षण के क्षेत्र में नई-नई शिक्षण प्रणाली व तकनीकों को शिक्षण की प्रक्रिया में सुगम व सरल बनाने के उद्देश्य से समय-समय पर सभी शिक्षकों को प्रशिक्षित करती है जिससे शिक्षण में नवाचार की गतिविधियों को समाहित किया जा सके।

### मरकच्चो में फाइलेरिया बिलोपन कार्यक्रम शुरू

**मरकच्चो :** राष्ट्रीय भेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो के आँगनवाड़ी केंद्र संख्या 24 भोजपुर मे फाइलेरिया बिलोपन कार्यक्रम एम डी ए 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलने वाले कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख विजय कुमार सिंह ने डीईसी एवं एलवेण्डाजोल की दवा खाकर व मौजूद कर्मियों को दवा खिला कर किया। इस कार्यक्रम का प्रखंड के 164 बूथों पर आयोजन किया गया है। प्रखंड मे 147949 लोगो को दवा खिलाने का लक्ष्य है। 11 फरवरी से डोर टू डोर जाकर दवा खिलाना है। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रदीप बैठा, धर्मेंद्र राम, विवेकानंद शर्मा, मॉनिटर अरुण कुमार, संजुला कुमारी, लिपिक जयप्रकाश सिंह, बूथ सुपरवाइजर मुकेश कुमार, पप्पू राणा, अर्जुन यादव, इद्रदेव पांडेय, सहिया मुन्नी कुमारी, पोषण सखी सविता देवी, सतेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

### नए थाना प्रभारी के रूप में द्वारिका ने लिया पदभार

**कोडरमा :** कोडरमा थाना के नए प्राभारी के रूप में द्वारिका राम ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया। पुलिस मुख्यालय से आदेश जारी होने के बाद बतौर थाना प्रभारी उन्होंने थाने में अपना कार्यभार संभाल लिया। कोडरमा थाना में थाना प्रभारी का पद ग्रहण करने के बाद द्वारिका राम ने कहा कि समाज के आम से लेकर खास सभी तबके के लोगों को साथ लेकर, शांति व्यवस्था बरकरार रखना मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होने कहा कि अपराध नियंत्रण के साथ पुलिस के प्रति लोगों के विश्वास को कायम रखने का प्रयास किया जाएगा। प्रभारी थाना प्रभारी श्याम लाल यादव ने फूल देकर द्वारिका राम का स्वागत किया। मौके पर एसआई दिलीप कुमार झा, इकबाल हुसैन, कुदंन कुमार आदि उपस्थित थे।

### ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिये मिला प्रशिक्षण

**मरकच्चो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में 10 फरवरी को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय के निदेर्शानुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्राम फेज दो के अंतर्गत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिये आंकड़ा संग्रह एवम क्रियान्वयन को लेकर प्रखंड के मुखिया, जलसहिया, बीपीएम, जेएसपीएल, बीपीओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पू रजक, प्रखंड प्रमुख बिजय कुमार सिंह, प्रशिक्षक सहायक अभियंता धर्मनाथ राम, कनीय अभियंता दीपक कुमार, प्रमंडलीय लिपिक अरविंद कुमार सिंह, जिला समन्वयक एसएलडब्लूएम सुमन कुमारी, जिला समन्वयक आईईसी दीपक कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रशिक्षण में गांव को साफ रखने, कचरा इकट्ठा कर नष्ट करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर मुखिया बेदु साव, रंजीत कुमार सिंह, नीता कुमारी, पूनम कुमारी, उषा देवी, टिपन पासी, केदार यादव, चिंता कुमारी आदि प्रखंड के मुखिया व जल सहिया मौजूद थे।

### नॉक आउट क्रिकेट टूनामेंट में सपही ने मैच जीता

**डोमचांच :** प्रखंड के ढोढाकोला पंचायत अंतर्गत कुशहना गांव में साइनिंग स्टार यूथ क्लब के युवाओं के द्वारा समर्पण के सहयोग से नॉक आउट क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया। इस टूनामेंट में कुल - 8 टीमों ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य शांति प्रिया, पंचायत की मुखिया सीता देवी, उप मुखिया रामू सिंह, पंचायत समिति सदस्य बबिता देवी, वार्ड सदस्य गुड़िया देवी, समर्पण संस्था के परियोजना समन्वयक शंकर लाल राणा, महादेव सिंह, उमेश कुमार, समाजसेवी दिनेश सिंह, युवा नेता अजीत लाल वर्णवाल ने संयुक्त रूप से खेल कार्यक्रम का उदघाटन किया। शान्ति प्रिया ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अब पंचायत में युवाओं की भागीदारी दिख रही है ऐसे में युवाओं के नेतृत्व से समाज में एक सकारात्मक विकास सम्भव होगा। पंचायत की मुखिया ने कहा कि स्वस्थ शरीर और मानसिक विकास में खेल की बहुत अहम भूमिका होती है एवं इससे टीम वर्क व लीडरशिप की भावना बढती है। समर्पण के परियोजना समन्वयक शंकर लाल राणा ने कहा कि वर्तमान में खेल जगत में भी रोजगार के कई सम्भावनाएं हैं, बस हम सभी को आगे बढ़ने व प्रयास करने की जरुरत है। अजित वर्णवाल ने कहा कि इससे युवाओं में एक नयी चेतना का विकास होगा।पहला मैच दिबौर बनाम सपही के बीच खेला गया, जिसमें दिबौर की टीम पहले बालेबाजी करते हुए 12 ओवर में 147 रण बनायी, जवाबी पारी खेलने उतरी सपही की टीम चार विकेट शेष रहते हीं जीत हासिल कर लिया।

## न्यूज फटाफट

### गुलमर्ग जल्द ही शीतकालीन खेलों के लिए उत्कृष्टता केंद्र होगा: सिन्हा



**बारामूला** : केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को गुलमर्ग शीतकालीन खेलों के लिए उत्कृष्टता केंद्र बनने जा रहा है और जल्द ही यह मिशन हासिल कर लिया जायेगा। श्री सिन्हा ने प्रसिद्ध स्की-रिसॉर्ट गुलमर्ग में तीसरे खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों उद्घाटन करते हुए यह बात कही। गुलमर्ग में खेलो इंडिया विंटर गेम्स के तीसरे संस्करण के उद्घाटन समारोह के दौरान सभा को संबोधित करते हुए, श्री सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के युवाओं के कौशल को लाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है जो इससे जुड़े हैं। गुलमर्ग के रूप में प्रदर्शित होने वाले खेल जल्द ही शीतकालीन खेलों के लिए उत्कृष्टता केंद्र होंगे। मेगा इवेंट आयोजित करने के प्रयासों के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए, उपराज्यपाल (एलजी) ने कहा कि यह इस केंद्र शासित प्रदेश के लिए एक गौरवपूर्ण आंदोलन है। उन्होंने कहा,''मैं युवा मामलों और खेल मंत्रालय, हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल जवाहर इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग, जम्मू-कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल और इस आयोजन से जुड़े लोगों सहित प्रत्येक सदस्य को बधाई देता हूं।'' उन्होंने कहा कि गुलमर्ग बर्फ से ढकी ढलानों पर खेल उत्कृष्टता का जश्न मनाएगा और 11 विषयों में एथलीटों के कौशल, साहस और चरित्र की प्रतियोगिताओं का गवाह बनेगा। उन्होंने कहा,''हम गुलमर्ग में स्पोर्ट्स टूर्नामेंट को वास्तव में शानदार इवेंट में बदल देते हैं।'' उन्होंने कहा कि दूसरा खेलो इंडिया एक बड़ी सफलता थी और आज तीसरे राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों के आयोजन पर पूरा देश एकजुट है, और अगले पांच दिन खेल भावना, समानता, दोस्ती और प्रतिस्पर्धियों के लिए सम्मान को बनाए रखने के लिए सबसे बड़ी जीत के लिए प्रयास करने का महान अवसर होने जा रहा है। उन्होंने कहा,''खेल एक ऐसा माध्यम है जो सब कुछ बदल सकता है और यह एथलीटों के व्यवहार को नहीं बदलेगा बल्कि दुनिया के पूरे परिदृश्य को बदल सकता है। ठीक तीन महीने बाद हम जम्मू-कश्मीर में जी20 बैठक आयोजित करने जा रहे हैं।'' उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर पूरे देश में खेल के बुनियादी ढांचे में सबसे ऊपर है क्योंकि हमारे पास आज हर गांव में स्टेडियम और खेल के मैदान हैं।

### मैच में अल नासर के लिए रोनाल्डो के किए चार गोल



**मक्का** : क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपनी नयी सऊदी अरब की टीम के लिये चार गोल दागे जिससे लीग फुटबॉल में उनके 503 गोल हो गए हैं। अपना 38वां जन्मदिन मनाने के चार दिन बाद रोनाल्डो ने अल नासर के लिये दोनों हाफ में दो दो गोल किये जिसकी मदद से उनकी टीम ने अल वेहदा को सऊदी प्रो लीग मैच में 4 . 0 से हराया। पांच बार बलोन डिओर जीत चुके रोनाल्डो अब तक रीयाल मैड्रिड, युवेंटस और मैनचेस्टर युनाइटेड के लिये खेल चुके हैं।उन्होंने अल नासर क्लब के साथ विश्व कप के बाद जून 2025 तक का करार किया। विश्व कप में रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम क्वार्टर फाइनल में मोरक्को से हार गई थी। उन्हें नॉकआउट चरण के मैच में बेंच पर भी बैठना पड़ा।

**उपलब्धि** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में शुक्रवार को शतक जड़कर

# तीनों प्रारूपों में शतक बनाने वाले पहले भारतीय कप्तान बने रोहित

- ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध रोहित का पहला और छठा शतक भी है
- मर्फी ने अश्विन को लेग-स्टंप से अंदर आती हुई गेंद पर पगबाधा किया

**एजेंसियां**



**नागपुर:** सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में शुक्रवार को शतक जड़कर क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में सैकड़ा जमाने वाले पहले भारतीय कप्तान बन गये। रोहित ने यहां वीसीए स्टेडियम पर खेले जा रहे मुकाबले में अपनी पारी की 171वीं गेंद पर चौका जड़कर यह कीर्तिमान रचा। उन्होंने आउट होने से पहले 212 गेंदों पर 15 चौकों और दो छक्कों के साथ 120 रन बनाये। रोहित तिलकरत्ने दिलशान (श्रीलंका), फाफ डू प्लेसिस (दक्षिण अफ्रीका) और बाबर आज़म (पाकिस्तान) के बाद तीनों प्रारूपों में शतक बनाने वाले चौथे कप्तान हैं। यह ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध रोहित का पहला और बतौर सलामी बल्लेबाज छठा शतक भी है। वह अब तक टेस्ट क्रिकेट में नौ शतकों के साथ 3257 रन बना चुके हैं।

भारत के लिये दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टॉड मर्फी ने पहले सत्र में ही नाइट वॉचमैन रविचंद्रन अश्विन (23) तथा चेतेश्वर पुजारा (सात रन) को पवेलियन भेज दिया। मर्फी ने अश्विन को लेग-स्टंप से अंदर आती हुई गेंद पर पगबाधा किया, जबकि पुजारा लेग स्टंप से बाहर की गेंद को स्वीप करने की कोशिश में शॉर्ट फाइन लेग को कैच दे बैठे। लंच के बाद भी मर्फी ने कसी हुई गेंदबाजी जारी रखी और विराट कोहली (12) को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच आउट करवाया। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर रहे सूर्यकुमार यादव भी ज्यादा कुछ नहीं कर सके और नौ रन के स्कोर पर नेथन लायन का शिकार हो गये। इसके बाद हालांकि रोहित और जडेजा ने भारतीय पारी को संभाल लिया। रोहित ने अपनी पारी की 171वीं गेंद पर टॉड मर्फी को चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया। चाय तक रोहित-जडेजा के बीच 58 रन की साझेदारी हुई जिसने ऑस्ट्रेलिया को बुरी तरह थका दिया। तीसरे सत्र के शुरू होते ही कमिंस ने नयी गेंद ली। सत्र की तीसरी गेंद पर रोहित का कैच छूटा, लेकिन अगली ही गेंद पर कमिंस ने रोहित को बोल्ड करके अपनी टीम को बड़ी सफलता दिलाई। कुछ देर बाद मर्फी ने पंजा खोलते हुए श्रीकर भरत को पगबाधा आउट किया और ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में दिखने लगा। इस समय तक भारत की बढ़त सिर्फ 63 रन थी, लेकिन जडेजा और अक्षर इसके बाद विकेट पर टिक गये। जडेजा ने नौ चौकों के साथ 66 रन बनाने के लिये 170 गेंदें खेलीं, जबकि अक्षर ने 52 रन का योगदान देने के लिये 102 गेंदें लीं। दिन के आखिरी ओवर में ऑस्ट्रेलिया के पास जडेजा को आउट करने का मौका था, हालांकि स्लिप में खड़े स्टीव स्मिथ कैच नहीं लपक सके और जडेजा-अक्षर नाबाद पवेलियन लौटे।

## डब्ल्यूपीएल भविष्य के सितारों का पता लगाएगी : मिताली

**एजेंसियां**



**नयी दिल्ली:** भारतीय टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा है कि विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का उद्घाटन सत्र देश में मौजूद महिला प्रतिभाओं को ढूंढने में मददगार साबित होगा। मिताली ने न्यूज9 के एक कार्यक्रम में कहा, डब्ल्यूपीएल निश्चित रूप से भविष्य के सितारों का पता लगायेगा। यह हमारे देश में मौजूद प्रतिभा के पूल को बढ़ाने का काम करेगा। गौरतलब है कि डब्ल्यूपीएल के पहले सत्र का आयोजन चार मार्च से होना है, जबकि खिलाड़ियों की नीलामी 13 फरवरी को होगी। मिताली ने कहा कि अगर आयोजक इस टूर्नामेंट को लोकप्रिय बनाना चाहते हैं तो उन्हें इसके प्रसारण के समय पर ध्यान देना होगा। मिताली ने कहा, अगर आप प्राइम टाइम में या हफ्ते के अंतिम दिनों में मैच का प्रसारण नहीं करते हैं तो मुझे नहीं लगता कि हम ज्यादा लोगों को इसकी ओर आकर्षित कर सकेंगे। पूर्व कप्तान का मानना है कि पिछले कुछ सालों में महिला क्रिकेट भारत में लोकप्रिय हुआ है, जिसका मुख्य कारण भारतीय टीम की सफलता है। उन्होंने कहा, ''बीसीसीआई अब वेतन समानता क्यों कर पा रहा है? क्योंकि लंबे समय से (महिला) टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने धीरे-धीरे इसका विपणन शुरू कर दिया है क्योंकि टीम परिणाम दे रही है। इसने लोगों को आने और मैच देखने या शायद उसे किसी भी प्लेटफॉर्म या टीवी पर देखने के लिये प्रेरित किया है। इस तरह आपको डिजिटल अधिकार भी मिल गये। अन्य संघों को भी ऐसा करने की जरूरत है।

## मार्करम के शतक से सनराइजर्स एसए20 के फाइनल में

**एजेंसियां**



**सेंचुरियन:** सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने कप्तान एडेन मार्करम के विस्फोटक शतक की बदौलत एसए20 के सेमीफाइनल में जोबर्ग सुपर किंग्स को 14 रन से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। सनराइजर्स ने गुरुवार को यहां स्पोर्ट्स पार्क पर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 213 रन बनाये। इसके जवाब में सुपर किंग्स रीज़ा हेंड्रिक्स (96) की जुझारू पारी के बावजूद 199 रन तक ही पहुंच सका। सनराइजर्स का सामना रविवार को होने वाले फाइनल में प्रिटोरिया कैपिटल्स से होगा। सुपर किंग्स ने मुकाबले की शानदार शुरुआत करते हुए टेम्बा बावुमा और एडम रोज़ग्टिन के रूप में दोनों सलामी बल्लेबाजों को सिर्फ 10 रन पर पवेलियन लौटा दिया था। कप्तान मार्करम ने इसके बाद टीम को संकट से निकालते हुए 58 गेंदों पर छह चौकों और छह छक्कों के साथ 100 रन ठोक डाले। मार्करम का साथ देते हुए जॉर्डन हरमन ने भी 36 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की बदौलत 48 रन बनाये। दोनों के बीच 99 रन की साझेदारी हुई जिसने सनराइजर्स को 213 रन तक पहुंचा दिया। इसके अलावा ट्रिस्टन स्टब्स (20) और जॉर्डन कॉक्स (18) ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिये। जोबर्ग सुपर किंग्स की सनराइजर्स ईस्टर्न केप के रनों का पीछा करते हुए खराब शुरुआत हुई जब उनके इन-फॉर्म कप्तान फाफ डु प्लेसिस पारी की पहली गेंद पर सिसांदा मगाला का शिकार हो गये। सनराइजर्स ने इसके बाद भी अपना दबदबा कायम रखा और लेस डु प्लोय को भी बिना खाते खोले चलता किया। मैथ्यू वेड (19) और डोनावोन फरेरा (20) भी बड़ा योगदान दिये बिना पवेलियन लौट गये, हालांकि हेंड्रिक्स ने अपना संघर्ष जारी रखा।

खबरें बॉलिवुड की

## कार्तिक आर्यन की फिल्म शहजादा का गाना कैरेक्टर ढीला 2.0 रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म शहजादा का गाना कैरेक्टर ढीला 2.0 रिलीज हो गया है। 'शहजादा' का गाना 'कैरेक्टर ढीला 2.0' रिलीज कर दिया गया है। यह गाना सलमान खान की फिल्म 'रेडी' के गाने 'कैरेक्टर ढीला' का रीमेक है। 'कैरेक्टर ढीला 2.0' पर सलमान खान ने रिएक्शन दिया है। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से गाने कि क्लिक शेयर करते हुए कार्तिक आर्यन और उनकी फिल्म शहजादा के निर्देशक रोहित धवन को शुभकामनाएं दी हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म 'शहजादा' अल्लू अर्जुन की फिल्म अला वैकुंठपुरमलो का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में कार्तिक के अलावा कृति सैनन, मनीषा कोइराला, परेश रावल, रोनित रॉय, सचिन खेडेकर की भी अहम भूमिका हैं। यह फिल्म 17 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## खेसारीलाल यादव की फिल्म गॉडफादर का फर्स्ट लुक रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार खेसारीलाल यादव और फिल्म प्रेजेन्टर रत्नकार कुमार की फिल्म 'गॉड फादर' का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। फिल्म गॉडफादर के फर्स्ट लुक में खेसारीलाल यादव का धांसू लुक भोजपुरी सिने प्रेमियों के होश उड़ाने वाले हैं, जिसमें वह पकी दाढ़ी और बाल में नजर आ रहे हैं और कंधे पर उनके बँट है।खेसारीलाल यादव और यामिनी सिंह स्टारर, रत्नाकर कुमार प्रस्तुत और पराग पाटिल निर्देशन में बन रही फिल्म 'गॉडफादर' का निर्माण टेक्नीशियन फिल्म फैक्ट्री ने किया है। इस फिल्म की कहानी प्राण ने लिखी है । पराग पाटिल ने कहा कि अभी तो ये शुरुआत है। आगे फिल्म से जुड़ी और भी तस्वीरें दर्शकों को अचंभित करने वाली है। लोगों ने जो सोचा भी नहीं होगा, उससे भी ज्यादा शानदार हमने इस फिल्म को बनाने की कोशिश की है। फिल्म का टीजर और ट्रेलर और भी धमाल मचाने वाला होगा। हम वो भो जल्द ही लेकर आएंगे। 'गॉडफादर' हमारा एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। उम्मीद है कि फिल्म दर्शकों को भी खूब पसंद आएगी।

## शाहरूख-काजोल की फिल्म दिलवाले दुलहनिया ले जाएंगे फिर से होगी रिलीज

**एजेंसियां**



**मुंबई:** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान और अभिनेत्री काजोल की ब्लॉकबस्टर फिल्म दिलवाले दुलहनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे) फिर से रिलीज की जा रही है!। यशराज बैनर तले बनीं आदित्य चोपड़ा निर्देशित फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे (डीडीएलजे) भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे लंबे समय तक चलने वाली फिल्म है। इस ब्लॉकबस्टर फिल्म में शाहरुख खान और काजोल ने मुख्य भूमिका निभायी थी। यश राज फिल्म्स ने इस बात की पुष्टि की है कि, इस साल वैलेंटाइन डे के अवसर पर, डीडीएलजे को पूरे भारत में व्यापक रूप से रिलीज किया जाएगा। वाईआरएफ के वितरण उपाध्यक्ष रोहन मल्होत्रा ने बताया, ह्यदिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे), सिनेमा के इतिहास में सबसे लंबे समय तक चलने वाली फिल्म है, जो अपनी ऐतिहासिक रिलीज के बाद से ही कई पीढ़ियों से, भारत और भारतीयों के लिए रोमांस का पर्याय बन गई है। दर्शकों और प्रशंसकों द्वारा हमें लगातार फिल्म के व्यापक प्रदर्शन के लिए अनुरोध किया जाता रहा है जिससे वे बार-बार इस माइलस्टोन फिल्म को अपने दोस्तों और परिवार के साथ सिनेमाघरों में देख सकें! इस साल वैलेंटाइन डे के मौके पर हम उनकी ये ख्वाहिश पूरी कर रहे हैं। 10 फरवरी से पूरे भारत में, डीडीएलजे को केवल एक सप्ताह के लिए प्रदर्शित किया जाएगा। बताया जा रहा है कि डीडीएलजे को मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, गुड़गांव, फरीदाबाद, लखनऊ, नोएडा, देहरादून, दिल्ली, चंडीगढ़, कोलकाता, गुवाहाटी, बेंगलुरु, हैदराबाद, इंदौर, चेन्नई, वेल्लोर और त्रिवेंद्रम सहित भारत के 37 से अधिक शहरों में रिलीज किया जाएगा।

## लाला अमरनाथ की बायोपिक बनायेंगे राजकुमार हिरानी!

**एजेंसियां**



**मुंबई:** बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक राजकुमार हिरानी मशहूर क्रिकेटर लाला अमरनाथ की बायोपिक बनाने जा रहे हैं। राजकुमार हिरानी इन दिनों शाहरुख खान को लेकर डंकी बना रहे हैं। बताया जा रहा है कि डंकी बनाने के बाद राजकुमार हिरानी मशहूर क्रिकेटर लाला अमरनाथ की बायोपिक बनाएंगे। चर्चा है कि राजकुमार कुमार हिरानी ने शाहरुख खान को डंकी के साथ लाला अमरनाथ की बायोपिक का भी ऑफर दिया था। हालांकि, शाहरुख ने डंकी को चुना। बताया जा रहा है कि लाला अमरनाथ की बायोपिक की तैयारी हिरानी साल 2019 से कर रहे थे, लेकिन शाहरुख की ओर डंकी को चुने जाने के बाद इसे रोक दिया गया था। अब हिरानी डंकी के बाद दोबारा इस बायोपिक को बनाने का मन बना रहे हैं। इसके लिए उन्होंने राइटिंग टीम को स्क्रिप्ट पूरी करने के लिए कह दिया है।

### आम्रपाली,रितेश और विक्रांत के लांछन का फर्स्ट लुक रिलीज



**मुंबई :** भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे, अभिनेता रितेश पांडेय और विक्रांत सिंह राजपूत स्टारर दाग एगो लांछन का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। सामाजिक और पारिवारिक सरोकारों को लेकर बन रही फिल्म 'दाग एगो लांछन' का फर्स्ट लुक आज रिलीज कर दिया गया है । फिल्म के फर्स्ट लुक में एक बार फिर से आम्रपाली दुबे बेबी बम्प वाले पोज में नजर आ रही हैं, लेकिन फिल्म का लुक सस्पेंस तब पैदा करता है, जब इसी फ्रेम में फिल्म के रितेश पांडेय और विक्रांत सिंह राजपूत भी नजर आते हैं ।

## रणबीर-श्रद्धा की फिल्म तू झूठी मैं मक्कार का गाना प्यार होता कई बार है रिलीज

**एजेंसियां**



**मुंबई:** बॉलीवुड के रॉकस्टार रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की जोड़ी वाली फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' का गाना प्यार होता कई बार है रिलीज हो गया है। रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' का पहला गाना 'तेरे प्यार में' हाल ही में रिलीज किया गया था। अब इस फिल्म का दूसरा गाना 'प्यार होता कई बार है' रिलीज कर दिया गया है। यह गाना रणबीर कपूर का सोलो सॉन्ग है। इस गाने में रणबीर सूट में नजर आ रहे हैं। इस गाने को अरिजीत सिंह ने गाया है। लव रंजन के निर्देशन में बन रही फिल्म तू झूठी मैं मक्कार का निर्माण अंकुर गर्ग के साथ मिलकर लव फिल्म्स और टी-सीरीज के भारत भूषण कर रहे हैं। यह फिल्म 08 मार्च, 2023 को होली के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## प्रदेश >> अपडेट

**जम्मू कश्मीर के उधमपुर में बस दुर्घटना में 11 घायल**

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में शुक्रवार को एक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क पर फिसलने से उसमें सवार कम से कम 11 यात्री घायल हो गये। पुलिस के अनुसार, यात्रियों को उधमपुर से मोंगरी लेकर जा रही एक बस आज सुबह जम्मू जिले के गुलाबन इलाके में खोरगली के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई और सड़क पर फिसल गई।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**शिवराज ने उद्यान में लगाए पौधे**

भोपाल : मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में आम, आँवला और खिरनी के पौधे लगाए। मुख्यमंत्री चौहान के साथ कु. एश्वर्या अपनी माता श्रीमती मोहिनी पाण्डेय के जन्म-दिवस पर पौध-रोपण के लिए आई थी। श्रीमती पाण्डेय के पति पवन पाण्डेय भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के साथ कुशवाह समाज विदिशा के धर्मेन्द्र सिंह कुशवाह ने अपने जन्म-दिवस पर पौध-रोपण किया।

**देश में पिछले 24 घंटे में सात राज्यों में कोरोना के नए मामले**

**नयी दिल्ली :** देश में पिछले 24 घंटे में छह राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश में कोरोना संक्रमण के नए मामले सामने आए हैं और शेष राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों में इनकी संख्या में कमी आयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 220.62 करोड़ से अधिक टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि देश में कोरोना के सक्रिय मामले बढ़कर 1,797 हो गए हैं और इसी अवधि में 96 लोग कोरोना संक्रमण से स्वस्थ हुए हैं, जिससे कोविड से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,51,315 हो गयी है।

**चुनाव** अभियान समिति के अध्यक्ष डॉ सेलेस्टाइन लिंगदोह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी

# सोनिया, खड़गे, राहुल, प्रियंका कांग्रेस के 40 स्टार प्रचारकों में शुमार

- 80 फीसदी उम्मीदवार चुनावी जंग में बिल्कुल नए चेहरे हैं
- जनता इन सत्ताधारी दलों से पूरी तरह तंग आ चुकी है



**एजेंसियां**

**शिलांग :** कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा मेघालय विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के 40 स्टार प्रचारकों में शामिल हैं। पार्टी अभियान समिति के अध्यक्ष डॉ सेलेस्टाइन लिंगदोह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। डॉ लिंगदोह ने कहा, ''हमारे सभी विधायकों के पार्टी छोड़ने के बावजूद, हम हर संघर्ष का सामना करने वाले हैं क्योंकि हमारा जमीनी समर्थन अभी भी बरकरार है। इसके अलावा, हमारे 80 फीसदी उम्मीदवार चुनावी जंग में बिल्कुल नए चेहरे हैं।'' फिलहाल, कांग्रेस पार्टी ने 40 स्टार प्रचारकों को सूचीबद्ध किया है, जिनमें गांधी परिवार और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हैं। लिंगदोह ने हालांकि कहा, राज्य पार्टी ने केवल कुछ स्टार प्रचारकों को शामिल करने का फैसला किया है। कांग्रेस के दिग्गज नेता ने कहा, पिछले वर्षों के विपरीत, इस बार हम बड़ी रैलियां नहीं करेंगे, बल्कि हम जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़ने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। लिंगदोह ने कहा, ''हम 42 विधानसभा क्षेत्रों में पहले से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि मौजूदा सरकार के खिलाफ मजबूत सत्ता विरोधी लहर, असम और देश के अन्य हिस्सों में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के कारण हम 31 का आंकड़ा पार कर सकते हैं। जनता इन सत्ताधारी दलों से पूरी तरह तंग आ चुकी है इसलिए सत्ता-विरोधी मतदाता हमारी पार्टी के पक्ष में होंगे।'' पूर्व मंत्री ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) मेघालय में कोई प्रभाव डालेगी।'' उन्होंने कहा कि हो सकता है कि मुकुल संगमा (पूर्व मुख्यमंत्री) और उनका परिवार टीएमसी के कारण नहीं बल्कि अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में अपनी पहचान कायम रखने के लिए चुनावी मैदान में फिर से उतरे हैं। अपनी सीटें बरकरार रख सकें। मुकुल सोंगसाक और तिकरिकिला विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं और गारो हिल्स क्षेत्र से उनके परिवार के तीन सदस्य चुनावी मैदान में उतरे हैं। मुकुल की पत्नी दिकांची दलबोट शिरा, भाई जेनिथ एम संगमा और पुत्री मियानी डी शिरा, सभी मौजूदा विधायक महेंद्रगंज, रंगसकोना और अम्पाती निर्वाचन क्षेत्रों से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं।

## मध्यप्रदेश के बच्चे हर ओर मचा रहे धूम : शिवराज



**एजेंसियां**

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में लगभग ढाई हजार से ज्यादा स्टार्टअप्स हैं और प्रदेश के बच्चे सभी ओर धूम मचा रहे हैं। चौहान इंस्टाग्राम के मंच पर मामाजी लााइव कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के युवाओं और बच्चों से संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सभी से शुभ अवसरों पर पौधरोपण का भी आग्रह किया। चौहान ने कहा कि उनके अकेले पौधे रोपने से काम नहीं चलेगा, इसलिए आग्रह है कि सभी अपने जन्मदिन और प्रत्येक शुभ अवसर पर पौधरोपण अवश्य करें। पौधे लगाने का कोई न कोई बहाना ढूंढें। उन्होंने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना के बाद अब लाड़ली बहना योजना महिला सशक्तिकरण का उनका एक अभियान है। मां और बहन सशक्त हो गईं, तो परिवार, समाज और प्रदेश एवं देश सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि वे प्रत्येक कार्यक्रम की शुरुआत कन्यापूजन के साथ करते हैं। मुख्यमंत्री ने युवाओं के बीच स्वामी विवेकानंद को उद्धृत करते हुए कहा कि तुम केवल साढ़े तीन हाथ के हाड़-मांस के पुतले नहीं हो। अनंत शक्तियों के भण्डार हो। तुम जो चाहो, वो कर सकते हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की बात कही, तो हमने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का रोडमैप बना दिया।

### कोरोना के वेरिएंट की तरह

## कांग्रेस के लोग बदल-बदल के कर रहे कमलनाथ पर हमला : नरोत्तम



**एजेंसियां**

**दतिया :** मध्यप्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ के चुनाव नहीं लड़ने संबंधित कथित बयान पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग कोरोना के वेरिएंट की तरह बदल-बदल कर कमलनाथ पर हमला कर रहे हैं और उन्होंने शायद इसी से परेशान होकर चुनाव लड़ने से इंकार किया है। डॉ मिश्रा ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि जिस प्रकार कोरोना का वेरिएंट बार-बार बदल रहा था। उसी प्रकार कांग्रेस के लोग बदल-बदल के कमलनाथ पर हमला कर रहे है। उन्होंने शायद इसी सब से पीड़ति होकर चुनाव लड़ने से मना किया होगा। पिछले कई दिन से कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर अंदरूनी राजनीति लगातार जारी है। कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने जहां एक ओर अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से श्री कमलनाथ को अवश्यंभावी मुख्यमंत्री बताया, वहीं दूसरी ओर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता सार्वजनिक तौर पर कह चुके हैं कि कांग्रेस में पहले से मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने की परंपरा नहीं है।

**रूस के लिए 50 से अधिक विदेशी एयरलाइंस भर रही हैं उड़ान : विटाली सेवलीव**

मॉस्को : रूसी परिवहन मंत्री विटाली सेवलीव ने कहा कि पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच 27 देशों की 50 से अधिक एयरलाइन कंपनियां वर्तमान में रूस के लिए उड़ान संचालित कर रही हैं। सेवलीव ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ गुरुवार को एक बैठक में यह जानकारी दी।

## न्यूज फटाफट

**आर्थिक संकट से निपटने में पाकिस्तान की मदद करेगा अमेरिका**

**वाशिंगटन :** अमेरिकी विदेश विभाग के काउंसलर डेरेक चॉलेट ने कहा है कि पाकिस्तान को निर्विवाद रूप से 'चुनौतीपूर्ण आर्थिक स्थिति से निपटने में मदद करना' अमेरिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाचारपत्र 'डान' की शुक्रवार को प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक यहां एक साक्षात्कार में चॉलेट ने आतंकवादियों से लड़ने में इस्लामाबाद की सहायता करने की आवश्यकता पर जोर दिया। अमेरिकी विदेश मंत्री के लिए विशेष राजनयिक कार्य करने वाले चॉलेट अगले सप्ताह पाकिस्तान में कई मुद्दों पर बातचीत के लिए जाने वाले हैं। गौरतलब है कि आतंकवादियों ने हाल ही में पाकिस्तान के पेशावर के पुलिस लाइंस परिसर में एक मस्जिद के अंदर 80 से अधिक लोगों को मार डाला था। यह पूछे जाने पर कि उनके एजेंडे में शीर्ष मसला क्या होगा, वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक ने कहा, ''अमेरिका के समक्ष यह मसला होगा कि हम कैसे साझेदारी को और गहरा कर सकते हैं तथा पाकिस्तान की मदद कैसे कर सकते हैं क्योंकि यह एक निर्विवाद रूप से चुनौतीपूर्ण आर्थिक स्थिति से निपटने की कोशिश कर रहा है।'' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अभी भी बाढ़ से उबर रहा है और साथ ही 'उभरते आतंकवाद विरोधी खतरे' से भी निपट रहा है, जिसने स्थिति को और भी बदतर बना दिया है। उनका कहना है कि आतंकवादी समूह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) अमेरिकी हितों के लिए भी खतरा है।

**यूक्रेन में हवाई हमले की चेतावनी जारी**

**कीव :** यूक्रेन की राजधानी शहर कीव सहित अन्य क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी घोषित कर दी गयी है। यूक्रेन के डिजिटल मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी की विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि कीव में पहली हवाई चेतावनी स्थानीय समयानुसार छह बजकर 27 मिनट पर जारी की गई थी, जिसके कुछ मिनट बाद, देश भर में हवाई हमले की चेतावनी घोषित कर दी गयी। रूस के क्रीमिया पुल पर हमले के दो दिन बाद, 10 अक्टूबर 2022 को रूस ने यूक्रेनी बुनियादी ढांचों पर हवाई हमले शुरू किए थे। मॉस्को के अनुसार, हमलों में ऊर्जा और रक्षा उद्योग सुविधाओं के साथ-साथ सैन्य कमांड पॉइंट और पूरे यूक्रेन में संचार लाइनों को निशाना बनाया है। तब से, यूक्रेन के विभिन्न क्षेत्रों में हवाई चेतावनी नियमित रूप से जारी की जाती है।

**ट्रंप का फेसबुक अकाउंट दो वर्षों के निलंबन के बाद बहाल**

**वाशिंगटन :** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इंस्टाग्राम और फेसबुक अकाउंट को दो वर्षों के निलंबन के बाद बहाल कर दिया गया है। इसे 06 जनवरी, 2021 को अमेरिका के कैपिटॉल हिल में हुई हिंसा के बाद निलंबित कर दिया गया था। यह जानकारी सीएनएन ने शुक्रवार को दी। सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि ट्रंप अब अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर सकते है, हालांकि उन्होंने अब तक कुछ भी पोस्ट नहीं किया है। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों प्लेटफार्मों की मालिकाना कंपनी मेटा ने कहा कि उसने पाया कि ट्रम्प की ऑनलाइन गतिविधियों से सार्वजनिक सुरक्षा का जोखिम बहुत कम हो गया है, इसलिए उसने उनके अकाउंट से प्रतिबंध हटाने का फैसला लिया। कंपनी ने हालांकि एक बयान में कहा है कि अगर ट्रम्प अपना अपराध दोहराते हैं तो उन्हें कड़े दंड का सामना करना पड़ेगा और उल्लंघन की गंभीरता के आधार पर ट्रंप को एक महीने से दो वर्ष के लिए फेसबुक से निलंबित किया जा सकता है। फेसबुक ने कैपिटॉल हिल में 06 जनवरी, 2021 की घटनाओं के बाद ट्रम्प के अकाउंट को निलंबित कर दिया था, जब उनके कुछ समर्थक 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों को धोखाधड़ी करार देते हुए उसके विरोध में इमारत में घुस गए थे और हंगामा किया था।

**तुर्की में विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या 17 हजार के अधिक**

**अंकारा :** तुर्की के उप राष्ट्रपति फुअत ओकटे ने कहा कि देश के दक्षिण हिस्से में इस सप्ताह की शुरू में आए दो विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या 17,674 हो गयी है और 72,879 लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी दी। भूकंप के दो शक्तिशाली झटकों के बाद हालांकि कई बार हल्के और मध्यम झटके महसूस किए गए। तुर्की के कहारनमारस प्रांत में सोमवार को रिक्टर पैमाने पर 7.7 और 7.6 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसके अलावा भूकंप के झटके देश के 10 प्रांतों के 1.30 लाख से अधिक लोगों ने महसूस किए। जिनमें अदाना, अदियामन, दियारबाकिर, गाजियांटेप, हटे, किलिस, मालट्या, उस्मानिया और सनलिउर्फा भी शामिल हैं। अनादोलु समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सीरिया और लेबनान सहित आसपास के कई देशों ने तुर्की में आए भूकंप के तेज झटके महसूस किए। डिजास्टर एंड इमरजेंसी मैनेजमेंट प्रेसीडेंसी (एएफएडी) के अनुसार, 120,344 से अधिक खोज और बचाव कर्मी राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। एएफएडी ने बयान में कहा कि भूकंप प्रभावित क्षेत्रों से अभी तक कुल 30,360 लोगों को निकाला गया है।

## नंदन कानन योजना में होगा देवभूमियों का संरक्षण

**एजेंसियां**

**उदयपुर :** राजस्थान में देवस्थान विभाग की ओर से देवभूमियों के संरक्षण एवं देव प्रतीकात्मक पर्यावरण संवर्द्धन हेतु नंदन कानन योजना को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विभाग के अधीनस्थ मन्दिरों की भूमि पर वृक्षारोपण किया जाना प्रस्तावित है। देवस्थान आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभिन्न के संबंधित सहायक आयुक्त को पत्र लिखकर विभाग की नंदन कानन योजना के अंतर्गत मंदिरों की भूमि पर वृक्षारोपण के लिए संबंधित जिला प्रशासन एवं वन विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि इस योजना का प्रमुख उद्देश्य देवस्थान विभाग द्वारा प्रबंधित एवं नियंत्रित मंदिरों के साथ जुड़ी हुई राजकीय देवभूमियों के सुरक्षात्मक व्यवस्थापन के लिए पारंपरिक वृक्षों एवं वनस्पति से भूमि विकास के साथ मंदिर संस्कृति के अनुरूप नंदन वन, उपवन एवं न्याय वाटिकाएं तैयार करना है। इस योजना के तहत देव भूमियों के पारंपरिक संसाधनों के संरक्षण, सुरक्षित पर्यावरण निर्माण व संवर्धन के लिए स्थानीय जलवायु एवं मृदा अनुकूलन विविध वनरोपण यथा फलदार, औषधीय व देवप्रतीकात्मक वनस्पति का विकास किया जाएगा, जिसमें बिल्व, कल्पवृक्ष, आम, पलाश, नीम, पीपल, बरगद, खेजड़ी, आशापाल, रुद्राक्ष, सेमल, गुलमोहर, आंवला, उपवन तैयार किए जाएंगे।

## सुविधाओं के बिना चल रहे मेडिकल कॉलेजों पर कार्रवाई होगी : सरकार



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में शुक्रवार को द्रविड़ मुनेष कषगम (द्रमुक) के सदस्यों के साथ नोक-झोंक के बीच स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि सरकार ऐसे मेडिकल कालेजों पर कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है जो न्यूनतम शिक्षक बल, बुनियादी ढांचा और सम्बद्ध अस्पताल में न्यूनतम मरीज की कसौटी को पूरा नहीं करते हैं। मांडविया ने लोकसभा में प्रश्न काल के दौरान सदस्यों के अनुपूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह भी कहा कि केंद्र ने नए मेडिकल कालेज खोलने के लिए राज्य या निजी क्षेत्र पर कोई पाबंदी नहीं लगा रखी है और इस संबंध में कुछ शर्तें ढीली भी की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अपनी ओर से किसी राज्य या निजी क्षेत्र के किसी व्यक्ति को नए मेडिकल कॉलेज खोलने से मना नहीं किया है। वे यदि इन्फ्रास्ट्रक्चर, फैकल्टी (शिक्षक), 300 बिस्तर के अस्पताल और न्यूनतम 700 विद्यार्थियों की कसौटी को पूरा करने को तैयार हो तो उन्हें कॉलेज खोलने की मंजूरी देने में कोई दिक्कत नहीं है। प्रश्न काल के दौरान द्रमुक के टीआर बालू ने सरकार से सवाल किया कि इस समय देश में कितने कॉलेज बिना बुनियादी ढांचे के चल रहे हैं और ऐसे कितने कॉलेज हैं जिनका शिलान्यास प्रधानमंत्री ने कर रखा है, लेकिन उन पर काम शुरू नहीं हुआ है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह सवाल प्रकारांतर से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मदुरै को लेकर है जहां परिसर के निर्माण में देरी राज्य सरकार की ओर से समय पर जमीन की व्यवस्था नहीं किए जाने के कारण हुई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मदुरै एम्स चल रहा है, वहां निदेशक भी है।

**जम्मू-कश्मीर** बांदीपोरा के ऊपरी इलाकों में एक बार फिर ताजा हिमपात हुआ

# हिमस्खलन की चपेट में आया गुरेज, दो महिलाओं को बचाया गया

- घटना के तुरंत बाद स्थानीय निवासियों ने बचाव अभियान शुरू
- फिलहाल किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है



**एजेंसियां**

**श्रीनगर :** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के मंजगुंड इलाके में शुक्रवार को हिमस्खलन की चपेट में आने वाली दो महिलाओं को सुरक्षित बचा लिया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों महिलाएं तबस्सुम बानो और शहनाजा बेगम आज सुबह पास के नल से पीने का पानी लेने के लिए निकली थीं, इसी बीच तुलैल के माजगुंड इलाके में मध्यम हिमस्खलन की चपेट में आ गईं। उन्होंने बताया कि घटना के तुरंत बाद स्थानीय निवासियों ने बचाव अभियान शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बचा लिया गया। इस घटना से फिलहाल किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। गुरेज घाटी सहित बांदीपोरा के ऊपरी इलाकों में गुरुवार को एक बार फिर ताजा हिमपात हुआ। बर्फ जमा होने के कारण शेष कश्मीर घाटी के साथ सड़क संपर्क अवरूद्ध हो जाता है। स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एसडीएमए) ने पहले ही बांदीपोरा जिले में हिमस्खलन की चेतावनी जारी कर दी है और ऊपरी इलाकों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और मौसम में सुधार होने तक ढलानों, पहाड़ी इलाकों या हिमस्खलन की आशंका वाले इलाकों में नहीं जाने की अपील की है। इस साल 12 जनवरी को हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में काम करने वाले दो मजदूर, जो ज़ोजिला सुरंग पर काम कर रहे थे, मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में हुए एक हिमस्खलन की चपेट में आकर मारे गए थे। उत्तरी कश्मीर में गुलमर्ग के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट में अफरवाट चोटी पर हिमस्खलन की चपेट में आकर पोलैंड के दो नागरिक मारे गए थे जबकि रूस और पोलैंड के 19 अन्य विदेशियों और दो स्थानीय गाइडों को बचा लिया गया था।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-2, राँची**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-69/2022-23

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 17.02.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 20.02.2023 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 20.02.2023 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0-2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा। 2) कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु.) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु.) | अग्रधन की राशि (रु.) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Rural Health Training Centre at Ormanjhi,Ranchi for the year 2022-23 | 24,80,600.00 | 5000.00 | 50,000.00 | Two Months |
| 2 | Construction of Boundary Wall,PCC Approach Road and Provision for Gate in the Campus of Rural Health Training Centre at Ormanjhi,Ranchi for the year 2022-23 | 32,23,500.00 | 5000.00 | 64,500.00 | Three Months |

नोट : निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या-2, राँची

PR 289945 Building(22-23).D



**उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा (एन०आर०ई०पी० शाखा)**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
NIT NO – 04 वर्ष 2022-23

1. विज्ञापनदाता का नाम :- कार्यपालक अभियन्ता, एन०आर०ई०पी०, लोहरदगा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :- कार्यालय अवधि में दिनांक 20.02.2023 अपराह्न 1.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 21.02.2023 को 1:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 21.02.2023 को 1:30 बजे अपराह्न में।
5. निविदा प्राप्ति एवं परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, एन०आर०ई०पी०, लोहरदगा।

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कुडू | कुडू | आंगनबाड़ी केन्द्र जामही कुडू का जिर्णोद्धार | 998650.00 | 20000.00 | 1250.00 | 3(तीन)माह |
| | | टाटी | आंगनबाड़ी केन्द्र टीका का जिर्णोद्धार | | | | |
| | | लावागाई | आंगनबाड़ी केन्द्र जांगी का जिर्णोद्धार | | | | |
| | | कोलसिमरी | आंगनबाड़ी केन्द्र रेन्हवा का जिर्णोद्धार | | | | |
| 2 | कुडू | चीरी | आंगनबाड़ी केन्द्र चीरी पटकापुर का जिर्णोद्धार | 747900.00 | 15000.00 | 1250.00 | 3(तीन) माह |
| | | चीरी | आंगनबाड़ी केन्द्र चीरी पटकापुर पटतटोली (महुआ) का जिर्णोद्धार | | | | |
| | | कोलसिमरी | आंगनबाड़ी केन्द्र कोलसिमरी का जिर्णोद्धार | | | | |
| 3 | भण्डरा | भण्डरा | ग्राम भण्डरा भौरो रोड धर्मवीर उरॉव के घर से स्कूल गेट तक | 399300.00 | 8000.000 | 500.00 | 2(दो)माह |
| | | भण्डरा | ग्राम भण्डरा में लोहिया भवन का जिर्णोद्धार | | | | |

2 ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3 संवेदक का UCAN में निबंधन अनिवार्य है।

कार्यपालक अभियंता,
एन०आर०ई०पी०, लोहरदगा।

PR.NO.289950 Lohardaga(22-23):D

## पूजा सिंघल को दो महीने की जमानत

रांचीः आईएएस पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से दो महीने की अंतरिम जमानत मिल गई है। निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। पूजा सिंघल और उनकी बेटी के खराब स्वास्थ का हवाला देते हुए कोर्ट से यह आग्रह किया कि उन्हें बेल दी जाये। इस मामले की सुनवाई के बाद आईएएस पूजा सिंघल को अंतरिम जमानत मिल गयी है।

लालफीताशाही

### 17 फरवरी को मुख्य सचिव को किया तलब

# परिवहन सचिव हाई कोर्ट में नहीं हुए हाजिर, कोर्ट ने राज्य सरकार को लगाई फटकार

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** राज्य ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के सेवानिवृत्त कर्मियों के पेंशन भुगतान से संबंधित अवमानना मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने परिवहन सचिव के कोर्ट में उपस्थित नहीं होने पर झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने मौखिक कहा कि अगर परिवहन सचिव किसी कारणवश कोर्ट नहीं आ सके तो उनके जगह संबंधित अधिकारी कोर्ट में प्रस्तुत होकर अपना पक्ष रख सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

नाराज कोर्ट ने परिवहन सचिव के उपस्थित होने नहीं होने पर राज्य के मुख्य सचिव को अगली सुनवाई में हाई कोर्ट में तलब किया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 17 फरवरी निर्धारित की है। इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि चुनाव कार्य से परिवहन सचिव राज्य के बाहर हैं।हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ। एसएन पाठक की कोर्ट ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई की।

पूर्व में इसी मामले में कोर्ट ने ट्रांसपोर्ट सचिव केके सोन का वेतन रोकने का आदेश दिया था। दरअसल अलग राज्य गठन के बाद हुए कैडर विभाजन में झारखंड आए ट्रांसपोर्ट कर्मियों का राज्य ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन में समायोजन किया गया था लेकिन बाद में जब वह सेवानिवृत्त हुए तो पेंशन के लिए ट्रांसपोर्ट विभाग ने उस पुरानी अवधि को नहीं जोड़ा जिसे ट्रांसपोर्ट कर्मियों ने कैडर डिवीजन के पूर्व किया था। इस मामले से संबंधित दायर याचिका को निष्पादित करते हुए हाईकोर्ट की एकल पीठ ने आदेश दिया कि राज्य ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के सेवानिवृत्त कर्मियों का पेंशन भुगतान पुरानी अवधि को जोड़कर किया जाए, लेकिन भुगतान नहीं हुआ। हाईकोर्ट के एकल पीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से हाईकोर्ट खंडपीठ में अपील दाखिल किया, जिसमें कोर्ट ने सरकार की अपील को खारिज कर दिया था।

मामले को लेकर राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल की गई है लेकिन इस मामले में अभी सुप्रीम कोर्ट से कोई स्टे नहीं मिला है। हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर परिवहन विभाग के कर्मियों ने कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है। मामले को लेकर शंकर प्रसाद केसरी व अन्य ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है।

### चंद्रपुरा स्टेशन थाना पर हमला कर 2 दर्जन हथियार लूटने सहित कई मामले में था संलिप्त

# 15 लाख के इनामी नक्सली मिथिलेश ने किया सरेंडर




राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** 15 लाख का इनामी नक्सली मिथिलेश सिंह उर्फ दुर्योधन महतो उर्फ बड़ा बाबू ने शुक्रवार को विधिवत सरेंडर कर दिया। शुक्रवार को रांची रेंज के आईजी कार्यालय में सरेंडर किया। इस दौरान आईजी अभियान एवी होमकर रांची रेंज के आईजी पंकज कंबोज सहित राज्य पुलिस और सीआरपीएफ के कई आला अधिकारी मौजूद थे। उतरी छोटानागपुर जोनल कमेटी के अंतर्गत ऊपरघाट, झुमरा पहाड़, विष्णुगढ़ और रामगढ़ के क्षेत्र (इसे जिलगा सबजोन कहते हैं) की कमान दुर्योधन के जिम्मे थी। वह 90 के दशक में छात्र संगठन से जुड़कर माओवादी संगठन में शामिल हुआ था। संगठन में समय गुजरने के साथ उसका ओहदा बढ़ता गया। 2001 में उसे झारखंड रीजनल कमेटी का सदस्य बना दिया गया। दुर्योधन जेल से साल 2013 में बाहर निकलने के बाद संगठन से माफीनामा लेकर वह दोबारा शामिल हो गया था। साल 2018 में उसे फिर से झारखंड रीजनल कमेटी का सदस्य बनाया गया और जिलगा सबजोन का जिम्मा दिया गया।मूलरूप से धनबाद जिले के तोपचांची प्रखंड के गेंदनावाडीह का रहनेवाला मिथिलेश सिंह पर बोकारो में कई बड़े घटनाओं में शामिल रह चुका है। खासकर झुमरा पहाड़ पर बने सीआरपीएफ कैंप पर हमला और खासमहल के सीआइएसएफ बैरक पर हमला कर हथियार लूट की घटना में सुर्खियों में मिथिलेश का नाम आया था। वर्ष 2003 में चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन पर स्थित पुलिस थाना में हमला कर करीब दो दर्जन हथियार लूट लिए थे मिथिलेश महत्व पर झारखंड के विभिन्न जिलों में 104 मामले दर्ज हैं बोकारो में 58 चतरा में पांच सरायकेला खरसावां में चार खूंटी में 3 चाईबासा 2 हजारीबाग में 26 धनबाद में एक और गिरिडीह में पांच मामले दर्ज है।

### उपायुक्त ने सर्वे कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश

रांचीः रांची के उपायुक्त राहुल सिन्हा ने शुक्रवार को सर्वे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय) राजेश कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे। बंदोबस्त कार्यालय एवं सर्वे कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त श्री सिन्हा ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्वे कार्य में तेजी लायें। उपायुक्त ने धारा 83 (आपत्ति), धारा 89 (आपत्ति) की सुनवाई की समीक्षा भी की। उपायुक्त ने किस्तवार, खानापुरी, तस्दीक, जांच (रिकॉर्ड) एवं प्रारूप प्रकाशन, फाइनल पब्लिकेशन की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारी को इसे पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बंदोबस्त कार्यालय के सभी पदाधिकारियों/कर्मियों को कार्यालय में लंबित कार्यों का यथाशीघ्र निष्पादन करने को कहा।

## पीएनबी बैंक के क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी कर 1।4 लाख रुपए निकाले, मामला दर्ज

रांचीः राजधानी रांची के सदर थाना में धोखाधड़ी से खाते से 1।4 लाख रुपए निकलने का मामला सामने आया है। पीड़ित मनोज कुमार ने सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि 30 जनवरी को खाते से 1 दिन में 21 बार में 1.4 लाख रुपए निकल गए। आरोपी पीड़ित का मोबाईल हैक कर रुपये निकाले है। इससे पहले मनोज कुमार को मोबाईल नंबर 7384436803 से बिजली बोर्ड के बकाये और बिजली काट देने का मैसेज आया। फिर 7852942602 से राहुल शर्मा नाम से फोन आया और क्वीक सपोर्ट और कस्टमर सपोर्ट नामक दो एप डाउनलोड करवाया। 7001235897 नंबर से लिंक के लिये वाहट्अप भी किया। इसके बाद खाते से रुपये निकाल लिये। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

## अकाउंटेंट जनरल, निगम पदाधिकारी व अरगोड़ा सीओ को हाईकोर्ट ने किया तलब

**रांची**:हिनू स्थित वीर कुंवर सिंह कॉलोनी का रास्ता अकाउंटेंट जनरल (एजी) ऑफिस की ओर से बंद कराए जाने के बाद इसे खुलवाने का आग्रह करने वाली सत्यदेव सिंह की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान अकाउंटेंट जनरल ऑफिस की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वह उसकी जमीन है। उसने अपनी जमीन पर बाउंड्री वॉल दिया है। वहीं प्रार्थी की ओर से कहा गया इस रास्ते को वह 24 साल से इस्तेमाल कर रहे हैं रास्ता बंद करना न्यायसंगत नहीं है।रांची नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पहले इस स्थल का निरीक्षण किया गया है , यहां वैकल्पिक रास्ते का विकल्प तलाशा जा रहा है। कोर्ट ने अकाउंटेंट जनरल और रांची नगर निगम के सक्षम पदाधिकारी एवं प्रार्थी के अलावा अरगोड़ा सीओ को भी को 17 फरवरी को कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि मामले में कोर्ट द्वारा नियुक्त एमिकस क्यूरी की उपस्थिति में अतिक्रमण जगह की नापी कराई जाए। मामले में कोर्ट ने मामले में सत्येंद्र रमित को एमिकस क्यूरी नियुक्त किया है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

## डीजीसीए को बनाया प्रतिवादी, कहा- डायरेक्टर की रिपोर्ट पर जल्द आदेश पारित करें

**रांची**: देवघर एयरपोर्ट में नाइट लेंडिंग शुरू नहीं होने तथा एयरपोर्ट के आसपास की ऊंची बिल्डिंग को तोड़ने से संबंधित याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) को प्रतिवादी बनाया है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जिन नौ मकानों को तोड़ा जाना है, उनके मालिकों से पूछा गया है उन्होंने निर्माण के पूर्व एयरपोर्ट अथॉरिटी से एनओसी लिया था या नहीं। जिस पर मकान मालिकों की ओर से जवाब दे दिया गया।डायरेक्टर देवघर एयरपोर्ट लिमिटेड ने डीजीसीए को रिपोर्ट दे दिया है और डीजीसीए द्वारा मकानों को हटाने के संबंध में आदेश पारित करना है उसके बाद मकान मालिकों को अपने स्तर से निर्धारित ऊंचाई के ऊपर मकान का स्ट्रक्चर तोड़ना है। राज्य सरकार जो देवघर एयरपोर्ट लिमिटेड में एक स्टेकहोल्डर है उसे उन मकान मालिकों को मुआवजा देना है, जिनका मकान टूटेगा। कोर्ट ने डीजीसीए को निर्देश दिया है वह डायरेक्टर देवघर एयरपोर्ट लिमिटेड के रिपोर्ट के आलोक में अगर संभव हो तो एक सप्ताह में आदेश पारित करें। प्रार्थी की ओर से दिवाकर उपाध्याय ने पैरवी की। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 17 फरवरी निर्धारित की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार को निर्देश दिया कि देवघर एयरपोर्ट में जल्द से जल्द नाइट लैंडिंग की सुविधा शुरू की जाए।

## 6 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट

**रांची**:बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के 6 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट झारखंड मिल्क फेडरेशन (मेधा डेयरी) में हुआ है। इनमें से चार लोगों का प्लेसमेंट पशु चिकित्सा पदाधिकारी और 2 लोगों का चारा पदाधिकारी के पद पर हुआ है।प्रारंभिक एक वर्ष की प्रशिक्षण अवधि के दौरान उन्?हें 45 हजार रुपए मासिक मानदेय मिलेगा। प्रशिक्षण अवधि पूरी होने पर वे झारखंड सरकार के राजपत्रित पदाधिकारी का वेतनमान एवं सुविधाएं प्राप्त करने के पात्र होंगे। पशु चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर डॉ अनल बोस, डॉ पल्लबी घोष, डॉ कविश अहसन और डॉ प्रकाश कुमार का चयन हुआ है। कृषि स्नातक सौरभ नंद तिवारी एवं शिव जायसवाल का प्लेसमेंट चारा पदाधिकारी के पद पर हुआ है।प्लेसमेंट के लिए कृषि एवं पशु चिकित्सा संकाय के 40 स्नातकों ने अपना सीवी जमा किया था। इसके आधार पर 17 विद्यार्थियों का साक्षात्कार 31 जनवरी को हुआ। अंतिम रूप से 6 लोगों को चयनित किया गया।पशु चिकित्सा संकाय के प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ प्रवीण कुमार और कृषि संकाय के प्लेसमेंट रिचार्ज डॉ हेमचंद्र लाल ने छात्र-छात्राओं को चयन प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। बीएयू के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह, पशु चिकित्सा संकाय के अधिष्ठाता डॉ सुशील प्रसाद और निदेशक छात्र कल्याण डॉ डीके शाही ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सन्नी सिंह को दिल्ली से रांची पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची**: रांची पुलिस और बंगाल पुलिस के लिए सरदर्द बना कुख्यात अपराधी सन्नी सिंह को रांची पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। सन्नी सिंह उर्फ ऋषभ सिंह पिछले 5 सालों से फरार चल रहा था। सन्नी सिंह रांची के सुखदेव नगर इलाके का रहने वाला कुख्यात अपराधी है। रांची एसएसपी को जानकारी मिली थी कि ऋषभ सिंह उर्फ सनी सिंह दिल्ली में अपना ठिकाना बनाए हुए हैं। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद एसएसपी की स्पेशल टीम ने उसे धर दबोचा है। सन्नी सिंह के ऊपर दर्जनों मामले दर्ज हैं।

## आरपीएफ ने जनवरी में चलाया अभियान, तस्करों से छुड़ाए गए 35 लड़के और 27 लड़कियां

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** आरपीएफ ने ऑपरेशन नारकोस के तहत एक महीने का राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया। इस दौरान आरपीएफ ने 88 मामलों का पता लगाया। साथ ही 4.7 करोड़ रुपए का नार्कोटिक्स तत्व (नार्कोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रापिक सब्सटांस-एनडीपीएस) बरामद किया। वहीं 83 पेडलर्स व 19 ट्रैफिकर्स को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया है। रेल मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि जनवरी 2023 में आरपीएफ ने तस्करों के चंगुल से 35 लड़कों और 27 लड़कियों को छुड़ाने में भी सफलता हासिल की। बताते चलें कि आरपीएफ को रेलवे संपत्ति, यात्री क्षेत्र, यात्रियों और उससे जुड़े मामलों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।रिपोर्ट में बताया गया है कि रेलवे लंबी दूरी के लिए एनडीपीएस की तस्करी का पसंदीदा साधन रहा है। भारत सरकार ने सहायक के पद के ऊपर के आरपीएफ अधिकारियों को अधिकार दिया है कि वे सर्च अभियान चलाने के साथ ही ट्रैफिकर्स को अरेस्ट करते हुए उन्हें कानून को सौंप सकते है। वहीं सामान की जब्ती करने का भी अधिकार दिया गया है।

### एयरपोर्ट पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

रांचीः राजधानी रांची के एयरपोर्ट थाने इलाके से एक युवक को हथियार के साथ एक गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि युवक किसी आपराधिक को वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद एयरपोर्ट थाने की पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। एयरपोर्ट थाने की पुलिस ने बताया कि युवक से पूछताछ की जा रही है, वहीं इस मामले में यह जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है कि युवक किस आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। फिलहाल युवक से पूछताछ जारी है।

## पत्नी का आरोप धोखे में रखकर की शादी, मामला

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** एक महिला ने अपने पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में राजधानी रांची के सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। महिला का आरोप है कि धोखे में रखकर उसने शादी की और शादी के बाद मारपीट कर मानसिक रुप से प्रताड़ित किया। सदर थाना इलाके के प्रगति नगर की रहने वाली महिला ने बताया कि उसकी शादी 18 फरवरी 2021 बड़गाई निवासी युवक से सरना रीति के अनुसार हुई थी। शादी के एक महीने बाद से ही पति उसके साथ मारपीट करने लगा। भोजन पानी का खर्चा बंद कर दिया गया, मांगने पर मारपीट करता था। शादी के कुछ दिन बाद पता चला कि पति का समलैंगिक संबंध किसी अन्य लड़कों के साथ है, इसके अलावे जानवरों के साथ भी वो सेक्स करता है। इस मामले में बात करने पर मारपीट किया जाता है। 25 दिसंबर 2022 को पति के फोन में अन्य पुरुषो से संबंध बनाने का विडियो, फोटो और मैसेज देखा। इस संबंध में पूछने पर मारपीट किया और गंदी गंदी गालियां दी। और बोला जो करना है कर लो कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। सदर थाना में धोखाधड़ी, दहेज उत्पीड़न, मारपीट, गालीगलौज, जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया गया है।

बैठक

### बिहार व झारखंड के पुलिस अधिकारियों की बैठक

# नक्सली संगठन और आपराधिक गिरोह पर नकेल कसने के लिये बनी साझा रणनीति

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** नक्सल अभियान में तेजी लाने और जिले में क्राइम कंट्रोल को लेकर चतरा परिसदन में झारखंड-बिहार के पुलिस अधिकारियों के साथ चतरा एसपी राकेश रंजन के अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक आहूत की गई। इस बैठक में चतरा, पलामू, हजारीबाग और बिहार के गया जिले के पुलिस अधिकारी शामिल थे। दरअसल चतरा जिले में लगातार नक्सल गतिविधि की जानकारी सामने आ रही है। हाल में कई बार पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ भी हो चुकी है, जिसमें पुलिस को सफलता मिली है। बैठक में नक्सली संगठनों के विरुद्ध संयुक्त अभियान लॉन्च करने समेत इंटरस्टेट और इंटर-डिस्ट्रिक क्रिमिनल एक्टिविटी पर लगाम लगाने पर जोड़ दिया गया।चतरा एसपी की अध्यक्षता में नक्सल एवं अपराध पर अंकुश लगाने की रणनीति पर चर्चा की गई। इस बैठक में अंतरराज्यीय नक्सली और अपराधियों की धड़पकड़ में एक-दूसरे का सहयोग तथा नशीले पदार्थों, नशीली दवाइयों पर समन्वय के साथ कार्य करने पर सहमति बनी। इससे जिले सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने में मदद मिलेगी।झारखंड के चतरा जिला की सीमा अन्य राज्यों को छूती हैं। कई बार नक्सली संगठन और आपराधिक गिरोह घटनाओं को अंजाम देने के बाद पड़ोसी राज्य में शरण ले लेते है। इसके साथ ही सीमावर्ती जिलों से शराब, नशीली दवाइयों की तस्करी की शिकायतें भी सामने आती रहती है। इन तमाम बिंदुओं पर चर्चा कर आपसी समन्वय पर जोर दिया गया। बैठक में एसडीपीओ मतरा, सिमरिया, डीएसपी (मु) चतरा, एसडीपीओ शेरघाटी, इमामगंज गया, बिहार, एसडीपीओ बरही हजारीबाग, एसडीपीओ लेस्लीगंज पलामु सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

